संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 26 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 325 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




वक्फ संशोधन विधेयक पर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में शामिल विपक्षी सदस्यों ने सोमवार को लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की।

## संसद सत्र के पहले दिन जमकर हंगामा

● लोकसभा में गूंजा अडाणी का मुद्दा, राज्यसभा में धनखड़-खड़गे के बीच नोंक-झोंक

**बहस हुई**

▶▶ लोकसभा में कांग्रेस नेताओं ने जमकर नारेबाजी की। सपा ने नेताओं ने संभल में हुई हिंसा का मुद्दा भी उठाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: संसद** की शीतकालीन सत्र का पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। लोकसभा में कांग्रेस सांसदों ने अडाणी मुद्दे पर हंगामा किया। वहीं राज्यसभा में इस मुद्दे पर स्पीकर जगदीप धनखड़ और नेता प्रतिपक्ष खड़गे के बीच नोंक झोंक हो गई। लोकसभा में कांग्रेस नेताओं ने जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के नेताओं ने यूपी के संभल में हुई हिंसा का मुद्दा भी उठाया। विपक्षी सांसदों के हंगामे की बीच लोकसभा की कार्यवाही 27 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**राज्यसभा में खड़गे-धनखड़ में नोंकझोंक**

लोकसभा की तरह राज्यसभा में भी अडाणी मुद्दे पर हंगामा हुआ। सत्र की शुरूआत ही राज्यसभा के स्पीकर जगदीप धनखड़ और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच तीखी नोंक-झोंक से हुई। स्पीकर धनखड़ ने सांसदों से संविधान के 75 साल पूरे होने पर मयार्दा बनाए रखने की अपील की। इस पर खड़गे ने जवाब दिया कि इनमें से 54 साल से मैं भी सदन में हूं। मेरे योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। इस पर धनखड़ ने खड़गे से कहा मैं कि मैं आपका बेहद सम्मान करता हूं। आप इस तरह से बात कर रहे हैं। इससे मुझे दुख हुआ है। प्रतिक्रिया पर दुख जताया। इस गर्म माहौल के कारण राज्यसभा की कार्यवाही 27 नवंबर तक स्थगित करनी पड़ी।

**वक्फ विधयेक को लेकर स्पीकर से मिले टीमएसी सांसद**

इस संसदीय सत्र के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक पेश किए जाने की चर्चा है। इस बीच संसद सत्र के पहले दिन टीएमसी के सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की। टीएमसी सांस कल्याण बनर्जी ने ओम बिरला से मिलने के बाद कहा कि जेपीसी के अध्यक्ष हमारी बातों को नहीं सुन रहे। इस पर जल्दबाजी में रिपोर्ट नहीं सौंपी जा सकती। स्पीकर ने हमें कहा भरोसा दिया है कि वह कमेटी का कार्यकाल बढ़ाएंगे। स्पीकर ने विपक्षी सांसदों से कहा कि हर किसी की बात सुनी जाएगी। कांग्रेस सांसद अजय राय के अगुवाई में पार्टी के नेताओं ने संसद भवन परिसर मे महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने संभल हिंसा के खिलाफ मौन प्रदर्शन किया।



### लोकसभा में अडाणी पर हंगामा

**लोकसभा** में अडाणी ग्रुप से जुड़े आरोपों पर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। राहुल गांधी और अन्य नेताओं ने संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग की। अमेरिकी अदालत में अडाणी ग्रुप पर रिश्वत के आरोपों ने संसद का माहौल और गरमा दिया। पीएम मोदी ने विपक्ष पर संसद में बाधा डालने और जनता की उम्मीदों को तोड़ने का आरोप लगाया।

**डिजिटल पेन से सांसद लगाएंगे अटेंडेंस:** इस सत्र में लोकसभा के सांसद डिजिटल पेन से अपनी अटेंडेंस दर्ज कर सकेंगे।

संसद को पेपरलेस बनाने की दिशा में यह नया कदम उठाया गया है। संसद की लॉबी में इलेक्ट्रॉनिक टैब्स लगाए गए हैं।

### अडाणी मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया। इस बीच कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने अडाणी समूह के कथित कदाचार और इस मुद्दे पर जेपीसी गठन के मुद्दे पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है। कांग्रेस के हिबी ईडन ने भी गौतम अडाणी के खिलाफ अभियोग के मुद्दे पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। इसके अलावा सीपीआई (एम) के राज्यसभा सदस्य जॉन ब्रिटास ने शून्यकाल नोटिस दिया है और केरल के वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के लिए केंद्र सरकार से विशेष वित्तीय सहायता की मांग की है। हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने 'कल उत्तर प्रदेश के संबल में पुलिस गोलीबारी' के मुद्दे पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है।

## संसद में हुड़दंगबाजी न करें: पीएम

**नसीहत**

▶▶ हुड़दंगबाजी से संसद को नियंत्रित करने की कोशिश करने वालों को जनता ने नकारा: प्रधानमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र बहुत उत्पादक होगा और उम्मीद जताई कि इससे भारत की वैश्विक स्थिति को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के बाहर शीतकालीन सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि संसद के समय का उपयोग और सदन में हमारा व्यवहार ऐसा होना चाहिए जिससे वैश्विक स्तर पर भारत को जो सम्मान मिला है, वह और मजबूत हो। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 80-90 बार जनता ने जिनको लगातार नकार दिया है, वे ना संसद में चर्चा होने देते हैं, ना लोकतंत्र की भावना का सम्मान करते हैं, ना ही वो लोगों की आकांक्षाओं का कोई महत्व समझते हैं। परिणाम स्वरूप जनता को बार-बार उनको रिजेक्ट करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शर्त है कि हम जनता की भावनाओं का सम्मान करें।

### मुंबई समेत कई शहरों में सीएनजी की कीमत में दो रुपये का इजाफा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुंबई सहित देश के कई शहरों में विधानसभा चुनाव खत्म होते ही महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) और इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) के कीमतों में 2 रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया है, लेकिन चुनावी राज्य दिल्ली में उपभोक्ताओं को इससे छूट दी गई है। नई दरें लागू हो गई हैं। मुंबई में सीएनजी की कीमत में 2 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी के बाद इसकी कीमत 75 रुपये प्रति किलोग्राम से 77 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है।

## संविधान दिवस यह राजनीति से ऊपर: किरेन रिजिजू

**उत्सव**

▶▶ संविधान दिवस का कार्यक्रम राजनीति से ऊपर है और देश का उत्सव है। कार्यक्रम की जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** संसद में मंगलवार को होने वाले संविधान दिवस कार्यक्रम को लेकर सरकार और विपक्ष आमने-सामने है। विपक्ष ने मांग की है कि संविधान दिवस समारोह के दौरान दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं को बोलने की अनुमति दी जाए। इसे लेकर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार किया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संविधान दिवस का कार्यक्रम राजनीति से ऊपर है और देश का उत्सव है। उन्होंने पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह सिर्फ भारत की संसद का उत्सव नहीं है। एक तरह से हम भारत के संविधान का सम्मान कर रहे हैं और इसकी बातों को देश की जनता के सामने ला रहे हैं। हम संविधान निमार्ताओं को

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

### ग्रैप प्रतिबंधों में ढील देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण के मद्देनजर ग्रैप प्रतिबंधों में ढील देने से साफ इनकार कर दिया है। इस मामले







# खंभे से लेकर कार-पेड़ तक को उड़ाया, फिर मचाया मार्केट में कोहराम; एक की मौत...



**टीम एक्शन इंडिया**

**खुर्जा** : उत्तर प्रदेश के खुर्जा में एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे खड़े वाटर सप्लायर को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक पहले खंभे, कार, पेड़, मशीन और अन्य समान को तोड़ता हुआ मार्केट में जा घुसा। नेहरूपुर चुंगी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े वाटर सप्लायर को कुचल दिया। इसमें वाटर सप्लायर की मौत हो गई। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि सड़क किनारे बिजली के खंभे, पेड़, मशीन और अन्य समान को भी तोड़ दिया। वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने भाग कर वहां से जान बचाई।

नेहरूपुर चुंगी के पास मौजूद दुकानदार अंकित ने बताया कि सोमवार सुबह करीब सवा दस बजे दुकान खोल कर समान लगा रहे थे। तभी मुंडा खेड़ा चौराहा की ओर से एक तेज रफ्तार में ट्रक आ रहा था जो दुकान के सामने अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे स्थित दुकानों से टकरा गया। ट्रक इस दौरान सड़क किनारे पर कार (ओमनी वैन) में से पानी का जग उतार रहे रिंकू (24) निवासी नेहरूपुर गांव को कुचलता हुआ चला गया। ट्रक की रफ्तार कितनी तेज थी कि उसने बिजली के सीमेंटेड खंभे को भी तोड़ दिया और दुकानों के बाहर रखी ग्लेज मशीन, टीन शेड, पेड़ और दीवारों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं हाथ से की सूचना पर रिंकू के पिता व अन्य परिजन भी पहुंच गए। मृतक रिंकू को देख परिजन बिलख उठे। पीड़ित पिता पप्पू मृत बेटे को देख बेहोश हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को अस्पताल पहुंचाया और आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। प्रशिक्षु सीओ प्रखर पांडे ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है। उसके स्वास्थ्य परीक्षण के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**हिरासत में**

**प्रशिक्षु सीओ प्रखर पांडे ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है**

## आचार संहिता खत्म होते ही विकास को मिलेगी रफ्तार

**गाजियाबाद।** विधानसभा उपचुनाव के चलते लागू आचार संहिता खत्म होने के बाद अब हरनंदीपुरम सहित विकास के कई प्रोजेक्ट को रफ्तार मिलेगी। हरनंदीपुरम में किस रेट पर जीडीए किसानों से जमीन खरीदेगा, इसका निर्णय जल्द ही जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में गठित कमेटी देगी। हरनंदीपुरम को बसाने के लिए यदि जीडीए को जरूरत के अनुसार जमीन नहीं मिली तो वह कम पड़ रही जमीन को अधिग्रहण जिला प्रशासन के माध्यम से कराएगा। हरनंदीपुरम प्रोजेक्ट को लेकर सर्वे का कार्य होने के बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी को जमीन का रेट तय करना है। रेट तय होने के बाद जीडीए द्वारा जिला प्रशासन की मदद से जमीन को खरीदने की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा।

## बुलंदशहर खाना खाने के बाद बिगड़ी परिवार के चार लोगों की तबीयत

**बुलंदशहर** : उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले से बड़ी खबर है। खाना खाने के बाद परिवार की तबीयत बिगड़ गई। जिससे दादा-पोते की मौत हो गई, जबकि कई का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, बुलंदशहर के नरसेना थाना इलाके के गांव महमूदपुर बरवाला में रहने वाले कलुआ (55) रविवार शाम कस्बा दौलतपुर कलां से खाने के लिए भुने हुए चने लेकर घर पहुंचे थे। जिसको कलुआ, उनकी पत्नी जोगेंद्री देवी (40), आठ वर्षीय पुत्री शिवानी, आरती, माही और प्रिया और उनके भाई के पोते छह वर्षीय लव्य पुत्र नरेश ने खाया था।

# कानून मंत्री ने किया 'भारत का संविधान' पुस्तक का लोकार्पण



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: '**संविधान** दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध लेखक एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाणा की पुस्तक विद्यार्थियों हेतु भारत का संविधान का लोकार्पण किया गया। पुस्तक का लोकार्पण कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया। इस मौके पर न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता (सेवानिवृत) भी मौजूद रहे। इस पुस्तक की भूमिका केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने स्वयं लिखी है। पुस्तक का लोकार्पण करते हुए अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह पुस्तक संविधान को जानने और समझने की इच्छा रखने वाले हर उम्र के लोगों के लिए है। पुस्तक लोकार्पण के मौके पर किशोर मकवाणा ने कहा कि भारतीय संविधान लोकतंत्र की आत्मा है। लोकतंत्र में आस्था रखने वाले लोगों की आशा और श्रद्धा का केंद्र है। संविधान को जानना-समझना हर भारतीय, विशेषकर विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। संविधान को समझने से वे भारत के नागरिक के रूप में अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानेंगे। उनमें लोकतंत्र, समानता और न्याय के सिद्धांतों के प्रति गहरी समझ विकसित होगी। इस पुस्तक का एक ही उद्देश्य है स्कूल-कॉलेज के छात्र एवं किशोर-युवाओं को संविधान के प्रति जागृत करना। उल्लेखनीय है कि पुस्तक को भारतीय संविधान सरल और सुलभ तरीके से समझाने की दृष्टि से डिजाइन किया गया है। जटिल अवधारणाओं को आसान भाषा में समझाया गया है तथा संविधान की मूल प्रति के चित्रों का भरपूर उपयोग किया गया है। पुस्तक 'संविधान की अवधारणा और यह महत्त्वपूर्ण क्यों है,' इसका परिचय देकर शुरू होती है। यह बताती है कि संविधान देश के लिए एक नियम पुस्तिका की तरह है, जो नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों को बताती है और यह निर्धारित करती है ।

**समानता**

**यह पुस्तक संविधान को जानने और समझने की इच्छा रखने वाले हर उम्र के लोगों के लिए है : मेघवाल**

# बारापुला पुल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा

**सौंदर्यीकरण**

**एलजी की सक्रियता के बाद इस पुल से वर्षों से चला आ रहा अतिक्रमण हटाया जा सका है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: ऐतिहासिक** बारापुला पुल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके ऊपर से अतिक्रमण हटाने के बाद गेट लगाकर इसे अतिक्रमणकारियों से बचाया जा रहा है। कुछ माह पहले एलजी वी के सक्सेना की सक्रियता के बाद इस पुल से वर्षों से चला आ रहा अतिक्रमण हटाया जा सका है। अब यहां पर लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी तथा इसके इतिहास से रूबरू कराने वाले सूचना बोर्ड लगेंगे। पुल के ऊपर दिल्ली के इतिहास और क्षेत्र में स्थित अन्य स्मारकों के बारे में जानकारी दी जाएगी । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) इसके लिए योजना बना रहा है । इस ऐतिहासिक बारापुला के नाम पर एक नाले का नाम पड़ा और अब इसी नाम से सात किलोमीटर एलिवेटेड रोड बना है जिसे अगले वर्ष 10 किलोमीटर किया जाना है। मगर लोगों को इस ऐतिहासिक बारापुला पुल के बारे में जानकारी नहीं है। एएसआई यह प्रयास करने जा रहा है कि इस पुल की पहचान लौटे। इस पुल का निर्माण 1612 से 13 से लेकर 1621-22 के मध्य हुआ है। कुछ इतिहासकार इसका निर्माण मुगल बादशाह जहांगीर के कार्यकाल 1612 से 13 में भी बताते हैं। कहा जाता है कि बादशाह ने इस पुल का निर्माण हुमायूं का मकबरा और निजामुद्दीन दरगाह और आगरा की ओर जाने आने के लिए कराया था।

आगरा से आने जाने वालों के लिए उस समय यह मुख्य मार्ग था और नाला पार करने के लिए यह पुल बनाया गया था जो उस समय इस इलाके का इकलौता था।

### पुल की कैमिकल क्लीनिंग कराई जाएगी

एएसआई की योजना के तहत सबसे पहले इस पुल का बड़े स्तर पर संरक्षण कार्य कराया जाएगा। वर्षों से उपेक्षित इस पुल के नीचे के भाग में आ चुकीं दरारों को भरा जाएगा। इसके ऊपर भी जरूरत के हिसाब से संरक्षण कार्य कराया जाएगा। इसके बाद इसकी कैमिकल क्लीनिंग कराई जाएगी, जिससे यह साफ सुथरा दिख सके। एएसआई के दिल्ली मंडल के अधीक्षण पुरातत्वविद प्रवीण सिंह कहते हैं कि लंबे समय से इस पुल पर अवैध कब्जे थे जिसे अब हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास अब इस पुल को उसकी पहचान दिलाना है।

# रशीद इंजीनियर ने अंतरिम जमानत की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: जम्मू कश्मीर टेरर फंडिंग मामले के आरोपित और बारामूला के सांसद रशीद इंजीनियर ने पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर कर संसद के सत्र में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की है। प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज विमल यादव ने एनआईए से जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर को होगी। सोमवार को सुनवाई के दौरान एनआईए और रशीद इंजीनियर दोनों की ओर से कहा गया कि फिलहाल इस मामले को दूसरी कोर्ट में ट्रांसफर नहीं किया जाए। रशीद इंजीनियर ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये कोर्ट में पेश होकर कहा कि मुझे लोगों ने चुना है और संसद के पिछले सत्र में मुझे हिस्सा नहीं लेने दिया गया। रशीद ने हाथ जोड़कर कहा कि उसे संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए

**उत्तर रेलवे**

**निरस्तीकरण**

"स्टोर डिपो, जेयूडीडब्ल्यू की लाइटिंग और वायरिंग व्यवस्था को मॉडल डिपो के रूप में विकसित किया जाना है" कार्य के लिए निविदा दिनांक 13.12.2024 को 11:30 बजे खुलने वाली थी। **प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है।** 3624/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी. आर.एम.ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम व स्थानः** दिल्ली मंडल पर स्विचिंग पोस्ट के मौजूदा भवन का नवीनीकरण।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत | Rs.1,01,48,755.73/- |
| बयाना राशि | Rs. 2,00,800/- |
| ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 04.12.2024 (10.30बजे) से 18.12.2024 (15.00बजे तक) |
| ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 18.12.2024 (15.00 बजे) |
| निविदा छपाई की लागत | 20364203 |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या – 29A.क.वि. – नई दिल्ली–2024–25

दिनांक : 22.11.2024 3627/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "स्टोर डिपो, जेयूडीडब्ल्यू की प्रकाश और तारों की व्यवस्था मॉडल डिपो के रूप में विकसित की जाएगी"। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 16.12.2024 प्रातः 11:45 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 22.11.2024 |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | ₹44,69,585.75 सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | ₹89,400/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | NIL (अप्रैल 2022 के भाग-I खण्ड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 90 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 02.12.2024 | बोली समापन तिथि | 16.12.2024 प्रातः 11:45 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

सं.: 56/डब्ल्यू/इलेक्ट्रिक/24–25/टी/16/मॉडल डिपो 3625/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2024-213 **दिनांकः** 22.11.2024

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/ झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - कंस्ट्रक्शन ऑफ़ 8 यूनिट्स आरबी II स्टाफ क्वार्टर इन ल्यू ऑफ़ डिलैपिडेटिड आरबी I क्वार्टर इन वेस्ट कॉलोनी झाँसी।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹18386596.33 **अमानत राशि (रू):** ₹241900.00

**निविदा बन्द होने की तिथि: 17.12.2024 15:00 hrs**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

- निविदा **दिनांक 17.12.2024** को **15.00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। **2028/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा संख्या: 31A-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक : 22.11.2024

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल पर डीएसडीसी ट्रेनों के संचालन के संबंध में आरओबी/एफओबी के तहत आवश्यक 25 केवी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 2,37,26,550.04/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 2,68,600/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 04.12.2024 (10:30 बजे) से 18.12.2024 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 18.12.2024 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

3619/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे**

लाजपत नगर–I, लाजपत नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास, नई दिल्ली – 110024, वेबसाईटः www.rrcnr.org

आपका ध्यान इस कार्यालय द्वारा पूर्व प्रकाशित नोटिस दिनांक 09.10.2024 की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें वर्ष 2023 – 24 से वर्ष 2025 – 2026 की जी.डी.सी.ई. अधिसूचना में अधिसूचित विभिन्न पदों की भर्ती के लिए कम्प्युटर आधारित टेस्ट (सी.बी.टी.) परिणाम और पैनल आदि के प्रसंस्करण सहित सभी संबन्धित गतिविधियों का संचालन करने के लिए एजेंसी (ई.सी.ए.) की नियुक्ति हेतु खुली ई – निविदा आमंत्रित की गई थी।

ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से प्रस्ताव/बोली प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय अब बढ़कर दिनांक 11.12.2024 को 14:00 बजे हो गया है।

3622/2024 अध्यक्ष/आर.आर.सी./एन.आर./नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 5.30 लाख बुजुर्गों की पेंशन फिर से शुरू

## हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये, 80 हजार नए बुजुर्ग इस योजना में जोड़े जा रहे हैं: अरविंद केजरीवाल

**घोषणा**

**60-69 साल के बुजुर्गों को 2000 और 70 से ऊपर के बुजुर्गों को 2500 रुपये हर माह मिलेंगे**






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली चुनाव से पहले बुजुर्गों के लिए बड़ी घोषणा की है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के बुजुर्गों की पेंशन फिर से शुरू कर दी गई है। उन्होंने घोषणा की कि 60 से 69 साल के बुजुर्गों को हर महीने 2000 रुपये और 70 से ऊपर के बुजुर्गों के लिए 2500 रुपये हर महीने पेंशन के रूप में मिलेगी। केजरीवाल ने कहा कि 80 हजार नए बुजुर्ग इस योजना में जोड़े जा रहे हैं। इससे अब दिल्ली के 5.30 लाख बुजुर्गों को पेंशन मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद हमें मिलेगा तो हमारा राजस्व भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में दिल्ली के बुजुर्गों को सबसे ज्यादा पेंशन मिल रहा है। इसे कैबिनेट ने भी पास कर दिया था और इस योजना को लागू कर दिया गया है। पिछले 24 घंटे में 10 हजार लोगों ने आवेदन भी कर दिए हैं।

**पहले सिर्फ एक हजार रुपये मिलती थी पेंशन: केजरीवाल**

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने से पहले दिल्ली में भी बुजुर्गों को एक हजार प्रति माह ही पेंशन थी, हमारी सरकार ने इसे दोगुना किया है।

## उपराज्यपाल ने दिल्ली लीगल मेट्रोलॉजी रूल्स के संशोधन की मंजूरी दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को दिल्ली लीगल मेट्रोलॉजी रूल्स, 2011 में प्रमुख संशोधनों को केंद्र सरकार के नियमों के साथ संरेखित करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। इसकी मदद से खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं और निमार्ताओं की गड़बड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकेगी।



उपराज्यपाल ने कहा कि संशोधन निष्पक्ष बाजार प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए जन विश्वास अधिनियम, 2023 के तहत केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पेश किए गए परिवर्तनों के अनुरूप हैं। इन बदलावों में दिल्ली लीगल मेट्रोलॉजी (प्रवर्तन) संशोधन नियम, 2011 की अनुसूची कमें संशोधन शामिल है, जो गैर-मानक वजन या माप के उपयोगकताओं और निमार्ताओं पर जुमार्ना बढ़ाता है।

# स्वाति मालीवाल ने किया बुराड़ी का दौरा, उजागर की क्षेत्र की दयनीय स्थिति

**दौरा**

**बुराड़ी इलाके के लोगों ने मुझे अपने इलाके का हाल दिखाने के लिए यहां बुलाया था**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) की सांसद स्वाति मालीवाल ने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने स्थानीय निवासियों की दुर्दशा का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि लाखों पूर्वांचली परिवारों का बसेरा होने के बावजूद बुराड़ी की स्थिति दिल्ली सरकार के विकास के बड़े-बड़े दावों के बिलकुल विपरीत है। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो जारी किया और इस पोस्ट में उन्होंने लिखा कि दिल्ली के बुराड़ी का नर्क से बुरा हाल है। बुराड़ी इलाके के लोगों ने मुझे अपने इलाके का हाल दिखाने के लिए यहां बुलाया था। यहां लाखों पूर्वांचली लोग रहते हैं। आपको आकर यहां के हालात देखने चाहिए। सड़कों का बुरा हाल हो चुका है। अपने दौरे के दौरान स्वाति मालीवाल ने क्षेत्र की बदहाल स्थिति का प्रत्यक्ष अनुभव किया। उन्होंने जर्जर सड़कों को देखा, जो गड्ढों से भरी हुई थीं, गली-मोहल्लों में गंदे पानी और सीवर के ओवरफ्लो की समस्या को देखा। जगह-जगह कचरे के ढेर बिखरे हुए मिले। स्थानीय निवासियों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कई महिलाओं ने शिकायत की कि क्षेत्र में पानी तो भरा रहता है लेकिन उनके नलों में पानी नहीं आता। जब कभी पानी आता भी है तो वह पीने लायक नहीं होता। लोग मजबूर होकर दुकानों से पानी खरीद रहे हैं। यहां के निवासियों ने यह भी बताया कि बुराड़ी में एक भी बस स्टॉप नहीं है।

# दिल्ली की हवा में सुधार, एक्यूआई 281 हुआ दर्ज

**नई दिल्ली: सोमवार** सुबह दिल्ली के लागों के लिए थोड़ी राहत लेकर आई। पिछले 22 दिनों से बेहद खराब और खतरनाक श्रेणी में चल रहे वायु प्रदूषण स्तर सुधर कर एक्यूआई 300 के नीचे आ गया है। राजधानी के 38 स्टेशनों में 15 स्टेशनों पर एक्यूआई 300 के पार रिकॉर्ड किया गया। बाकी स्थानों में प्रदूषण का स्तर खराब श्रेणी में रिकॉर्ड किया गया। प्रदूषण के स्तर में सुधार को देखते हुए आज वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की बैठक हो सकती है और ग्रेप 4 की पाबंदियां हटाई जा सकती हैं।

# अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित किया जाएगा: देवेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: तीसरे** चरण के 17वें दिन कांग्रेस की दिल्ली न्याय यात्रा अंबेडकर नगर विधानसभा, संगम विहार और बदरपुर विधानसभा में निकाली गई। इसकी शुरूआत अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित जे ब्लॉक दक्षिणी पुरी में हुई। बता दें, दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस यह यात्रा पूरी दिल्ली में निकाल रही है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि 2025 में यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो हर घर तक साफ पानी पहुंचाने के साथ ही अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की दिशा और दशा बदलकर जनता के साथ मिलकर एक बड़े बदलाव के लिए न्याय यात्रा से लोगों को आशा की किरण दिखाई दी है कि कांग्रेस फिर एक बार दिल्ली का उद्धार और विकास करेगी।

**मोदी सरकार घरों को किराए की योजना का प्रस्ताव लाई**

देवेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2007 में जेएनएनयूआरएम मिशन के तहत शहरी गरीबों के लिए घर बनाने का काम शुरू किया। राजीव रत्न आवास योजना के तहत लगभग 2 हजार करोड़ की राशि से 45 हजार फ्लैट बनकर आवंटन के लिए तैयार थे। मोदी सरकार आवंटन के लिए तैयार घरों को किराए की योजना (अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग स्कीम) में शामिल करने का प्रस्ताव लेकर आ गई। इसका नतीजा है कि गरीबों को अब तक यह मकान नहीं मिल सका।

**कांग्रेस ने 1,797 कॉलोनियों के नियमित**

**उन्होंने** कहा कि झुग्गी-झोपड़ी वालों को जहां-झुग्गी, वहीं मकान का सपना दिखा धोखा देने का काम किया गया। कांग्रेस ने 1,797 अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितिकरण का काम शुरू किया था। मोदी सरकार के शुरूआती 5 वर्षों में आरोप-प्रत्यारोप को छोड़ इस पर कोई काम नहीं हुए। पिछले लोकसभा चुनाव-2019 में पीएम ने अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले 40 लाख लोगों को मालिकाना हक देने का वादा किया।

# न्यू अशोक नगर इलाके में चला एमसीडी का बुलडोजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** नगर निगम (एमसीडी) ने सोमवार को न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन के पास से अतिक्रमण को हटाया। रेहड़ी और अस्थायी दुकानों को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। यहां पर अतिक्रमण को लेकर एक याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई थी। हाई कोर्ट के आदेश के बाद निगम ने सक्रियता दिखाते हुए कार्रवाई की है।

# काला जठेड़ी गैंग का शूटर हथियार के साथ गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** काला जठेड़ी गैंग के एक शार्प शूटर को छावला थाना पुलिस टीम ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान इकबाल उर्फ मिक्कू के रूप में हुई है। इसके पास से चोरी की स्कूटी, जिंदा कारतूस और कंट्री मेड पिस्टल बरामद किया गया। पता चला कि यह दिल्ली पुलिस का घोषित बदमाश है और इसके ऊपर कई मामले चल रहे हैं। यह हत्या के प्रयास, एक्सटॉर्शन, आर्म्स एक्ट के मामलों में शामिल रहा है। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि एसीपी रिछपाल सिंह की देखरेख में एसएचओ राजेश शर्मा, हेड कांस्टेबल महेंद्र और हेतराम की टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर इसके बारे में जानकारी इकट्ठा की। इसे रविवार



शाम पपरावट गांव के एक क्रिकेट ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार 2022 में इसने बाबा हरिदास नगर इलाके में एक्सटॉर्शन मनी डिमांड करने के लिए कारोबारी के यहां गोली चलाई थी। जब पुलिस टीम ने इसे ट्रैक किया तो उसने पुलिस टीम पर भी गोली चलाई थी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने मुठभेड़ में इसे गिरफ्तार किया था।



# वर्ष 2030 तक राज्य का हर युवा हुनरमंद और वित्तीय रूप से समृद्ध बने: सीएम

### मुख्यमंत्री ने हिसार में जाट शिक्षण संस्था के 100 वर्ष पूरा होने व चौधरी छाजू राम की 159वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में की शिरकत

**कौशल युक्त**

**राज्य सरकार युवाओं को उच्चतर एवं कौशल युक्त शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत: नायब सिंह**





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार का संकल्प है कि वर्ष 2030 तक राज्य का हर युवा हुनरमंद हो और वित्तीय रूप से समृद्ध बने। इसके लिए सरकार द्वारा शिक्षा के साथ-साथ युवाओं के कौशल विकास पर भी बल दिया जा रहा है। वर्तमान राज्य सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में 2 लाख युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना पर्ची-खर्ची के सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री आज जिला हिसार में जाट शिक्षण संस्था के 100 वर्ष पूरा होने व चौधरी छाजू राम जी की 159वीं जयंती के उपलक्ष्य में छाजू राम मेमोरियल जाट महाविद्यालय में आयोजित समारोह में उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छाजू राम मेमोरियल जाट महाविद्यालय में योगा एवं इनडोर एक्टिविटी मल्टीपर्पज हॉल का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने ऐच्छिक कोष से जाट शिक्षण संस्था को 31 लाख रुपये का अनुदान देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि दानवीर सेठ छाजू राम ने देश में शिक्षा की लौ जलाकर कर लोगों को अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने का काम किया। उन्होंने शिक्षा के प्रचार-प्रसार विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्र के विकास में उनके द्वारा दिया गया योगदान हमेशा रहेगा अविस्मरणीय रहेगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज हम जो विकसित हरियाणा देख रहे हैं, उसे बनाने में ऐसी संस्थाओं ने महान योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जाट शिक्षण संस्थाओं जैसी सभी संस्थाओं ने प्रदेश तथा देश के विकास में अहम योगदान दिया है। सेठ छाजूराम शिक्षा के महत्व को भली भांति जानते थे। इसीलिए उन्होंने शिक्षा पर बल देते हुए अनेक शिक्षण संस्थान स्थापित किये, इन शिक्षण संस्थाओं ने देश को अनेक आईएएस अधिकारी, न्यायाधीश, खिलाड़ी, वैज्ञानिक तथा राजनेता दिए हैं, जिन्होंने भारत का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित करने का काम किया है।

**पिछले 10 वर्षों में शिक्षा के वर्ष 2025 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो उन्हें रोजगार सक्षम बनाए, चरित्रवान बनाए और उनमें नैतिक गुणों का समावेश करे। इसी दिशा में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है।
केन्द्र सरकार ने इस नीति को वर्ष 2030 तक लागू करने का लक्ष्य रखा है, परन्तु हरियाणा में इसे वर्ष 2025 तक ही पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा। यह नीति लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है।

## प्रचार और प्रसार के लिए उठाए अनेक कदम: सीएम सैनी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सेठ छाजूराम जी के आदर्शों पर चलते हुए हरियाणा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में शिक्षा के प्रचार और प्रसार के लिए अनेक कदम उठाए हैं। सरकार ने प्रदेश में हर 20 किलोमीटर की दूरी पर कॉलेज खोले हैं। पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में कुल 77 नये राजकीय कॉलेज खोले गए, जिनमें से 32 लड़कियों के हैं। प्रदेश में महाविद्यालयों की संख्या बढ़कर 182 हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर बच्चे को प्राथमिक शिक्षा मिले, माध्यमिक शिक्षा के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा के विद्यार्थियों को विशेषज्ञता से युक्त शिक्षा मिले। इसी दिशा में प्रदेश में उच्चतर शिक्षा परिषद् की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि बारहवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले गरीब परिवार के होनहार विद्यार्थियों के लिए मेधावी छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। इसके तहत विद्यार्थी को 1 लाख 11 हजार रुपये पुरस्कार के रूप में दिये जा रहे हैं।

## सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कर रही काम: ढांडा

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से उन्नति कर रहा है। इसमें दानवीर सेठ छाजू राम का विशेष योगदान है। वर्तमान राज्य सरकार भी सेठ छाजू राम के दिखाये मार्ग पर चलकर सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने से पहले युवा यह सोचते थे कि पढ़े या नहीं पढ़ें। लेकिन अब युवा पढ़ाई कर रहे हैं क्योंकि उनमें यह विश्वास जग गया है कि मेहनत करने से बड़े से बड़े सरकारी पद को प्राप्त किया जा सकता है। गरीब से गरीब परिवारों के बच्चे भी अपनी मेहनत के दम पर सरकार नौकरी हासिल कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने शिक्षण संस्थान को 21 लाख रुपए की राशि देने की भी घोषणा की।इस अवसर पर रणधीर पनिहार, भाजपा के महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

# सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय पूरक परीक्षा का परिणाम घोषित

**रिजल्ट**

**सैकेण्डरी शैक्षिक परीक्षा का परिणाम 62.80 व सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक परीक्षा का परिणाम 59.19 रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा अक्तूबर-2024 में आयोजितकरवाई गई सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय पूरक परीक्षा का परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। यह परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इस आशय की जानकारी देते हुए बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सैकेण्डरी शैक्षिक पूरक परीक्षा का परिणाम 62.80 प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में 5022 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए थे, जिनमें से 3154 उत्तीर्ण हुए तथा 1621 परीक्षार्थियों की कम्पार्टमेंट (ए.कड.ढ.) आयी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में प्रविष्ट हुए 3138 छात्रों में से 62.46 पास प्रतिशतता के साथ 1960 छात्र पास हुए तथा 1884 छात्राओं मे से 63.38 पास प्रतिशतता के साथ 1194 छात्राएं पास हुई। उन्होंने आगे बताया कि सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक पूरक परीक्षा का परिणाम 59.19 प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में 6900 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए थे, जिनमें से 4084 उत्तीर्ण हुए तथा 2647 परीक्षार्थियों की कम्पार्टमेंट आयी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में 4543 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से 2717 छात्र पास हुए, जिनकी पास प्रतिशतता 59.81 रही तथा प्रविष्ट हुई 2357 छात्राओं मे से 1367 छात्राएं पास हुई, जिनकी पास प्रतिशतता 58.00 रही। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय पूरक परीक्षा का परिणाम 67.23 प्रतिशत रहा है। इस परीक्षा में 16976 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए थे, जिनमें से 11413 उत्तीर्ण हुए तथा 5563 परीक्षार्थियों की रि-अपीयर आयी है।

## स्टॉक मार्केट में निवेश का झांसा देकर लाखों की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद:** साइबर थाना पुलिस ने सरकारी अध्यापक को स्टॉक मार्केट में निवेश का झांसा देकर 22 लाख 66 हजार रुपये हड़पने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस को दी शिकायत में अर्बन एस्टेट निवासी अमरजीत ने सोमवार को बताया कि वह कंडेला के सरकारी स्कूल में अध्यापक के तौर पर ड्यूटीरत है। एक सितंबर को उसके मोबाइल वाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया। मैसज करने वाली ने खुद को अनाया शर्मा और स्टॉक मार्केट की एक्सपर्ट बताया। मैसेज करने वाली अनाया ने कहा कि वह उसे स्टॉक मार्केट के बारे में बताएगी और उसे अच्छा लाभ दिलवाएगी।

# 80 करोड़ के नए हेलीकॉप्टर में उड़ेगी हरियाणा सरकार



**नया खर्चा**

**मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पुराने हेलीकॉप्टर में तकनीकी समस्याएं सामने आ रही थी**

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा की सरकार अब अस्सी करोड़ के नए हेलीकॉप्टर हेलीकॉप्टर में उड़ान भरेगी। हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुशल मंगल की कामना के साथ हेलीकॉप्टर की पूजा अर्चना की।

प्रदेश पर बढ़ते कर्ज के बीच नए हेलिकॉप्टर की खरीद पर अस्सी करोड़ रूपए खर्च करने के सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पुराने हेलीकॉप्टर में तकनीकी समस्याएं सामने आ रही थी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नया हेलीकॉप्टर खरीदने का फैसला किया गया।

दूसरी ओर हरियाणा पर बढ़ते कर्ज को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा लगातार सरकार को घेर रहे है। हुड्डा कहते है कि प्रदेश पर अब तक साढ़े चार लाख करोड़ का कर्ज है। लेकिन इतना कर्ज लेने पर भाजपा सरकार विकास नहीं दिखा सकती है।नए हेलीकॉप्टर की खरीद को मंजूरी भाजपा की ही पूर्व मनोहर लाल सरकार ने दी थी। हेलिकॉप्टर जर्मनी से खरीदा गया है। मनोहर लाल खट्टर सरकार के दौरान 2 साल पहले हाई लेवल परचेज कमेटी ने खरीद को मंजूरी दी थी। वित्त विभाग ने इस खरीद पर रोक भी लगा दी थी। नए सिरे से बातचीत के बाद हाई लेवल परचेज कमेटी ने खरीद की मंजूरी दी । हुड्डा ने कहा था कि राज्य पर लगातार कर्जा बढ़ रहा है। अब तक 4,51,368 करोड़ का कर्ज हो चुका है। इनमें आंतरिक कर्ज 3,17,982 करोड़, स्मॉल सेविंग 44000 करोड़, बोर्ड व कॉर्पोरेशन 43,955 करोड़, बकाया बिजली बिल व सब्सिडी का 46,193 करोड़ का कर्ज भी शामिल है।प्रदेश पर जीएसडीपी का 41.2फीसदी कर्जा हो गया है, जो कि 33 प्रतिशत की मानक सीमा से अधिक है। फिर भी सरकार आंकड़ों को घुमा फिरा कर पेश कर रही है। सरकार की ओर से नए हेलीकॉप्टर की खरीद पर दलील दी गई है कि पुराना हेलिकॉप्टर 2008 में खरीदा गया था।

## लंबी दूरी की गाड़ियों का हो विस्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति ने सांसद जयप्रकाश को ज्ञापन देकर हिसार से जगन्नाथ पूरी, गयाजी, पटना, अयोध्या, वैद्यनाथ धाम, समस्तीपुर, मधुबनी, सीतामढ़ी आदि कई लंबी दूरी की गाडियों का विस्तार कर हिसार रेलवे स्टेशन तक बढ़ाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में समिति के प्रधान विनोद साहनी, कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन मिश्र, सहसचिव रविन्द्र सिंह, मुख्तार गिरी आदि शामिल रहे। पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति ने सोमवार को दिए ज्ञापन में कहा है कि पूर्वांचल समाज के लाखों लोग हिसार जिला व इसके आसपास के इलाकों में रहते हैं।

# शिकायत व समाधान का ब्यौरा मुख्यालय नहीं भेज रहे अधिकारी, मुख्य सचिव ने लगाई फटकार

**ब्यौरा**

**सुबह की बैठक में सरकारी कार्यालय में दर्ज कराएंगे और उसके बाद उन्हें फार्मेट में उल्लेखित करना होगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा सरकार के निदेर्शों पर प्रदेश भर में जिला मुख्यालयों पर लगाए जा रहे समाधान शिविर एक बार फिर से विवादों में घिर गए हैं। जिला स्तर पर इन शिविरों में आने वाली शिकायतों के निपटान की दर कम होने तथा पेंडिंग शिकायतों का रिव्यू नहीं करने को लेकर खबरें तो आए दिन आती रहती हैं लेकिन जिला स्तरीय शिविरों की रिपोर्ट चंडीगढ़ मुख्यालय में नहीं भेजी जा रही है। जिसके चलते प्रदेश के जिलों में आम जनता की शिकायतों का स्टेटस चंडीगढ़ में मुख्य सचिव तथा मुख्यमंत्री को नहीं पता चल पा रहा है। आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए रोजाना सरकारी कार्यालयों में सुबह 9 से 11 बजे तक आमजन की शिकायतों को अधिकारी सुन रहे हैं। इनमें बहुत सी शिकायतें ऐसी भी हैं जिनका मौके पर समाधान नहीं हो पाता है और उन्हें पेंडिंग कर दिया जाता है। मुख्य सचिव कार्यालय ने प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट हिदायत दी है कि हर रोज फार्मेट के मुताबिक जिलावार शिकायतों का ब्योरा समाधान प्रकोष्ठ को भेजा जाए। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से सभी प्रशासनिक अधिकारियों, विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त, डीसी, पुलिस अधीक्षक, एडीसी और एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि समाधान प्रकोष्ठ की शिकायतों का विवरण हर रोज भेजा जाए। मुख्य सचिव के निर्देश के बाद सेकेंडरी शिक्षा निदेशक ने समाधान प्रकोष्ठ का फार्मेट हर रोज भेजने के निर्देश दिए हैं। इसको लेकर बाकायदा, एससीईआरटी निदेशक गुरुग्राम, जिला शिक्षा अधिकारी के साथ सभी अधिकारियों को पत्र लिखकर हिदायत दी है कि शिक्षा विभाग के पास आने वाली शिकायतों का विवरण हर रोज मुख्यालय भेजा जाए। मुख्य सचिव के अनुसार प्रत्येक जिला नागरिक शिकायतों की विस्तृत रिपोर्ट मुख्य सचिव कार्यालय को हर रोज तीन बजे तक भेजगा। नीतिगत कमियों के कारण समाधान में देरी की स्थिति में, रिपोर्टिंग अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं समाधान में देरी को लेकर रिपोर्टिंग अधिकारी को कारणों के साथ विवरण प्रस्तुत करना होगा।
आमजन शिकायतों को सुबह की बैठक में सरकारी कार्यालय में दर्ज कराएंगे और उसके बाद उन्हें संबंधित फार्मेट में उल्लेखित करना होगा।

# हरियाणा के सभी जिलों में मनाया जाएगा संविधान दिवस

**कार्यक्रम**

**राज्य के सभी स्कूलों में सोमवार को सुलेख व पोस्टर मेकिंग आदि जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने मंगलवार को प्रदेश में संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित करने का ऐलान किया है। इस संबंध में प्रदेश के सभी मंत्रियों तथा सांसदों को जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए निर्देश जारी कर दिया गया है। संविधान दिवस के अवसर पर राज्य के सभी स्कूलों में सोमवार को सुलेख व पोस्टर मेकिंग आदि जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हरियाणा के मुख्य सचिव द्वारा सोमवार को प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों, मंडल आयुक्तों व उपमंडल अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला स्तर के अलावा उपमंडल, ब्लॉक, पंचायत स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यहां तक प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के अलावा उपमंडल अधिकारियों, तहसीलदारों को इन कार्यक्रमों में भाग लेने के निर्देश जारी किए गए हैं। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोनीपत, मुख्यमंत्री नायब सैनी कुरुक्षेत्र, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा यमुनानगर, विधानसभा में भाजपा के चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप पंचकूला, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार कैथल, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा पानीपत, राज्य सभा सांसद सुभाष बराला फतेहाबाद, सांसद धर्मवीर चरखी-दादरी, वन मंत्री राव नरबीर गुरुग्राम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी हिसार, विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा जींद, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम पलवल में होने वाले कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे।

## जींद में एक दिसंबर को आवाज बुलंद करेंगे ईडब्ल्यूएस

**टीम एक्शन इंडिया**
जींद: केंद्र सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर यानि ईडब्ल्यूएस का जो आरक्षण दिया है, उसमें हरियाणा के अंदर वर्गीकरण के लिए एक दिसंबर को जींद की धरा पर बड़ी बिसात बिछने जा रही है। क्योंकि ब्राह्मण, बनिया, पंजाबी और राजपूत समाज के लोग प्रदेश में ईडब्ल्यूएस के लिए अलग से पांच प्रतिशत आरक्षण की मांग बुलंद करने जा रहे है। हरियाणा के अंदर आर्थिक आधार पर इन जातियों को कांग्रेस सरकार में आरक्षण दिलाने वाले अखिल भारतीय ब्राह्मण आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिराम दीक्षित ने कहा कि सरकार से कोटे में कोटा ही मांग रहे है, इसलिए उनकी मांग को लेकर कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए।
एक दिसंबर को भिवानी बाईपास चौक के नजदीक सुरेंद्र कुमार मैमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग संस्थान के परिसर में इस खास मसले को लेकर आवाज बुलंद होगी। राधेश्याम शर्मा ने कहा कि समारोह में आरक्षण वर्गीकरण की मांग करते हुए ब्राह्मण, बनिया, पंजाबी और राजपूत के लिए अलग से पांच प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान मांगा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह सरकार ने एससी समाज के कोटे में वर्गीकरण किया है।

# अधिकारियों की कार्यशैली पर मंत्री ने जताई आपत्ति, आई कई शिकायतें

**बैठक**

**सात परिवादों का समाधान किया गया और नौ परिवादों को आगामी बैठक तक के लिए स्थगित किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर: जिला** लघु सचिवालय के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की एक बैठक राज्यमंत्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता मे हुई। जिसमें कुल 16 परिवाद में से सात परिवादों का समाधान किया गया और नौ परिवादों को आगामी बैठक तक के लिए स्थगित कर दिया गया।
सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष राज्य मंत्री मंत्री कृष्ण कुमार बेदी पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, सढ़ौरा से कांग्रेस विधायक रेणु बाला, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा भी पहुंचे। बैठक के दौरान 16 परिवादियों की सुनवाई के दौरान नौ परिवादों को आगामी बैठक तक स्थगित कर दिया। पीड़ितों की शिकायतों को लेकर मंत्री कृष्णा कुमार बेदी ने अधिकारियों की लापरवाही पर सख्त निर्णय लिया और तीन परिवादों में कमेटी गठित कर जांच करने और एक परिवाद में पंजाब नेशनल बैंक के खिलाफ केस दर्ज करने का भी निर्णय लिया। इन मामलों के अंतर्गत सुंदर विहार कॉलोनी में सिवरेज पाइपलाइन के अंदर पीने के पानी का पाइप डालने का मामला सामने आया। जिस पर मंत्री ने विभाग के कनिष्क अभियंता व उपमंडल अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं एक मजदूर के घर पर चार लाख तीस हजार रुपए का बिजली का बिल आने पर बिजली विभाग के अधिकारियों सही जवाब न देने पर फटकार लगाई।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं का होगा अहम योगदान: गौरव

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल: युवा सशक्ति**करण एवं उद्यमिता, खेल एवं कानून और विधायी राज्य मंत्री हरियाणा सरकार गौरव गौतम ने कहा कि भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है, तो नागरिकों और खासकर युवाओं को आगे आकर देश को अव्वल बनाने के उद्देश्य से काम करने की जरूरत है। उन्हें हर उस क्षेत्र में आगे आना चाहिए, जिसमें वे पारंगत हैं। युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम सोमवार को हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से आयोजित जिला मुख्यालय स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलन कर श्रीगणेश करने उपरांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे में युवाओं की विशेष जिम्मेदारी है। युवा महोत्सव में पहले दिन सैंकड़ों युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवा महोत्सव में प्रथम दिन समूह लोकगीत, एकल लोकनृत्य, पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी, भाषण, कविता लेखन, स्टोरी राइटिंग, साइंस मेले आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। आईटीआई पलवल के प्रधानाचार्य इंद्राज सिंह ने बताया कि मंगलवार 26 नवंबर को लोक गीत सोलो, लोक नृत्य समूह प्रतियोगिता श्रेणी की विधाएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद सभी प्रतियोगिताओं में जीतने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर विजेता रहने वाली सभी विधाओं की टीमें राज्य स्तरीय उत्सव में प्रतिभागिता करेंगी। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हमें जीवन में नई-नई चीजें सीखनी चाहिए साथ ही अपनी संस्कृति व जड़ों से भी जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव सरीखे कार्यक्रम अपनी संस्कृति व लोक कला को सहेजने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पढ़ाई के साथ -साथ अपनी कला और संस्कृति को बचाने के लिए युवा महोत्सव जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अवश्य भागीदारी करें। इस अवसर पर कौशल विभाग के निदेशक डा. विवेक अग्रवाल, एसडीएम ज्योति, जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार, नेहरू युवा केंद्र से अधिकारी प्रियंका मलिक, वाईसीओ सुनीता, द्दआईटीआई पलवल के प्रधानाचार्य इंद्राज सिंह, आईटीआई फरीदाबाद के प्रधानाचार्य भगत सिंह, आईटीआई गुरुग्राम के प्रधानाचार्य जयदीप कादयान, आईटीआई कुशक के प्रधानाचार्य मनोज और आईटीआई हथीन के प्रधानाचार्य योग्रेंद्र सहित काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।




**आह्वान**

**महोत्सव का हुआ रंगारंग आगाज खेल मंत्री गौरव गौतम ने दीप प्रज्वलित कर किया दो दिवसीय जिलास्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ**

# विकास कार्यों को जल्द पूरा कराए अधिकारी: श्याम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर: नगर** निगम क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों व परियोजनाओं को लेकर प्रदेश के कृषि, मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने जगाधरी के लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में नगर निगम अधिकारियों की एक बैठक ली। सोमवार को इस बैठक में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने नगर निगम की ओर से कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को शहर में होने वाले करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के जल्द निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कृषि मंत्री को बताया कि जल्द ही भव्य शिलान्यास समारोह का आयोजन कर ओपन एयर थिएटर एवं ऑडिटोरियम का विधिवत निर्माण शुरू कराया जाएगा। शहर के विकास को लेकर नगर निगम गंभीरता से कार्य कर रहा है। हर वार्ड में विकास कार्य किए जा रहे हैं। सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर निगम द्वारा एंटी स्मॉग गन मशीन से शहर के वातावरण को प्रदूषण से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने संयुक्त रूप से कहा कि नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए सरकार ने करोड़ों रुपये का बजट जारी किया है।

# पीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सीएम ने तैयारियों का लिया जायजा

## पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर होने वाला यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण को लेकर मजबूत संदेश देगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 दिसम्बर के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सैक्टर 13-17 में तैयारियों का जायजा लिया व आवश्यक दिशानिर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर होने वाला यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण को लेकर मजबूत संदेश देगा। जब भी प्रधानमंत्री हरियाणा में आते है तो हरियाणा के लोगों को विशेष सौगात देकर जाते है। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं की शुरूआत भी प्रधानमंत्री ने 2015 में पानीपत की ऐतिहासिक धरती से की थी, परिणामस्वरूप लाखों बेटियों का जीवन इस योजना से बचा है।



मुख्यमंत्री ने सभा स्थल का दौरा करने के बाद स्थानीय मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा की जनता ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर विकास का एक साकारात्मक संदेश दिया है जिसका असर महाराष्ट्र के चुनाव पर भी दिखाई दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर अनेक योजनाएं वर्तमान समय में क्रियान्वित की जा रही है जिनका लाभ महिलाओं को मिल रहा है। नमोः दीदी ड्रोन के नाम से संचालित की जा रही योजना का लाभ लेकर महिलाएं सशक्त होगी और 9 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**सीएम का दौरा**

**जब भी प्रधानमंत्री हरियाणा में आते है तो हरियाणा के लोगों को विशेष सौगात देकर जाते है : सीएम**

महिलाओं के सशिक्तकरण के लिए बीमा सखी योजना का शुभारम्भ करेंगे। इससे देश की लाखों महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने इस महत्कांक्षी योजना के लिए एलआईसी के एमडी जगन नाथ को कहा कि इस योजना का हरियाणा के हर गांव में प्रचार-प्रसार हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 दिसम्बर को पानीपत के सैक्टर 13-17 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 12 बजे शिरकत करेंगे। इसको लेकर की जा रही तैयारियों पर उन्होंने प्रकाश डाला। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक भूमि पर 9 दिसम्बर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा को कई सौगाते मिल सकती है इसकी संभावना है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में जो वायदे किये गए है उन्हें 5 वर्षो में पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की जनता ने तीसरी बार सत्ता की कमान भारतीय जनता पार्टी को सौंपी है। यह विकास की जीत है। लोगों के विश्वास को कायम रखा जाएगा व तीसरी बार की इस जीत में सरकार पिछले दो प्लानों की अपेक्षा तीसरे प्लान में ज्यादा विकास कार्य करेगी।

# सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी पूरी तरह से लागू करवाने के प्रयास निरंतर जारी

**क्रियान्वयन**

**संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ सुरक्षित वाहन के कियान्वयन पर मीटिंग ली गई**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल सरंक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी की अध्यक्षता में सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी घरौंडा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, आरटीए, फायर ब्रिगेड, यातायात पुलिस समेत अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ सुरक्षित वाहन के क्रियान्वयन पर मीटिंग ली गई। मीटिंग में स्कूल बसों का निरीक्षण करने बारे रणनीति व दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद संयुक्त टीम द्वारा घरौंडा ब्लॉक के दो स्कूलों में निरीक्षण किया गया। बता दें कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी पूरी तरह से लागू करवाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। हरियाणा राज्य बाल सरंक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने बताया कि घरौंडा ब्लॉक के द सैन्चुरी स्कूल तथा आर्य सैकेंडरी स्कूल का टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों स्कूलों की बीस बसों की जांच की गई, जिसमें वाहन फिटनेस, रूट प्लेट व टाइमिंग, बीमा ड्राइविंग लाईसेंस, फर्स्ट एड बॉक्स तथा सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमक उपकरण, आवश्यक हेल्पलाईन नम्बर, चालक और परिचालक ड्रैस और आई कार्ड आदि की जांच की गई। जांच के दौरान अनियमतता पाने जाने पर सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत पांच बसों का चालान किया गया।
पॉलिसी के तहत प्रत्येक बस में एक लेडी अटेंडेंट का होना अति अनिवार्य है।

# आज मनाया जाएगा संविधान दिवसः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर आज मंगलवार 26 नवंबर को स्थानीय डॉ. मंगलसेन सभागार में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष व घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। साथ ही कार्यक्रम में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी विशिष्ट अतिथि रहेंगे। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।
यह दिन भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर व संविधान सभा के अन्य सदस्यों के योगदान का सम्मान करने और संविधान में निहित मूल मूल्यों को सुदृढ़ करने का अवसर है।
उन्होंने बताया कि यह उत्सव 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमानइ टैगलाइन के साथ संविधान के प्रति गर्व की भावना को प्रदर्शित करते हुए मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का



**तैयारी**

**26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ**

आयोजन किया जाएगा। यह गतिविधियां संविधान की प्रस्तावना, अपने संविधान को जानें, संविधान का निर्माण, और संविधान की महिमा का जश्न मनाना विषयों पर आधारित होंगी।
उपायुक्त ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने की घोषणा 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी।
इस दिन को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की संविधान के प्रति अमूल्य योगदान को सम्मानित करने और संविधान के महत्व को समझाने के लिए मनाया जाता है।

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा को खत्म करने के लिए एकजुट हों

**जागरूकता**

**ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए देशभर में कार्य कर रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर एक सेमीनार का आयोजन ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय कार्यालय में नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सेमीनार में जागरूक



समाजसेवी युवतियों ने अपने अपने विचार रखे।
नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए देशभर में कार्य कर रहा है। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा दुनिया में सबसे प्रचलित और व्यापक मानवाधिकार उल्लंघनों में से एक है। उन्होंने कहा कि इसका समाधान सशक्त प्रतिक्रिया, अपराधियों को जवाबदेह ठहराना तथा पर्याप्त संसाधन वाली राष्ट्रीय रणनीतियों के माध्यम से कार्यवाही में तेजी लाना और महिला अधिकार आंदोलनों के लिए धन मुहैया करवाना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 25 नवंबर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में नमित किया है, जिसका आधार दुनियाभर में जागरूकता बढ़ाना है कि महिलाओं को बलात्कारए घरेलू हिंसा और अन्य प्रकार की हिंसा का सामना करना पड़ता है। महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा और सक्रियता के 16 दिन, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के स्वास्थ्य और सामाजिक परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक कार्रवाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का एक अवसर है। लिंग आधारित हिंसा का इस क्षेत्र में विनाशकारी और व्यापक प्रभाव पड़ता है, जिससे महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य और कल्याण पर गंभीर परिणाम होते हैं।

# चेयरमैन दिनेश बक्शी ने किए प्लेटलेट्स दान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर चेयरमैन दिनेश बक्शी एक बार फिर मानवता की भलाई के लिए कल रात को एक 14 साल के बच्चे जिसकी प्लेटलेट्स कम होने की वजह से ब्लीडिंग शुरू हो गई थी, उस बच्चे के लिए जीडी शर्मा ब्लड सैंटर में प्लेटलेट्स दान किए। डेंगू के सीजन में जहा प्लेटलेट्स की डिमांड बढ़ जाती है, उसके साथ ही सेवादार भी निरंतर सेवा दे रहे हैं। दिनेश बक्शी द्वारा डेंगू सीजन में ये छठी बार और अब तक कुल 81 बार अपने प्लेटलेट्स दान



किए। इसके साथ दिनेश बक्शी 134 बार रक्तदान कर चुके हैं। जो रक्तदान करते हैं, आह्वान किया कि रक्तदान के साथ प्लेटलेट्स दान करने के लिए भी आगे आएं। जिस

# छोटू राम किसान व मजदूरों के मसीहा थेः जयभगवान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** भारतीय किसान यूनियन अम्बावता द्वारा रेलवे फ्लाईओवर के नीचे चौधरी छोटू राम की 143वी जयंती मनाई गई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यातिथि किसान जिला अध्यक्ष जयभगवान मलिक पहुचे। उन्होंने कहा कि चौधरी छोटू राम किसान व मजदूरों के मसीहा थे। उन्होंने अंग्रेजो को भी झुकने पर मजबूर कर दिया था। अंग्रेजों के राज में दीनबन्धु चौधरी छोटूराम ने खिजर हयात खान के साथ मिलकर संयुक्त पंजाब में यूनियनिस्ट पार्टी की सरकार बनाई थी। उस सरकार के कार्यकाल के दौरान उन्होंने 1938 में साहूकारा रजिस्ट्रेशन



कानून, किसान ऋण मुक्ति कानून, कर्ज से साहूकार द्वारा किसान की कुर्क की गई जमीन वापिस लेने का कानून, किसान का घर व बैल पशु कुर्की पर रोक लगाने का कानून, रविवार की छुट्टी का कानून तथा बाल श्रम पर रोकथाम के कानून बनवाए थे। उन्होंने इन कानूनों के तहत किसान मजदूरों की मुक्ति कराई थी। कार्यक्रम की अद्यक्षता गन्नौर ब्लॉक अध्य्क्ष बलजीत ने की। इस दौरान बेदु, सुल्तान, धर्म सिंह, रघुबीर, रंगलाल फौजी, कर्मबीर, जगबीर, रमेश, प्रकाश व अन्य मौजूद रहे।

# निर्मल कुटिया के सामने मिला शव

**जांच जारी**

**मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। अनुमान है कि मौत ठंड से हुई है, शिनाख्त का प्रयास जारी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** निर्मल कुटिया के सामने फुटपाथ पर एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। अनुमान है कि मौत ठंड से हुई है। घटना की सूचना के बाद अपना आशियाना आश्रम की टीम व सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। फिलहाल पुलिस ने 72 घंटे के लिए शवगृह करनाल में रखवा दिया है। शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। करनाल में अपना आशियाना आश्रम के सेवादार राजकुमार ने



बताया कि मृतक की उम्र करीब 45 साल है। लाल रंग की इन्नर पहन रखी है। ब्लू चेक शर्ट है और ब्राउन कलर का लोअर डाला हुआ है। इसके पास एक बैग भी मिला है। मृतक के बैग और कपड़ों से ऐसा कोई भी आईडी नहीं मिला है, जिससे इसकी शिनाख्त हो सके।
अनुमान है कि ठंड की वजह से मौत हुई है, क्योंकि मृतक का शरीर पूरी तरह से अकड़ा हुआ है। राजकुमार ने बताया कि जिन बेसहारा लोगों के पास रात को ठहरने की जगह नहीं है, उसके लिए अपना आशियाना जन सेवा दल के अंदर ही रैन बसेरा बनाया हुआ है, जहां पर ठहरने की सुविधा है। इसके अतिरिक्त प्रशासन द्वारा भी रैन बसेरा की सुविधाएं जगह-जगह पर प्रदान की हुई है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति बेसहारा है तो वह रैन बसेरा में आ सकता है।

# ऑन द स्पॉट समाधान करने का सशक्त माध्यम बने समाधान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नागरिकों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने के लिए नगर निगम व जिला की नगर पालिकाओं में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर सशक्त माध्यम बने हैं। सोमवार को नगर निगम व नगर पालिकाओं में कुल 15 शिकायतें सुनी गई, जिनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया और शेष 2 का निश्चित समयावधि में समाधान करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिला नगर आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने यह जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि शिविर में आए नागरिकों की



सम्मान के साथ शिकायतें सुनी जा रही हैं और उन्हें मौके पर ही समाधान देना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायत का मौके पर ही समाधान किया जाए। अगर किसी शिकायत का मौके पर समाधान नहीं हो सकता, तो उसका निश्चित समयावधि में समाधान करवाना सुनिश्चित किया जाए।
उन्होंने बताया कि सोमवार को नगर निगम करनाल में 6 शिकायतों की सुनवाई की गई, जिनमें से 4 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष 2 शिकायतों का भी निश्चित समयावधि

**लोगों को राहत**

**नागरिकों की सम्मान के साथ शिकायतें सुनी जा रही हैं और समाधान देना सुनिश्चित किया जा रहा**

में समाधान कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त नगर पालिका तरावड़ी में 2, घरौंडा में 3 तथा इन्द्री व असंध नगर पालिका में 2-2 शिकायतें प्राप्त हुई। इन सभी का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। नगर पालिका नीलोखड़ी व निसिंग में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई। जिला नगर आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस को नगर निगम कार्यालय व जिला की नगर पालिकाओं में प्रातः 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अगर किसी नागरिक की कोई शिकायत है, तो सम्बंधित कार्यालय में जाकर उसका हल करवा सकता है।
उन्होंने नागरिकों से अपील करते कहा कि समाधान शिविर में समस्या से सम्बंधित जरूरी दस्तावेज अवश्य लेकर आएं, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए नगर निगम व नगर पालिकाएं हर समय तत्पर हैं।

# पीएमएफएमई योजना बेरोजगारों को स्वरोजगार में मददगार

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार से जोड? में लाभकारी साबित होती जा रही है। विभिन्न योजनाओं के तहत व्यक्तिगत तौर पर पुरुष, महिला, किसान उत्पादन संगठन, स्वयं सहायता समूह व सहकारी समिति ऋण योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि स्वयं सहायता समूह को मशीन की खरीद के लिए प्रत्येक सदस्य के हिसाब से 40 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा रही है।

# 10 हजार 524 सम्पत्तियों का डाटा एनडीसी पोर्टल व निगम की वेबसाईट पर अपलोड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ.वैशाली शर्मा ने बताया कि जिन नागरिकों की सम्पत्ति आबादी देह या लाल डोरा क्षेत्र के अंतर्गत आती है, उन सम्पत्ति धारकों को हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई पॉलिसी के अनुसार सम्पत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने हैं, ताकि उनकी सम्पत्ति का रिकॉर्ड राजस्व रिकॉर्ड में अपलोड किया जा सके और वह अपनी रजिस्ट्री करवा सके। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में लाल डोरा के अंतर्गत कुल 10 हजार 524 सम्पत्तियां हैं, इनका डाटा हरियाणा सरकार के



एनडीसी पोर्टल व नगर निगम करनाल की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। नागरिक उसे देख सकते हैं। उन्होंने उपरोक्त सम्पत्ति धारकों से अनुरोध करते कहा है कि अगर किसी व्यक्ति की प्रॉपर्टी आई.डी. में कोई त्रुटि है तो आगामी 10 दिसंबर तक अपना दावा या आपत्ति ऑफलाईन नगर निगम करनाल कार्यालय में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी के कमरा नंबर 120 में सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं,, ताकि उन्हें दुरुस्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर 2024 के पश्चात किसी दावे या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। इस कार्यवाही के पश्चात उन्हें प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए जाएंगे, ताकि वह अपनी जगह की रजिस्ट्री करवा कर मालिकाना हक ले सकें। यह देने होंगे दस्तावेज- निगमायुक्त ने बताया कि इसके लिए सम्बंधित नागरिक को एक फार्म भरना होगा।

# मुख्य बाजारों व सड़कों से अतिक्रमण हटाओ विशेष मुहिम की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के बाजारों में भीड़-भाड़ की स्थिति ना हो, इसके लिए नगर निगम ने कमर कस ली है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर शहर के मुख्य बाजारों व व्यस्त सडकों से अतिक्रमण हटाओ की विशेष मुहिम सोमवार से शुरू हो चुकी है। इसके तहत सफाई शाखा के प्रवर्तन दल ने शहर के जोन नम्बर 2 व 4 का दौरा किया और दुकानों के आगे रखे सामान को अंदर करवाया गया। निगमायुक्त ने बताया कि निगम की एन्फोर्समेंट टीम ने जोन-2 के कर्ण गेट बाजार तथा जोन नम्बर 4 के पुराना बस स्टैण्ड रोड व महाराजा अग्रसेन चौक से श्रीमद् भगवद्



गीता द्वार सडक को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उन्होंने बताया कि एन.डी.आर.आई. सडक पर लगी सभी रेहडि?ों को हटाया गया है। इस दौरान काफी दुकानों का सामान अंदर करवाया गया। एन्फोर्समेंट टीम द्वारा दुकानदारों को अंतिम अवसर देते हुए किसी भी दुकानदार व रेहड़ी-फड़ी वालों का चालान नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि इसके लिए शहर में मुनादी भी करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि बाजारों में लोगों का आवागमन ज्यादा रहता

**अभियान**

**प्रवर्तन दल ने शहर के जोन नम्बर 2 व 4 का दौरा किया और दुकानों के आगे रखे सामान को अंदर करवाया गया**

है और ग्राहकों की भीड़ से चहल-पहल बनी रहती है। ऐसे में दुकानदार अपनी हद से आगे सामान रखकर बेचते हैं। दूसरी ओर दुकानो के आगे सडक पर सामान रखकर बेचने वालों की तादाद भी बढ़ गई है। नतीजतन बाजारों की सडक संकरी हो जाती है, जिससे आने-जाने वालों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है, जो भविष्य में भी जारी रहेगा। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने वाहन चालकों से भी अपील की है कि वे अपने वाहनों को ओल्ड सब्जी मण्ड़ी, ओल्ड एम.सी. बिल्डिंग व जरनैली कोठी क्षेत्र में बनाई गई पार्किंग में ही अपना वाहन खड़ा करें।
सडकों पर वाहन को खड़े ना करें। सडक पर वाहन खड़ा करने से दूसरे वाहनों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक पुलिस की टो-वैन भी बेतरतीब पार्क किए गए वाहनो को हटाने में लगी हैं। कार्रवाई में सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह व ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह तथा उनकी टीम उपस्थित रही।

## संपादकीय

# महाराष्ट्र में महायुति : प्रचंड बढ़त का राज

**महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव 2024 और यूपी उपचुनावों में भाजपा ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अपनी जीत का परचम लहराया है। झारखंड में उसे वैसी सफलता नहीं मिली। फिलहाल बात महाराष्ट्र की, जहाँ भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने (यह टिप्पणी लिखे जाने तक) 230 सीटों पर बढ़त बना ली है। इन नतीजों ने भाजपा की रणनीतिक क्षमता और राजनीतिक चतुराई को एक बार फिर से साबित कर दिया। सयाने याद दिला रहे हैं कि कुछ माह पूर्व हुए लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 में से 30 सीटों पर महाविकास अघाड़ी (एमवीए) की जीत ने भाजपा को बुरी तरह भूलुंठित किया था। लेकिन वह हार पार्टी को सतर्क भी कर गई। पार्टी ने अपनी रणनीतियों को बदला और योगी आदित्यनाथ तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रचार का चेहरा बनाया। यह कदम सिर्फ चुनावी प्रचार नहीं, बल्कि वोटरों के ध्रुवीकरण की सोची-समझी योजना थी। भाजपा की अप्रत्याशित बढ़त का श्रेय शिवसेना और एनसीपी में विभाजन को भी जाता है। एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के परंपरागत वोट बैंक को महायुति में जोड़ने में सफलता पाई। इसी तरह अजित पवार ने एनसीपी के समर्थकों को भाजपा की तरफ खींचा। इन दोनों गुटों के सहयोग से गठबंधन की ताकत बढ़ी और यह महाविकास अघाड़ी पर भारी पड़ा। योगी आदित्यनाथ का बँटेंगे तो कटेंगे नारा और मोदी का एक हैं तो सेफ हैं संदेश प्रभावी रहे। महाराष्ट्र में पहले इस तरह की ध्रुवीकरण वाली राजनीति सीमित थी, लेकिन अब यह ट्रेंड बदलता दिखा। पारंपरिक रूप से भाजपा का मजबूत आधार रहे हिंदुत्व के मुद्दे ने इस बार महाराष्ट्र में भी गहरी पैठ बनाई। लोकसभा चुनाव के दौरान शिथिल दिखे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने, पिछली नाराजगी को किनारे धर कर, महाराष्ट्र चुनावों में पूरी ताकत झोंक दी। जमीनी स्तर पर आरएसएस कार्यकताओं की सक्रियता और उनकी सोची-समझी रणनीतियों ने महायुति की जीत को सुनिश्चित किया। लाडली बहना योजना ने महिला मतदाताओं को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मध्य प्रदेश में सफलता के बाद इस योजना को महाराष्ट्र में लागू किया गया, जिससे महायुति को अतिरिक्त समर्थन मिला। महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने ?1500 भेजने की यह पहल ग्रामीण और शहरी दोनों वर्गों में लोकप्रिय रही। दूसरी तरफ, महाविकास अघाड़ी महँगाई, बेरोजगारी और मराठा आरक्षण जैसे मुद्दों को भुनाने में विफल रही। खासतौर पर मराठा आरक्षण का मुद्दा, जो महाराष्ट्र की राजनीति में केंद्रीय भूमिका निभाता है, महाविकास अघाड़ी के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने में नाकाम रहा।

वहीं, महँगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे ध्रुवीकरण और कल्याणकारी योजनाओं के सामने फीके पड़ गए। कांग्रेस का संविधान बचाओ अभियान महाराष्ट्र में अपेक्षित प्रभाव नहीं डाल सका। लोकसभा चुनावों में इस नारे को मिली सफलता के बावजूद विधानसभा चुनावों में यह असरहीन रहा। जनता का ध्यान संविधान से जुड़े आदर्शवादी मुद्दों से हटकर हिंदुत्व और ध्रुवीकरण की ओर चला गया। महाविकास अघाड़ी सोयाबीन की एमएसपी, बेरोजगारी और मराठा आरक्षण जैसे मुद्दों को लेकर राज्य सरकार को घेरने की कोशिश करती रही।

# विकास की उल्टी गंगा से बदहाल होती जीवनदायिनी गंगा

**कुमार कृष्णन –**

> “पहाड़ से उतर कर मैदानी इलाकों में बिहार और झारखंड में सबसे अधिक लंबा प्रवाहमार्ग गंगा का ही है। शाहाबाद के चौसा से संथाल परगना के राजमहल और वहां से आगे गुमानी तक गंगा के संगम तक गंगा का प्रवाह 552 किलोमीटर लंबा है। गंगा बिहार और झारखंड की भूमि में अपने प्रभूत जल को फैलाती है एवं इसकी भूमि को शस्य श्यामला करती हुई बहती है। इस स्थिति का आकलन करते हैं तो मछुआरे, किसानों, नाविकों और पंडितों की जीविका का आधार है गंगा। गंगा के किनारे बसे मछुआरों ने गंगा को प्रदूषित होते हुए देखा है, उसकी दुर्दशा होते देखी है। विकास की गलत अवधारणा के कारण गंगा में बाढ़ और कटाव का संकट पैदा हो गया है। कल-कारखानों का कचरा नदियों के जल को प्रदूषित कर रहा है और पानी जहरीला होता जा रहा है”

**हिमालय** की नदियों और पर्वतों की संवेदनशीलता को बचाए रखना एक चुनौती के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। हिमालयी राज्यों के विकास मॉडल को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। सवाल आम आदमी ने उठाए तो इन राज्यों में रहने वाले खास लोगों ने भी उठाये। सवाल सुप्रीम कोर्ट ने भी अनेक मौकों पर उठाए तो उन हस्तियों ने भी उठाए जिन पर भारत सरकार ने अनेक मौकों पर भरोसा किया,जिम्मेदारियाँ सौंपीं। गंगा एक्शन प्लान से लेकर अनेक विकास परियोजनाओं को लेकर बनी कमेटियों के सदस्य, चेयरमैन तक रहे वैज्ञानिक रवि चोपड़ा ने भी सवाल उठाए लेकिन विकास के नाम पर आम से लेकर खास तक की अनसुनी की गयी। किसने की, कब की, क्यों की, अब यह किसी से छिपा नहीं है। पर्यावरणविद सुरेश भाई कहते हैं कि हिमालय में हैवी कंस्ट्रक्शन संभव नहीं है फिर भी हम करते जा रहे हैं।हिमालय में बहुमंजिली इमारतों की जगह नहीं है फिर भी हम बनने दे रहे हैं । विकास के नाम पर पानी बहाव के अनेक रास्ते बंद हो गये हैं जबकि पहाड़ों से रिसाव बना हुआ है। यही रिसाव लोगों के घरों-प्रोजेक्ट तक पहुंचता है।दरों-दीवारों को कमजोर करता है। नतीजतन, हल्का सा भूकंप आने पर ऐसे भवन इमारतें धराशायी होते हुए देखे जा रहे हैं। जान-माल का नुकसान न हो तो शोर भी नहीं होता।गंगा भागीरथी अपने उद्गम स्थल के पहले ही उत्तरकाशी से ही दूषित हो रही है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल , हाईकोर्ट, पर्यावरण मंत्रालय की रोक के बाद भी गंगा नदी में धड़ल्ले से बेरोक-टोक माफिया खनन कर रहे हैं और सड़क निर्माण में लगी निर्माण एजेंसियां ऑल वेदर सड़क निर्माण का हजारों टन मलबा सीधे भागीरथी नदी में उड़ेल रहे हैं। इससे गंगा नदी की स्वच्छता और अविरलता को खतरा पैदा हो गया है और ऐसा लग रहा है कि ज़िला प्रशासन जान-बूझकर आंखे मूंदे हुए है।जीवनदायिनी और पूजनीय गंगा नदी इन दिनों अपनी दुर्दशा पर रो रही है। सड़क निर्माण कार्य में लगी ऑल वेदर निर्माण एजेंसियां और ज़िले में सक्रिय हुए खनन माफिया नदी में इस कदर तक खनन कर रहे हैं किनदी की धारा ही परिवर्तित हो जा रही है।

भागीरथी नदी के किनारे चिन्यालीसौड़ से लेकर उत्तरकाशी जिला मुख्यालय तक कई जगह ऑल वेदर सड़क निर्माण कार्य



का मलबा सीधे नदी में डाला जा रहा है तो दूसरी ओर खनन माफिया नदी के बीचों-बीच बड़ी-बड़ी पोकलैंड जैसी मशीनें उतारकर कर नदी में खनन कर रहे हैं। पर्यावरणविद् सुरेश भाई कहते हैं कि खुलेआम गंगा और हिमालय के पर्यावरण, पारिस्थितिकी से खिलवाड़ किया जा रहा है जो बहुत दुखद है और इससे जो नुकसान हो रहे हैं उनकी भरपाई नहीं की जा सकेगी।

पहाड़ से उतर कर मैदानी इलाकों में बिहार और झारखंड में सबसे अधिक लंबा प्रवाहमार्ग गंगा का ही है। शाहाबाद के चौसा से संथाल परगना के राजमहल और वहां से आगे गुमानी तक गंगा के संगम तक गंगा का प्रवाह 552 किलोमीटर लंबा है। गंगा बिहार और झारखंड की भूमि में अपने प्रभूत जल को फैलाती है एवं इसकी भूमि को शस्य श्यामला करती हुई बहती है। इस स्थिति का आकलन करते हैं तो मछुआरे, किसानों, नाविकों और पंडितों की जीविका का आधार है गंगा। गंगा के किनारे बसे मछुआरों ने गंगा को प्रदूषित होते हुए देखा है, उसकी दुर्दशा होते देखी है। विकास की गलत अवधारणा के कारण गंगा में बाढ़ और कटाव का संकट पैदा हो गया है। कल-कारखानों का कचरा नदियों के जल को प्रदूषित कर रहा है और पानी जहरीला होता जा रहा है। भागलपुर विश्वविद्यालय के दो प्राध्यापकों केएस बिलग्रामी, जेएस दत्ता मुंशी ने एक अध्ययन से खुलासा किया था कि बरौनी से लेकर फरक्का तक 256 किलोमीटर की दूरी में मोकामा पुल के पास गंगा नदी का प्रदूषण भयानक है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने एक मई, 2024 को दिए अपने आदेश में राज्य और जिला अधिकारियों को पानी की गुणवत्ता का विश्लेषण करने के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। उन्हें उन जगहों से नमूने एकत्र करने का निर्देश दिया गया जहां सहायक नदियां गंगा में मिलती हैं और राज्य में नदी के प्रवेश और निकास बिंदुओं से उसके नमूने लेने के लिए कहा गया था। ट्रिब्यूनल ने सभी 38 जिलों से रिपोर्ट मांगी थी। साथ ही बिहार सरकार द्वारा इन्हें अदालत द्वारा की गई टिप्पणियों के आधार पर संकलित करने के लिए कहा गया था। इस आधार पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गंगा में उस जगह से नमूने एकत्र किए हैं जहां सहायक नदियां मिलती हैं। इसके साथ ही राज्य में नदी के प्रवेश बिंदु और निकास बिंदु से भी पानी के नमूने एकत्र किए हैं। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ऐसे 646 उद्योगों की पहचान की है जो दूषित पानी उत्पन्न कर रहे हैं। इनमें 105 उद्योग अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की श्रेणी में आते हैं, जबकि 541 अन्य उद्योग शामिल हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने विभिन्न जिलों में इन बेहद प्रदूषणकारी उद्योगों का निरीक्षण करने का काम थर्ड पार्टी एजेंसियों को सौंपा है।

इनमें नेशनल शुगर इंस्टिट्यूट, आईआईटी बीएचयू, एनआईटी पटना, मुजफ्फरपुर में एमआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालय दक्षिण बिहार (सीयूएसबी) शामिल हैं। रिपोर्ट में यह भी जानकारी दी है इनमें से जो अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की श्रेणी में आते हैं उन्होंने कचरे के उपचार और निपटान के लिए अपशिष्ट उपचार संयंत्र (ईटीपी) स्थापित किए हैं। बिहार में गंगा का पानी नहाने लायक भी नहीं है। गंगा की जल गुणवत्ता पीएच, घुलनशील ऑक्सीजन (डीओ), और बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) के मानकों को पूरा करती है। हालांकि, यह स्नान के लिए सुरक्षित आवश्यक बैक्टीरियोलॉजिकल मानकों जैसे टोटल कोलीफॉर्म और फीकल कोलीफॉर्म को पूरा नहीं करती है।

गंगा तथा अन्य नदियों के प्रदूषित और जहरीला होने का सबसे बड़ा कारण है कल-कारखानों के जहरीले रसायनों का नदी में बिना रोकटोक के गिराया जाना। कल-कारखानों या थर्मल पावर स्टेशनों का गर्म पानी तथा जहरीला रसायन या काला या रंगीन एफ्लूएंट नदी में जाता है, तो नदी के पानी को जहरीला बनाने के साथ-साथ नदी के स्वयं शुद्धिकरण की क्षमता को नष्ट कर देता है। नदी में बहुत-से सूक्ष्म वनस्पति होते हैं जो सूरज की रोशनी में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा अपना भोजन बनाते हैं, गंदगी को सोखकर ऑक्सीजन मुक्त करते हैं।

पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों पर काम करने वाली संस्था इनवॉइस फाउंडेशन के मुख्य पदाधिकारी सौरभ सिंह बताते हैं कि पिछले कुछ सालों में गंगा के पानी में बैक्टीरिया का प्रदूषण बढ़ा है और इसका सीधा असर वाराणसी के आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ पर देखा जा सकता है। सौरभ उत्तर प्रदेश और बिहार के गंगा से सटे इलाकों में भूजल प्रदूषण और उसमे आर्सेनिक और नाइट्रेट के प्रदूषण पर कई सालों से काम कर रहे हैं और गंगा में बढ़ रहे प्रदूषण के कारण भूजल और इससे होने वाली फसलों में नुकसान की आशंका जताते हैं। गंगा बेसिन के भूजल में आर्सेनिक की मात्रा संयुक्त राष्ट्र के मानकों से कहीं ज्यादा पायी जाती है और इस पूरे क्षेत्र के भूजल में आर्सेनिक का प्रदूषण व्याप्त है जो कि एक बड़ी समस्या है। भूजल में आर्सेनिक की उपस्थिति काफी ऊपरी सतह पर पायी जाती है इसलिए ऐसे इलाकों में शुद्ध पानी के लिए गहरे बोरवेल किये जाते हैं। लेकिन अगर गंगा के पानी में प्रदूषण बढ़ता है और इससे भूजल भी प्रभावित होता है तो ऐसे में इन क्षेत्रों के लोगों के लिए ऊपरी और निचली दोनों सतहों का भूजल उपयोग योग्य नहीं बचेगा।

## कविता

हवा में खुशबू बन जाऊंगा मैं ''

तेरी पलकों में समाँ जाऊंगा मैं।
तेरी कल्पनाओं में छा जाऊंगा मैं।

महकती बयार बन जाएगी तू,
तेरी सांसों में समा जाऊंगा मैं।।

महलों की अजीम शान है तू।
तेरे लिए शीशा बन जाऊंगा मैं ।।

कहां खोजूं किस दर पर जाऊं ।
तलाश में बावरा बन जाऊंगा मैं।।

न तेरा पता ना तेरी कोई खबर,
तलाश में बावरा बन जाऊंगा मैं।।

तेरी यादों का सबब मैं तो नही
यादों की महक बन जाऊंगा मैं ''

सितारों की रोशनी से रोशन तू,
रातों का जुगनू बन जाऊंगा मैं।

तेरी अंखियों में अपनी शरारत छोड़ ,
हवा में तसव्वुर बन जाऊंगा संजीव ''

संजीव

# हिंदुत्ववादी ताकतों ने एनडीए के पक्ष में कैसे बाजी पलटी

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

**23 नवंबर 2024** हिंदू समुदाय के लिए एक आंतरिक परिवर्तन का दिन बन गया है, क्योंकि भाजपा और सहयोगियों ने महाराष्ट्र में एक ऐसी स्थिति में भारी जीत हासिल की, जो बड़ी चुनौतीपूर्ण लग रही थी। हिंदू जागरण ने न केवल इस चुनाव के लिए, बल्कि भविष्य के चुनावों के लिए भी कथानक को परिभाषित किया है और यह भी बताया है कि कैसे राजनीतिक दल सनातन सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए विकास के लिए काम कर सकते हैं।

भाजपा और उसके सहयोगियों की अकल्पनीय स्ट्राइक रेट पर बेमिसाल सफलता में किन तत्वों ने योगदान दिया। भारत के विचार (आइडिया ऑफ इंडिया) और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों के खिलाफ डीप स्टेट ताकतों के झूठे कथानक, साथ ही राहुल गांधी और इंडी गठबंधन को अंतर्राष्ट्रीय डीप स्टेट ताकतों का मजबूत समर्थन ने जाति, संविधान और आरक्षण के आधार पर हिंदू मतदाताओं के बीच व्यापक विभाजन पैदा कर दिया था। पीएम मोदी ने फिर से केंद्र में सरकार बनाई, लेकिन इस बार अपने दम पर बहुमत हासिल किए बिना। वामपंथी उदारवादी ताकतों और हिंदुत्व विरोधी राजनीतिक ताकतों ने झूठे कथानकों का लाभ उठाते हुए सनातन धर्म और मोदी सरकार पर भयंकर वैचारिक हमला किया। यह हिंदुत्व के लिए अधिक हानिकारक साबित हुआ है, लेकिन आरएसएस, विहिप, हिंदू धार्मिक और आध्यात्मिक संतों और उनके संगठनों जैसी हिंदुत्ववादी ताकतें हिंदुत्व के लिए हिंदुओं को एकजुट करने के लिए एक साथ आ गई हैं।

**हिंदुत्ववादी ताकतें जमीनी परिदृश्य कैसे बदल रही हैं**

आरएसएस, वीएचपी और अन्य हिंदुत्व संगठनों की मदद से एकजुट धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं ने वक्फ बोर्ड अधिनियम, लव जिहाद, शरिया कानून, वोट जिहाद, मदरसा घृणित शिक्षा और इसके वित्तपोषण, हिंदुओं के धार्मिक धर्मांतरण और इसके घातक प्रभावों के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हिंदुओं की बड़ी सभाओं को संबोधित करके झूठी कथाओ पर काम करना शुरू कर दिया, और कैसे एकजुट हिंदू संविधान को विनाशकारी ताकतों से बचा सकते हैं, यह बताया गया। इस सजगता ने हिंदू समुदाय में एक बड़ी सकारात्मक लहर पैदा की, और उन्होंने पहचाना कि एकता कितनी महत्वपूर्ण है, यही वजह है कि 2019 और मौजूदा लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार वोट प्रतिशत में वृद्धि हुई।

**नारे किस तरह चुनावों को प्रभावित कर रहे**

पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नारे "एक है तो सुरक्षित है" और "बटेंगे तो कटेंगे" ने हिंदुओं में जबरदस्त जागृति पैदा की। श्रेष्ठता और हीनता का सीमित जातीय रवैया टूट गया और हिंदू अब एकजुट होकर मतदान कर रहे हैं।

## विचार

# क्या टेलरिंग शॉप पर रोक से महिलाएँ सुरक्षित हो पायेगी?

**प्रियंका सौरभ**

**सामाजिक** मान्यताएँ अक्सर महिलाओं को कमजोर और पुरुषों को आक्रामक के रूप में चित्रित करती हैं, जो असमान लिंग गतिशीलता को बढ़ावा देती हैं जो उत्पीड़न को बनाए रखती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि कार्यस्थल पर उत्पीड़न महिलाओं को असंगत रूप से प्रभावित करता है क्योंकि पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण जड़ जमाए हुए हैं। नियोक्ताओं और कर्मचारियों सहित कई लोगों को कार्यस्थल पर उत्पीड़न कानूनों के बारे में जानकारी नहीं है, जिसके कारण अनियंत्रित कदाचार होता है। केवल 35% भारतीय महिला कर्मचारी ही यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम, 2013 के बारे में जानती हैं। कानूनों का अकुशल क्रियान्वयन और जवाबदेही की कमी उत्पीड़कों को बढ़ावा देती है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए आवंटित निर्भया फंड (2013) खराब प्रशासन के कारण कम उपयोग में आता है। कुछ व्यवसायों में महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व पुरुष-प्रधान वातावरण बनाता है, जिसमें सत्ता का दुरुपयोग होने की संभावना होती है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 के अनुसार, महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर में वृद्धि हुई है, लेकिन यह लगभग 37% पर बनी हुई है। न्याय, पीड़ित को दोषी ठहराने या प्रतिशोध का डर पीड़ितों को उत्पीड़न की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करता है, जिससे चुप्पी की संस्कृति बनी रहती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, यौन उत्पीड़न सहित महिलाओं के खिलाफ अपराध, नतीजों के डर, अपर्याप्त जागरूकता और सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण बहुत कम रिपोर्ट किए जाते हैं। लिंग भेद का अर्थ है कि महिलाओं को निरंतर सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी एजेंसी और व्यावसायिकता कमजोर होती है। पुरुष दर्जियों को महिलाओं के माप लेने से रोकना सुरक्षा के लिए महिलाओं की निर्भरता की धारणा को मजबूत करता है। ऐसी नीतियाँ पुरुषों को संभावित खतरे के रूप में सामान्यीकृत करती हैं, अविश्वास पैदा करती हैं और कार्यस्थल की गतिशीलता को नुकसान पहुँचाती हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि समावेशी कार्य वातावरण लिंगों के बीच अधिक सम्मान और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। अलगाव असमान अवसरों को बनाए रखता है, एक लिंग के वर्चस्व वाले व्यवसायों में भागीदारी को प्रतिबंधित करता है। भारत के सशस्त्र बलों ने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को लड़ाकू भूमिकाओं से प्रतिबंधित किया है, जो पेशेवर अवसरों पर अलगाव के प्रभाव को दशार्ता है। एनडीए प्रेरण जैसे सुधार प्रगति को दशार्ते हैं, लेकिन पूर्वाग्रह बने रहते हैं। सामाजिक दृष्टिकोण को सम्बोधित करने के बजाय, अलगाव लक्षणों को लक्षित करता है जबकि शक्ति असंतुलन और खराब शिक्षा जैसे मूल कारणों को अछूता छोड़ देता है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो रिपोर्ट (2023) ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आईपीसी के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराधों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता से जुड़ा था। अलगाव पुरुष पेशेवरों के लिए ग्राहक आधार को कम करता है, जो निम्न-आय वर्ग के लोगों को असमान रूप से प्रभावित करता है। छोटे शहरों या गांवों में जहाँ यूनिसेक्स सैलून उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, ऐसी प्रथाओं से पुरुष नाइयों के लिए नौकरी के अवसर कम हो सकते हैं।

उत्पीड़न की जड़ से निपटने के लिए सम्मान, सहमति और कार्यस्थल नैतिकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएँ। पॉश अधिनियम, 2013 प्रशिक्षण सत्रों को अनिवार्य बनाता है, जिसे टेलरिंग और सैलून जैसे अनौपचारिक क्षेत्रों में विस्तारित किया जाना चाहिए। आपसी समझ विकसित करने और रूढ़िवादिता को कम करने के लिए व्यवसायों में मिश्रित-लिंग स्टाफिंग को बढ़ावा दें। संयुक्त राष्ट्र महिला के ही फॉर शी अभियान जैसी पहल पुरुषों और महिलाओं को विविध सेटिंग्स में समान रूप से सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उत्पीड़न विरोधी कानूनों के सख्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# योगी का प्रभाव अब मोदी का आत्मविश्वास

**अमित त्यागी**

**हरियाणा के** बाद महाराष्ट्र की जीत के बड़े मायने हैं क्योंकि लोकसभा चुनावों में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी। भाजपा को सिर्फ 240 सीट मिलीं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश में भाजपा दूसरे न का दल बनी। योगी आदित्यनाथ को विपक्षियों द्वारा काफी घेरा गया। इस बीच डीप स्टेट द्वारा बंगलादेश में तख़्तापलट कर दिया गया। भारत के कथित सेकुलर बुद्धिजीवी वर्ग ने भी इस उठापटक को देखा। इस बीच योगी आदित्यनाथ ने एक नारा दिया कि बटोगे तो कटोगे। यह सही समय पर सटीक योगी प्रहार था। योगी का यह नारा फ्लोटिंग वॉटर को प्रभावित करने वाला रहा। पहले भाजपा ने मुश्किल हरियाणा चुनाव जीता, उसके बाद महाराष्ट्र में भाजपा की जबरदस्त जीत हुयी। योगी के नारे से केंद्र में मोदी का आत्मविश्वास बढ़ा। इस बीच अमेरिका के अगले राष्ट्रपति ट्रम्प होंगे। ट्रम्प को राष्ट्रवादी विचारधारा का माना जाता है इसलिए उनका और मोदी का सामंजस्य बेहतर दिखता है। यदि संपूर्णता के साथ देखा जाये तो योगी का प्रभाव मोदी के आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है। भारत का विपक्ष जिस तरह जातिगत राजनीति को उभार कर राजनीति करना चाहता है उसे योगी के नेतृत्व में भारतीय जनता ने तोड़ दिया है। आज दुनिया में सिर्फ स्वयं को बेहतर दिखाने और वर्चस्व की जंग मची हुई है। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-फ्लिस्तीन युद्ध और अन्य देशों के बीच इस समय वैश्विक युद्धों की भरमार है। भारत की मजबूती के लिए भारत में जाति, धर्म से हटकर मजबूत सरकार वैश्विक मांग है। यदि जाति को देखें तो भारत में जातियाँ सिर्फ जातियाँ नहीं हैं बल्कि सामाजिक इकाइयां रही हैं। जातियों के विभाजन का आधार व्यावसायिक पहचान था। जो जिस तरह के व्यवसाय से जुड़ा था वह उसकी जाति बन गयी। लोहे के काम करने वाले लोहार बने तो सोने के काम वाले सुनार। इस बीच जो शक्तिशाली था उसने कमजोर पर दवाब बनाया।

इस तरह जाति व्यवस्था में आपस में दूरियाँ बढ़ती चली गईं। राजनीतिक व्यवस्था ने जातियों के आपसी मतभेद को जी भरकर भुनाया।

# पाकिस्तान कंगाली के गर्त में’

**संजीव**

"**विनाश** काले विपरीत बुद्धि" कहावत पाकिस्तान के लिए एकदम सटीक बैठती है। पाकिस्तान दाने दाने के लिए मोहताज हो गया है और बांग्लादेश में हिन्दू विरोधी लगातार दंगों में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की भूमिका सक्रिय बताई जाती हैं। एक कहावत है भूखे ने भूखे से कुश्ती लड़ी दोनों बेहोश हो गए। यही हाल पाकिस्तान और बांग्लादेश का हो रहा है बांग्लादेश पाकिस्तान से स्वतंत्रता के बाद बा मुश्किल भारत की सहायता से अपनी अर्थव्यवस्था पटरी पर ला पाया था पर वहां शेख हसीना का तख्ता पलट कर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियो की सलाह पर हिंदुओं के विरोध में दंगे भड़का कर अपना सत्यानाश करने पर अमादा है।

उधर दूसरी तरफ कंगाली के इस भयानक दौर से गुजर रहे पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का और जम्मू कश्मीर में 370 धारा लागू करने की विरोध में अपना फिर नया बयान जारी किया है उसने कहा है कि भारत के मंसूबे पाकिस्तान तथा पीओके के प्रति ठीक नहीं है और सीमा पर जंग की तैयारी कर रहा है और जम्मू कश्मीर में 370 धारा लागू करने को असवैधानिक करार किया जिसका भारत में मुंह तोड़ जवाब दे दिया है। कंगाल पाकिस्तान अब चीन के साथ भारत की सीमा पर लगे मियांवाले जिले में चश्मा परमाणु का पांचवा प्लांट स्थापित करना चाहता है और इसके लिए बाकायदा चीन ने उसे आश्वासन भी दिया है’ ये सब तैयारी ईरान को अपने परमाणु बम बेचनें की तैयारी का ही उपक्रम है इसके बदले ईरान से बड़ी धनराशी वसूलने की पाक की नापाक योजना ही है।पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शरीफ ने चीन के इस प्रस्ताव के लिए के लिए एहसान माना है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा पाकिस्तान को कर्ज देने में देरी से पाकिस्तान को चीन द्वारा कुछ वित्तीय मदद की जाने का आश्वासन दिया है और इसी तारतम्य में नया रिएक्टर परमाणु प्लांट लगाने का समझौता किया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री शरीफ भी मौजूद थे उन्होंने चीन के साथ अपनी दोस्ती को हिमालय से भी ऊंची करार दिया है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री ने कराची बंदरगाह का सौदा संयुक्त अरब अमीरात से किया है।

## न्यूज फ्लैश

### स्कूल बस ड्राइवर पर चाकू से किया वार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले में एक प्राइवेट स्कूल के बस ड्राइवर पर एक दूसरे ड्राइवर ने चाकू से हमला कर दिया। ड्राइवर अपने स्कूल के बस कंडक्टर की बेटी की शादी में गया हुआ था। हमले में उसको गंभीर चोटें आईं। उसे अस्पताल लाया गयाए जहां बाजू पर टांके लगाए गए हैं। आरोप स्कूल मालिक के ड्राइवर पर लगे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
करनाल के पटवान मोहल्ला निवासी पीड़ित वीरेंद्र शर्मा प्रताप पब्लिक स्कूल का ड्राइवर है। पीड़ित ने बताया कि कंडक्टर की बेटी की शादी थी। शादी का कार्यक्रम स्कूल के ग्राउंड में ही था और वह भी शादी में आमंत्रित किया गया था। इसी दौरान वहां मौजूद स्कूल मालिक के ड्राइवर राजन पांडे ने अचानक चाकू निकालकर उस पर चार-पांच बार वार कर दिया।
वीरेंद्र का आरोप है कि राजन पांडे ने बिना किसी कारण हमला किया। चाकू के वार से उसे गंभीर चोटें आई, जिसके कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टरों ने उसे सार्प चोट बताई है और बाजू पर कई टांके भी आए हैं। मेडिकल करवाने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। जांच अधिकारी निरंजन ने बताया कि वीरेंद्र शर्मा ने ड्राइवर राजन पांडे पर चाकू से हमले के आरोप लगाए हैं। शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के अनुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### स्कूटी सवार लड़की ने बाइक में मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में काछवा रोड पर जटपुरा मोड के पास एक स्कूटी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के पैर में फ्रेक्चर आया है, जबकि बेटी के सिर व दांतों में गंभीर चोटें आईं। घायल बेटी को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर स्कूटी सवार लडकी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नड़ाना निवासी राहुल ने पुलिस को बताया कि 20 नवंबर को अपनी मां रोहताशी देवी व बहन निशा के साथ बाइक पर करनाल में रिश्तेदार के घर जा रहे थे। जटपुरा मोड़ के पास स्कूटी सवार लडकी ने लापरवाही व तेज रफ्तार से स्कूटी चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। राहुल ने बताया कि टक्कर के बाद लडकी ने उनकी मदद करने के बजाय गाली-गलौज शुरू कर दी और मौके से फरार हो गई। राहुल ने बताया कि हादसे में घायल अपनी मां व बहन को वह लोगों की मदद से काछवा अस्पताल में ले गया। डॉक्टरों ने फर्स्ट एड दी और करनाल सिविल हॉस्पिटल में रेफर कर दिया। करनाल अस्पताल में पहुंचे तो यहां पर डॉक्टरों ने मेडिकल बनाने से मना कर दिया, क्योंकि काछवा अस्पताल का सेंटर निसिंग अस्पताल में आता है। वह 22 नवंबर को अपनी मां व बहन के साथ निसिंग अस्पताल में पहुंचा और मेडिकल बनवाया। इसके बाद उन्हें करनाल सिविल अस्पताल में रेफर किया, जहां पर एक्स-रे किए गए। 23 नवंबर को सीटी स्कैन करवाया गया, जिसमें बहन के सिर में गंभीर चोटें मिली और मां के पैर में फ्रेक्चर पाया। जिसकी वजह से बहन को चंडीगढ़ रेफर कर दिया। सदर थाना के जांच अधिकारी कुलविंद्र ने बताया कि राहुल की शिकायत के आधार पर आरोपी स्कूटी सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगें, उसके अनुरूप आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पराली प्रोत्साहन योजना के तहत किसान 30 नवंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन: उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा पराली प्रोत्साहन योजना 2024-25 के तहत फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए योजना शुरू की गई है। योजना के तहत एक हजार रूपए प्रति एकड़ का प्रोत्साहन दिया जाएगा। योजना का लाभ पाने के लिए इच्छुक किसान 30 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को पराली जलाने से रोकना और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इससे न केवल पर्यावरण को सुरक्षित किया जाएगा, बल्कि किसानों को फसल अवशेषों का सही तरीके से प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# ग्लास कंपनी में टफन शीशे की लेयर गिरने से कंपनी के कर्मचारी की मौत

## एफएसएल टीम की जांच के बाद पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल के ग्रह में रखवाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर** गन्नौर सोनीपत गन्नौर मार्ग पर राजलू गढ़ी गांव के समीप ग्लास कंपनी में टफन शीशे की लेयर गिरने से 26 वर्षीय प्रवासी मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कंपनी के कर्मचारियों ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस वी डायल 112 की टीमों के पर पहुंची और मौका मुआयना कर जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवाया। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजन मौके पर नहीं पहुंचे थे और पुलिस कार्रवाई



में लगी हुई थी। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि सोमवार की सुबह उन्हें सूचना मिली थी कि राजलू गढ़ी गांव के पास वर्मा ग्लास कंपनी में टफन शीशे की लेयर गिरने से 26 वर्षीय प्रवासी कर्मचारी की मौत हो गई है। मौके पर पहुंचने पर जांच की तो मृत्क की पहचान दीपक पुत्र सत्यनारायण गांव गोस्वामा, मुज़फ़्फ़रपुर बिहार के रूप में हुई। मृतक कर्मचारी के साथ काम कर रहे उसके साथी कन्हैया कुमार से पुलिस ने पूछताछ की। जांच के दौरान सामने आया है पूरी सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसमें शीशे की लेयर गिरती हुई दिखाई दे रही है। मृतक दीपक के ऊपर शीशे की लेयर गिरने से उसकी गर्दन बुरी तरह से कट गई। कंपनी के मलिक दिल्ली निवासी रॉकी वर्मा ने बताया कि

**हादसा**

**घटना के बाद कंपनी के कर्मचारियों ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी**

सूचना के बाद वे मौके पर पहुंचे। कर्मचारी दीपक कंपनी में 15 दिन पहले ही नौकरी पर लगा था।

**मृतक के परिजनों के आने के बाद होगी कार्रवाई , शवग्रह में रखवाया शव: थाना प्रभारी**

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के थाना प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि एफएसएल टीम की जांच के बाद पुलिस ने शव को सोनीपत सिविल अस्पताल के शवग्रह में रखवा दिया है।

### एंटी करप्शन फाऊंडेशन के डायरैक्टर बने मुनीश जैन



**टीम एक्शन इंडियआ**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) एंटी करप्शन** फाऊंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने नैशनल टीम का विस्तार करते हुए पानीपत के मुनीश जैन को फाऊंडेशन का नैशनल चीफ डायरैक्टर नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा, नैशनल डायरैक्टर अजीत राही, नैशनल चीफ चेयरपर्सन पायल मित्तल ने मुनीश जैन को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। मुनीश जैन ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाऊंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जाएंगे और अपनी टीम का देश भर में विस्तार करेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाऊंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में मुनीश जैन को एंटी करप्शन फाऊंडेशन ऑफ इंडिया की नियुक्ति देते हुए। अवेयरनैस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है। फाऊंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर भाषण, स्लोगन, ड्राइंग, निबंध आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती ह।

### अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक का समय देने के लिए उपायुक्त से की मांग

**गन्नौर:** नगर पालिका गन्नौर के पार्षदों ने उपायुक्त कार्यालय में पहुंचकर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक की मांग करते हुए शिखर समय देने की मांग की। मांग पत्थर में पार्षदों ने कहा कि नगर पालिका गन्नौर में 17 पार्षद ह।
जिनमें से 13 पार्षदो ने उपप्रधान नगरपालिका दिनेश अदलेखा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग करते हुए 20 नवंबर को शपथ पत्र दिया था। लेकिन अब तक हाउस की मिटिंग नही हुई है। 4 पार्षदों ने दोबारा से उपायुक्त कार्यालय में जाकर बैठक के लिए समय देने की मांग की।

## नवीन जिंदल छात्रवृत्ति योजना पर सेमिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**हल्के** के संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीवन और पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में नवीन जिंदल छात्रवृत्ति योजना पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन और ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की चांसलर शालू जिंदल के निजी सलाहकार सतीश भारद्वाज ने शिरकत की। ओर यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी सांझा की

**योजना की विशेषताएं और पात्रता शर्तें**

सेमिनार के दौरान सतीश भारद्वाज



ने योजना की विशेषताओं और पात्रता शर्तों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन होनहार छात्रों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलती है। योजना के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के स्थायी निवासी, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है और जो 12वीं कक्षा में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त कर चुके हैं, इसके पात्र होंगे। 10वीं के छात्रों के लिए अंक सीमा नहीं है, लेकिन वे किसी सरकारी या निजी आईटीआई या पॉलिटेक्निक संस्थान में नामांकित होने चाहिए।

**सीवन स्कूल का योगदान**

संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीवन के प्रधानाचार्य सुदर्शन शर्मा ने सतीश भारद्वाज और उनकी टीम का स्वागत किया और छात्रों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक अशोक कुमार, दिलबाग सिंह, संदीप दुहन, राजदीप शीतल समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**सीवन कन्या स्कूल में छात्रों की भागीदारी**

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में भी इस योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रिंसिपल इंचार्ज इंग्लिश लेक्चरर नीना शर्मा, अनुराधा शर्मा, रेखा, गोल्डी गुप्ता, कविता, इंदु , अंजलि,अजय ने सतीश भारद्वाज और का स्वागत किया।

### लिटल एंजल्स की आलिया दहिया ने जीते पदक



**19 नवंबर** से 22 नवंबर 2024 तक दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-18 में लिटल एंजल्स की आलिया दहिया ने एकल वर्ग के फाईनल मुकाबले में दिल्ली की खिलाड़ी मानवी राठी को 6-4, 6-3 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता इसी के साथ युगल मुकाबले के फाईनल में वाणी के साथ खेलते हुए उत्तर प्रदेश की टीम से कड़े मुकाबले 4-6, 4-6 के स्कोर से सिल्वर पदक जीता। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 135 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चंढीगढ में हो रही राष्ट्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में भी आलिया दहिया भाग लेगी। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने आलिया दहिया को बधाई दी और भविष्य में होने वाली राष्ट्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में भी बेहतर खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।

## हौंसले से हार भी बदली जा सकती है जीत में: मीरा गौतम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, :** सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा संचालित शैक्षणिक एवं करियर ग्रुप सफलता मंत्र के तीसरे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा और संस्कार संगोष्ठी आयोजित की गई। जानकारी देते हुए सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षाविद डॉ. मीरा गौतम मुख्य वक्ता रही जबकि अध्यक्षता समाजसेवी गुलशन ग्रोवर ने की।



संगोष्ठी में प्रधानाचार्य बलदेव राज सैनी,समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़,संरक्षक जितेंद्र बंसल,सफलता मंत्र ग्रुप इंचार्ज अमरजीत पांचाल और वरिष्ठ अधिवक्ता पृथ्वी नाथ गौतम ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। शिक्षाविदों के परिचय उपरांत संगोष्ठी आरंभ हुई जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. मीरा गौतम ने कहा कि आधुनिक युग में युवा वर्ग विदेशों की ओर जा रहा है। इसके लिए अभिभावक व बच्चे हर संभव प्रयास करते हैं लेकिन कई बार

**मनोबल**

**सफलता मंत्र ग्रुप पूरी तरह से अपने नाम के अनुरूप समाज हित में कार्यक्रम कर रहा है: संरक्षक जितेंद्र बंसल**

आशानुकूल परिणाम नहीं मिलते और बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। इस विषय पर विदेश भेजने वाले निजी संस्थान पूर्व में ही बच्चों की काऊंसलिंग या अध्यात्म में अभ्यास करवाएं जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और वे हौंसले से हार को भी जीत में बदल देंगे। अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी गुलशन ग्रोवर ने कहा कि संस्कारों के अभाव में ही आज केवल धन अर्जित करने के लिए पढ़े लिखे नौजवान विदेशों की ओर मुख मोड़ रहे हैं। संस्थानों को चाहिए कि वे नौजवानों और उनके परिवार के हालातों के बारे अवगत करवाएं। संरक्षक जितेंद्र बंसल ने बताया कि सफलता मंत्र ग्रुप पूरी तरह से अपने नाम के अनुरूप समाज हित में कार्यक्रम कर रहा है।

## युवक ने रेल के आगे कूदकर दी जान, दूसरा हादसे का शिकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। बजीदा के पास एक व्यक्ति ने सुसाइड किया है तो दूसरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म के नजदीक हादसे का शिकार हुआ है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है, जबकि घायल व्यक्ति करनाल के रामनगर का बताया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल युवक को करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। वहीं सुसाइड मामले में शव को 72 घंटे



के लिए शवगृह करनाल में रखवा दिया है। करनाल जीआरपी से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 24 नवंबर को दो हादसे हुए हैं, जिसमें दो लोगों की जान गई है। पहले मामले में हादसा बजीदा गांव के नजदीक हुआ है। रेलवे ट्रैक पर शव क्षत-विक्षत हालात में मिला था। शरीर के टुकड़े इधर-उधर बिखरे हुए थे। जिसकी वजह से मृतक की पहचान भी नहीं हो पाई है, क्योंकि उसके कपड़ों से कोई पहचान पत्र नहीं मिला है।
मृतक ने नीले रंग की पेंट और मटमैली रंग की कमीज पहनी हुई है और पांव स्पोर्ट्स शूज है और ब्राउन कलर की जुराब है। उम्र करीब 40 से 42 साल हो सकती है। दिल्ली से कालका पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। लोको पायलट की स्टेटमेंट के मुताबिक व्यक्ति ने सुसाइड किया है।

### पीएमएफएमई योजना बेरोजगारों को स्वरोजगार में मददगार: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार से जोडने में लाभकारी साबित होती जा रही है। विभिन्न योजनाओं के तहत व्यक्तिगत तौर पर पुरुष, महिला, किसान उत्पादन संगठन, स्वयं सहायता समूह व सहकारी समिति ऋण योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि स्वयं सहायता समूह को मशीन की खरीद के लिए प्रत्येक सदस्य के हिसाब से 40 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा रही है।

## इंग्लिश विषय पर आधारित वर्कशॉप संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/ ( कमाल हुसैन )**
आई. बी. (पीजी) महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के द्वारा एसेंशियल इंग्लिश विषय पर आधारित वर्कशॉप के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रकार की वर्कशॉप तथा अन्य कोर्सेज अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष कराए जाते हैं। वर्कशॉप का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति डर को दूर करना था। ताकि वे अंग्रेजी भाषा से संबंधित अपनी कमियों को दूर कर सके तथा भविष्य में आने वाले रोजगार संबंधित अवसरों के लिए सक्षम हो सके। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। जिसमें आईबी पीजी कॉलेज



की गवर्निंग बॉडी के मेंबर युधिष्ठिर मिगलानी , प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार गर्ग, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉक्टर नीलम तथा विभाग के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री युधिष्ठिर मिगलानी जी ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करती हैं और उनके ज्ञान को बढ़ाती हैं। प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार गर्ग ने कहा कि महाविद्यालय में कक्षा विषय वस्तु केंद्रित शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार के भाषा आधारित वर्कशॉप कॉलेज द्वारा समय-समय पर आयोजित करवाए जाते हैं

**जागरूक किया**

**डॉ नीलम ने विद्यार्थियों से कहा कि अंग्रेजी भाषा विश्व की सबसे महत्वपूर्ण भाषाओं में से एक**

ताकि भविष्य में उनके लिए रोजगार पाना सुगम हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों विद्यार्थियों को इस वर्कशाप के लाभ बताते हुए उन्हें इस वर्कशॉप से जुड़ने की बधाई दी। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डॉ नीलम ने विद्यार्थियों से कहा कि अंग्रेजी भाषा विश्व की सबसे महत्वपूर्ण भाषाओं में से एक है।

## गीता महोत्सव के यादगार पल पहुंचेंगे उड़ीसा के हर नागरिक तक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 के हर यादगार क्षण महोत्सव के पार्टनर राज्य उड़ीसा के हर नागरिक तक पहुंचेंगे। इस प्रदेश के नागरिक अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के वैश्विक गीता पाठ से भी जुड़ेंगे। इस प्रदेश के मंत्रीगण व अधिकारीगण को प्रदेश सरकार व केडीबी की तरफ से परम्परा अनुसार निमंत्रण दिया गया है। अहम पहलु यह है कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का उड़ीसा के लोग उत्साह और जोश के साथ इंतजार कर रहे है।
केडीबी के सीईओ पंकज सेतिया ने पार्टनर राज्य उड़ीसा के मेहमानों को निमंत्रण देने के बाद बातचीत कर रहे



थे। केडीबी के सीईओ एवं सदस्य एमके मोदगिल ने सोमवार को पार्टनर राज्य उड़ीसा के भाषा साहित्य एवं संस्कृति विभाग के मंत्री सूर्यभांशी सूरज, कला विभाग के संयुक्त निदेशक एवं संयुक्त सचिव, उड़ीसा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव आईएएस विष्णुपदासेठी, मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रसन्ना कुमार सारंगी के साथ-साथ अन्य अधिकारियों और उड़ीसा के मुख्य मेहमानों को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 के लिए प्रदेश सरकार व केडीबी की तरफ से निमंत्रण पत्र दिया।
केडीबी के सीईओ ने उड़ीसा पार्टनर राज्य के मेहमानों को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि 28 नवंबर को गीता रन, 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक शिल्प और सरस मेला, 5 दिसंबर को पुरुषोत्तमपुरा बाग में गीता यज्ञ, 5 दिसंबर से 7 दिसंबर

**निमंत्रण**

**मंत्रीगण व अधिकारीगण को प्रदेश सरकार व केडीबी की तरफ से परम्परा अनुसार निमंत्रण दिया**

तक अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार, 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक कला एवं संस्कृति विभाग तथा एनजैडसीसी पटियाला व केडीबी की तरफ से सुबह के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम, 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक कला एवं संस्कृति विभाग तथा एनजैडसीसी पटियाला व केडीबी की तरफ से सायं के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक विभिन्न समाजसेवी और धार्मिक संस्थाओं की तरफ से प्रदर्शनी लगाई जाएंगी, 5 से 11 दिसंबर तक केडीबी की तरफ से कुरुक्षेत्र और पवित्र ग्रंथ गीता को लेकर प्रदर्शनी, 5 से 11 दिसंबर तक हरियाणा साहित्य और संस्कृति एकादमी की तरफ से गीता पुस्तक मेला, 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक हरियाणा पैविलयन, 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक ज्योतिसर व सन्निहित सरोवर पर श्रीमद् भगवद कथा, 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक केडीबी की तरफ से ब्रह्मसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में भजन संध्या व आरती, 8 से 10 दिसंबर तक शिक्षा विभाग की तरफ से गीता श्लोकों उच्चारण, वाद विवाद, रंगोली,मेंहदी सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन सन्निहित सरोवर पर किया जाएगा।

## रोडवेज बस से टकराई कार, एयरबैग खुलने से बची जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नेशनल हाईवे पर कार और रोडवेज बस की टक्कर हो गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से डैमेज हो गया। वहीं गाड़ी के दोनों एयरबैग खुल गए, जिससे कार ड्राइवर की जान बच गई। वहीं हादसे के कारण हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त गाड़ी को रास्ते से हटवाया। करनाल के अल्फा सिटी निवासी कर्मबीर गुप्ता का घरौंडा में प्रॉपर्टी डीलर का काम है।



सोमवार को कर्मबीर गुप्ता घरौंडा ऑफिस में आए थे और ऑफिस का जरूरी काम निपटाने के बाद करनाल अपने घर जा रहे थे। उनके साथ उनका ड्राइवर गौतम भी था। कर्मबीर गुप्ता ने बताया कि करनाल में सेक्टर-8 के पास हाईवे पर अचानक से हरियाणा रोडवेज की बस ने ब्रेक लगा दिए, जिससे कार बस के पीछे जा टकराई और एयर बैग खुल गए। हादसा बहुत ही भयानक था। कार आगे से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

## न्यूज फ्लैश

### सप्लाई चेन के मोनेटाइजेशन के ईकार्ट के प्रयासों ने पिछले 3 वर्षों में 8 गुना विकास दर्ज किया

**सोनीपत।** भारत की अग्रणी 4पीएल कंपनियों में शुमार ईकार्ट अपनी उन्नत टेक्नोलॉजी व परिचालन उत्कृष्टता के साथ लॉजिस्टिक्स सेक्टर में लगातार बदलाव ला रही है। ईकार्ट ने परिचालन को विस्तार दिया है और सप्लाई चेन को मोनेटाइज करने के इसके प्रयासों ने पिछले तीन वर्षों में 8 गुना विकास दर्ज किया है। ब्रांड्स और रिटेलर्स अपनी सप्लाई चेन संबंधी जरूरतों के लिए ईकार्ट की लॉजिस्टिक्स क्षमताओं का प्रयोग करते हुए उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने में सक्षम हुए हैं। प्रतिदिन 60 लाख से अधिक शिपमेंट की क्षमता के साथ ईकार्ट का लास्ट-माइल नेटवर्क 98% भारतीय पोस्टल कोड तक




फैला हुआ है, जिसे 5 करोड़ क्यूबिक फीट से अधिक की वेयरहाउसिंग और 7,000 ट्रकों के बेड़े से ताकत मिलती है। इन क्षमताओं से भारत में ईकॉमर्स ब्रांडों के लिए ऑर्डर के अगले दिन डिलीवरी में 30% की वृद्धि हुई है और क्षेत्रीय कवरेज में 40% का विस्तार हुआ है। ईकार्ट के चीफ बिजनेस ऑफिसर मणि भूषण ने कहा, ईकार्ट की क्षमताएं भारत के लॉजिस्टिक्स उद्योग में विशाल संभावनाओं को दशार्ती हैं और हमें इस उद्योग के विकास में योगदान करने पर गर्व है। हम ड्राइविंग एफिशिएंसी व स्केलेबिलिटी पर ध्यान देते हुए इंडस्ट्री-फर्स्ट टेक्नोलॉजी विकसित करने और सप्लाई चेन इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा मानना है कि सप्लाई चेन को लेकर हमारी गहरी समझ और एफिशिएंसी की दिशा में हमारा सतत प्रयास न केवल हमारी सर्विस लेने वाले ब्रांड्स के लिए, बल्कि समग्रता में भारत के पूरे लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम के लिए बदलाव का बड़ा कारक है। ईकार्ट ने हाल ही में ईकॉमर्स से आगे अपनी सेवाओं को विस्तार दिया है। कंपनी ने बैंकों और गैर-बैंकिंग संस्थानों जैसे वित्तीय संस्थानों के लिए डॉक्यूमेंट डिलीवरी सॉल्यूशंस की पेशकश की है। सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड दोनों तरह के दस्तावेजों को संभालने की इस क्षमता से न केवल ईकार्ट की सेवाओं में विविधता आई है, बल्कि विभिन्न सेक्टर में भरोसेमंद तरीके से दस्तावेजों की आवाजाही सुनिश्चित करके इसने ज्यादा इंटीग्रेटेड और रेजिलिएंट लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में भी योगदान दिया है।

### थिएटर के जरिए सपनों को साकार करना: लिटरेसी इंडिया की 'थिएटर इन एजुकेशन' पहल ने युवा प्रतिभाओं को किया प्रेरित

**गुरुग्राम।** कम संसाधनों वाले समुदायों के बच्चों ने मंच पर अपनी अद्भुत प्रतिभा, हास्य और साहस का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीता। यह अवसर था लिटरेसी इंडिया के नए म्यूज़िकल थिएटर प्रोडक्शन दूर के दर्शन की प्रस्तुति यानि शो का। इस आयोजन ने लिटरेसी इंडिया की ह्यथिएटर इन एजुकेशन कार्यक्रम की ट्रांस्फॉर्मटिवे ताकत को दशार्या। यह प्रोग्राम बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और लाइफ स्किल्स विकसित कर उन्हें पूरी शिक्षा प्रदान करता है। इसी प्रोग्राम ने '3 इडियट्स' के प्रसिद्ध किरदार 'मिलीमीटर' और ह्यभाग मिल्खा भागह्ल के युवा कलाकारों को भी निखारा है। राजीव शर्मा द्वारा निर्देशित और निखिलराज द्वारा लिखित ह्यदूर के दर्शनह्ल ने दर्शकों को इतिहास के रोमांचक सफर पर ले जाकर अकबर-बीरबल और कृष्णदेव राय-तेनालीराम की कहानियों को कॉमेडी अंदाज में पेश किया। इस शो में यूफोरिया के प्रसिद्ध कलाकार पलाश सेन और कोलकाता के संगीत निर्देशक और गायक बॉनी चक्रवर्ती के संगीत ने चार चांद लगा दिया।

# किड्ज़ी स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का किया गया आयोजन

## कार्यक्रम में लगभग 200 बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

**प्रतियोगिता**

**विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनके प्रदर्शन की जमकर सराहना की गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सैक्टर 3 स्थित किड्जी स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन आई एस राजेश चौहान जी ने दीप प्रज्वलन कर खेल उत्सव का शुभारंभ किया। वरिष्ठ अतिथि डॉ. मोहित, वीरेंद्र कुमार और अरविंद कुमार , आनन्द कुमार, स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय सी पी आर प्रशिक्षक डॉ. राजेंद्र सैनी ने की, जबकि कोऑर्डिनेटर ज्योति खनेजा ने खेल प्रतियोगिताओं का संचालन किया। विद्यालय प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा, "खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि ये बच्चों को अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना सिखाते हैं।" उन्होंने खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने थ्रो द बॉल, बैलेंस रेस, ज़िग-जैग रेस, बैकपैक रेस और एडवेंचर रेस जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनके प्रदर्शन की सराहना की गई।यह आयोजन बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने में सफल रहा। विद्यालय ने इस अवसर पर छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास में खेलों की भूमिका पर भी जोर दिया। कार्यक्रम का समापन विजेताओं के सम्मान और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।प्ले ग्रुप थ्रो द बॉल इन द बास्केट में कुंज और कमलदीप प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर अनादी और शुभनाम रहे। तृतीय स्थान पर जसनाज और अविराज रहे। नर्सरी जिग जैग में काशवी , जुगराज , समक्ष प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर आयरा, हरनूर और वरदान रहे। तृतीय स्थान पर वीवान, पारिन और साक्षी रहे।नर्सरी बैलेंस बॉल रेस में आध्या , राजवीर,आशना और जैसमान प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर हर्षिका, समायरा ,भव्या यशदीप रहे। तृतीय स्थान पर आहना, श्रेयांश, अथर्व, आरवी रहे। नर्सरी असेंबल द बॉल में पूर्वी ओर अविराज प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर ईश्विन और अगमजोत रहे। तृतीय स्थान पर श्रीनिका और प्रिशा रहे। जूनियर केजी बैलेंस फिट ओन द हर्डल में वैभव और हेजल प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर दक्ष और बानी रहे। तृतीय स्थान पर अक्षय और अदवे रहे।
कलेक्ट द बॉल में अरजय और रियांश प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर तनिष्क और शुभनाम रहे। तृतीय स्थान पर आदित्य और सियांशी रहे। जूनियर केजी बैकपैक में आयान और प्रिषा नौडियाल प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर हर्षिता और विवान रहे।

# आईसोफाईन टीवीएस ने मिलन समारोह का किया आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** स्थित मॉडल टाउन आईसोफाईन टीवीएस की ओर से मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे लक्की ड्रॉ विजेताओं को एमडी संजय भट्टाचार्य ने ईनाम देकर सम्मानित किया। आईसोफाईन हरियाणा के पूरे जीटी सबसे तेजी से बढ़ने वाले अधिकृत डीलर शिप हैं संजय भटाचार्य और अंश वालिया ने अपने टीवीएस शोरूम अधिकारिक मिलन समारोह के अवसर पर कहा की ग्राहको का सम्मान और प्यार अर्जित करने के लिए सबसे पहले आपको उनका सम्मान करना होगा । उनकी बात सुनना आवश्यक है और जहा सफलता की बात है तो उसे एक ही लाइन में व्यक्त किया जा सकता है ऐसा करने से हम ग्राहको को जीवन भर अपने साथ जोड़ सकते है । ग्राहको को दीपावली पर्व पर नया वाहन खरीदने पर लक्की ड्रॉ कूपन दिया गया था । जिसमे से ताने मित्तल ने मिक्सर,रेनू - इयरफोन लिड ,दीपिका जैनः- फ्रिज ,विजयः- इलेक्ट्रिक इंडक्शन,रघुवीरः-धुलाई मशीन ., अरविंद कौर-एल ई डी,अमित- मोबाइल फोन,सुष कुमारीः-विद्युत प्रेरण,सोहन सिंह- मोबाइल फोन आदि अन्य उपहार ग्राहको ने आईसोफाइन टीवीएस से प्राप्त किए।

**समारोह**

**आईसोफाईन हरियाणा के पूरे जीटी सबसे तेजी से बढ़ने वाले अधिकृत डीलर शिप हैं**

# हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : मुरथल** थाना सोनीपत पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रवीन उर्फ पीन्ना निवासी जागसी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। मोहल्ला जिला हिसार निवासी रिंकू ने गत 5 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपनी किसी काम से गांव बड़ौली आया हुआ था। वह मुरथल फ्लाई ओवर के नीचे गाड़ी मोड़कर वापिस अपने गांव की तरफ जाने लगा। वह पेशाब करने के लिए सर्विस रोड पर रूक गया। उसी दौरान कार उनके पास आकर रूकी। जिसमें से कई लड़के उतरकर उसके पास आए। एक लड़के के हाथ में पिस्तौल थी। उसने गाड़ी के शीशे ऊपर करके खिड़की लॉक कर दी। उसके लड़के ने पिस्तौल के बट ?ट कार के शीशे पर मारे। उसने गाड़ी को पीछे करने का प्रयास किया तो लड़के ने गोली चला दी। जोकि गाड़ी के शीशे पर लगी। किसी तरह वहां से बचने के बाद मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# टीबी को हराने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी: सुनील कुमार

**जागरूक किया**

**योजना के माध्यम से उपचार के दौरान पीड़ितों की 500 रुपये प्रतिमाह आर्थिक मदद दी जाती है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास चेयरमैन नेहा सिंह के निदेर्शानुसार टीबी से बचाव को लेकर गोविंदगढ़ की आंगनबाड़ी और झुग्गी-बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला टीबी को-आर्डिनेटर अंजली की अगुवाई में आमजन को टीबी से बचाव और इलाज की जानकारी दी गई।जिला रेडक्रास सचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि रेडक्रास की ओर से लोगों को टीबी बचाव के साथ क्षय रोगियों को दवाइयां भी मुहैया करवाई जा रही हैं, खासकर उन रोगियों की पहचान की जा रही है, जिनकी किसी कारणवश दवाई बीच में छूट गई है। टीबी को हराने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है।उन्होंने कहा कि आमजन को टीबी को जागरूक होना होगा, यदि टीबी के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत सिविल अस्पताल में जांच कराई जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा टीबी हारेगा-देश जीतेगा का नारा देते हुए वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ सहयोग से टीबी को जड़मूल से समाप्त करने के लिए स्लम एरिया, ईंट भट्टे, मजदूर कालोनियों पर फोकस किया जा रहा है।टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल के निदेर्शानुसार टीबी से बचाव को प्रति आमजन को जागरूक किया जा रहा है। टीबी रोगियों को दवाइयां मुहैया करवाने के साथ आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को पौष्टिक किट भी दी जा रही हैं। निक्षय मित्र एप पर कोई भी समाजसेवी संस्था या फिर व्यक्तिगत तौर कोई भी व्यक्ति अपना पंजीकरण करवाकर पौष्टिक किट दे सकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाएं निक्षय मित्र एप पर पंजीकरण करवा रही हैं। टीबी के मरीजों के लिए पोषण आहार योजना के माध्यम से उपचार के दौरान पीड़ितों की 500 रुपये प्रतिमाह आर्थिक मदद दी जाती है।

# अम्बाला के शिक्षकों ने राज्यस्तरीय रंगोत्सव में दिखाई प्रतिभा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बालाः** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा पंचकूला में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय रंगोत्सव शिक्षक प्रतिभा कार्यक्रम में अंबाला जिले के शिक्षकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 19 एवं 20 नवंबर को पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी जिलों से पुरुष एवं महिला वर्गों में क्लासिकल संगीत, पारंपरिक लोक संगीत, संगीत वादन क्लासिकल, संगीत वादन पारंपरिक, लोक नृत्य, क्लासिकल नृत्य, दृश्य कला 2डी, दृश्य कला 3डी, पारंपरिक खिलौने एवं खेल इत्यादि विभिन्न श्रेणियों में जिला स्थान पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले18 अध्यापकों ने भाग लिया था। जिसमे आज घोषित परिणामों में अंबाला जिले के अध्यापकों क्रमशः विजय राणा ने विजुअल आर्ट प्रतियोगिता (2डी) में प्रथम, शिव प्रकाश ने इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक में प्रथम और मनदीप सिंह ने विजुअल आर्ट (3डी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अंबाला जिला का नाम रोशन किया।
शिक्षकों को उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा ने हार्दिक बधाई देते हुए अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया और कहा कि यह न केवल शिक्षकों के लिए बल्कि पूरे अंबाला जिले के लिए गौरव का क्षण है।

**लोहा मनवाया**

**रंगोत्सव शिक्षक प्रतिभा कार्यक्रम में अंबाला जिले के शिक्षकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया**

# युवक पर हमला कर बाइक व फोन लूटने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : क्राइम** यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने युवक पर हमला कर बाइक व फोन लूटने की वारदात के पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नच्छैतर सिंह उर्फ बीक्का निवासी बरवाला पंजाब का है। आरोपित तीन साल से फरार चल रहा था। पुलिस आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील करेगी। ताकि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। गांव जाखौली निवासी सोहन ने गत 9 फरवरी 2021 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह कुंडली स्थित वर्धमान में नौकरी करता है। वह डयूटी खत्म होने के बाद अपनी बाइक पर सवार होकर अटेरना पहुंचा थ्था। उसी दौरान बाइक पर तीन लड़के आए। दो युवकों के पास डंडे व एक के पास तलवार थी। उस पर तीनों ने हमला कर दिया। उसके बाद उसकी बाइक व मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने की वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। वहीं मामले में फरार चल रहे आरोपित पर पुलिस ने मई 2024 में पांच हजार रुपये का इनाम रखा था। सीआईए प्रभारी रविकांत की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को आरोपित को पुलिस अदालत में पेश कर रिमांड की अपील करेगी। ताकि वारदात में शामिल अन्य आरोपित की गिरफ्तार व अन्य आरोपित को गिरफ्तार किया जा सके।

**काबू**

**आरोपित तीन साल से फरार चल रहा था। पुलिस आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील करेगी**

# शादी समारोह में फायरिंग कर फैलाई दहशत, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिले के भट्टूकलां क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। इस मामले में तुरंत एक्शन लेते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान अशोक उर्फ मांडा पुत्र दलबीर सिंह निवासी भट्टूकलां के रूप में हुई है। आरोपी को सोमवार को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस बारे में पुलिस को दी शिकायत में थाना भट्टूकलां में बतौर एसए तैनात ईएएसआई निहाल सिंह ने कहा है कि गत दिवस जब वह ड्यूटी पर था।

# ट्रेडिंग सिखाने का झांसा देकर दो युवकों से 21 लाख ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जिले** में साइबर ठगी के मामले में कम नहीं हो रही है। साइबर ठग लगातार लोगों की मेहनत कमाई को झांसे में लेकर ठग कर रहे है। साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग सिखाने के नाम पर दो युवकों से 21.59 लाख रुपये की ठगी कर डाली। पीड़ितों ने मामले की शिकायत साइबर थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने पीड़ितों के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच की जा रही है। शास्त्री कॉलोनी निवासी मंजीत सिंह ने बताया कि उसके पास मोबाइल पर गत 3 सितंबर को कॉल आई थी। कॉल करने ने खुद को बहुदेशीय कंपनी एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज का कर्मी बताया था। उसने कहा था कि उनकी कंपनी निशुल्क शेयर ट्रेडिंग सिखाती है। उसने उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया। कुछ दिन बाद उन्हें शेयर मार्केट में मुनाफे का हवाला देकर निवेश के लिए उकसाया गया। उन्हें बताया कि वह 200 से 300 फीसदी तक मुनाफा कमा सकते हैं। पीड़ित का कहना है कि वह उनके झांसे में आ गए। उन्होंने उनके अनुसार अलग-अलग खातों में 13 बार में 5 नवंबर तक 14,46,999 रुपये की राशि भेज दी। जब रुपये वापस निकालने लगा तो रुपये नहीं निकाल पाए। जांच में पता लगा कि सभी रुपये फर्जी कागजात पर खुलवाए गए खातों में डाले गए हैं। कंपनी के नाम पर फर्जी वेबसाइट और एप बनाकर ठगी की गई है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**युवक से सात लाख से ज्यादा की राशि ठगी-** गांव खानपुर निवासी नीरज कुमार ने पुलिस को बताया कि गत 15 सितंबर को शेयर ट्रेडिंग सिखाने को लेकर कॉल आई थी। युवक ने खुद को बहुदेशीय कंपनी एसबीआई सिक्योरिटी सीएपपी का कर्मी बताया था। उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया। जिसके बाद शेयर ट्रेडिंग के बारे में रोजाना एक घंटा कक्षा लगाकर जानकारी दी जाने लगी। बाद में उन्हें निवेश को उकसाया गया। उन्हें बताया गया कि वह जिस शेयर में रुपये लगाने की कहते है उसमें रुपये लगाने पर वह शेयर जल्द ही 10 से 20 फीसदी तक बढ़ जाएगा। उन्हें झांसे में लेकर 16 अक्तूबर से 8 नवंबर तक दस बैंक खातों में उनके से 7,12,500 रुपये ट्रांसफर कराए गए।

**फर्जीवाड़ा**

**उनकी कंपनी निशुल्क शेयर ट्रेडिंग सिखाती है। उसने उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया**

# नशीला पदार्थ रखने के 4 गिरफ्तार, 36 किलो अफीम बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोपियों को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में पंजाब सिंह पुत्र हरभजन सिंह, गुरविंद्र सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह, सेवा सिंह पुत्र टहल सिंह व जीत बासु पुत्र रोहित बासु वासीयान कोणी थाना सादिक जिला फरीदकोट पंजाब को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से 36 किलो 140 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है।
जानकारी देते हुए प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला, भा.पु.से. ने बताया की परमजीत सिंह डीएसपी पेहवा के नेत्रत्व में जिला कुरुक्षेत्र से अपराध अन्वेषण शाखा-2 के प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल के मार्गनिर्देश में टीम उप निरीक्षक प्रेम चन्द सहायक उप निरीक्षक राम कुमार, सुरेन्द्र सिंह, विरेन्द्र विक्रम मुख्य सिपाही महेश कुमार की टीम अपराध तलाश मे बस अड्डा गांव उस्मानपुर के 152 डी के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि पंजाब सिंह पुत्र हरभजन सिंह, गुरविंद्र सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह, सेवा सिंह पुत्र टहल सिंह व जीत बासु पुत्र रोहित बासु वासीयान कोणी थाना सादिक जिला फरीदकोट पंजाब अफीम बेचने का काम करते है । जो आज भी ट्रक नंबर पीबी-19-एफ-9855 व पीबी-02-सीसी-9871 में झारखण्ड से अफीम छुपाकर गांव उस्मानपुर हरियाणा रास्ते से पंजाब जायेंगे। यदि गांव उस्मानपुर में एनएच-152 पर नाकाबन्दी करके ट्रक को चैक किया जाए तो ट्रक से भारी मात्रा में अफीम बरामद हो सकती है।
सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव उस्मानपुर में एनएच-152के पास नाकाबंदी करके चैकिंग शुरू कर दी ।
कुछ समय बाद पुलिस टीम को ट्रक ट्रक नंबर पीबी-19-एफ-9855 व पीबी-02-सीसी-9871 आते हुए दिखाई दिये।जिसको पुलिस टीम ने काबू करके उसमे बैठे व्यक्तियों से उनका नामपता पूछने पर उन्होंने अपना नाम पंजाब सिंह पुत्र हरभजन सिंह, गुरविंद्र सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह, सेवा सिंह पुत्र टहल सिंह व जीत बासु पुत्र रोहित बासु वासीयान कोणी थाना सादिक जिला फरीदकोट पंजाब बताया। मौका पर राजपत्रित अधिकारी परमजीत सिंह डीएसपी पेहवा को बुलाया। राजपत्रित अधिकारी के सामने आरोपियों व ट्रक की तलाशी लेने पर 36 किलो 140 ग्राम अफीम बरामद हुई।

**सफलता**

**उस्मानपुर में एनएच-152 पर नाकाबन्दी करके ट्रक को चैक किया जाए तो ट्रक से अफीम बरामद हो सकती है**

# शादी में आए सगे भाइयों पर पिस्तौल तान कर धमकी देने का लगाया आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में आयोजित शादी समारोह में युवकों ने दो सगे भाईयों पर पिस्तौल ताने व बट मारकर घायल करने सहित कार का शीशा तोड़ने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव आहुलाना निवासी संजीत बताया कि वह 22 नवंबर को अपनी बहन के घर शादी में आया हुआ था। रात करीब 11 बजे सलीम सर माजरा का नवीन, राहुल और उनके साथी नाच रहे थे। इसी दौरान उनके बीच हाथापाई हो गई। शोर सुनकर वह बची-बचाव करने आए तो नवीन और राहुल उनको छोड़ कर उसे पीटने लगे। उसका भाई सुमित भी वहां आ गया। चार-पांच युवक सुमित को पीटने लगे। इसी दौरान नवीन और राहुल ने पिस्तौल निकाल ली। नवीन ने उसके सिर पर और राहुल ने उसके भाई सुमित के सिर पर पिस्तौल तान दी। राहुल ने सुमित के सिर पर पिस्तौल का बट मार कर घायल कर दिया। दोनों भाई किसी तरह वहां से बच कर भागे। आरोपित उनका पीछा करने लगे। आगे जाकर उनकी कार रास्ता रोक लिया। दोबारा से गोली मारने की कोशिश की, लेकिन वह बच कर भाग गए। आरोपितों ने उनकी कार भी तोड़ दी। घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचकर उपचार करवाया। उसके बाद पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में पीड़ितों के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**केस दर्ज**

**पीड़ितों के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है**

# सोम बाजार के फड़ी वालों की गुहार, सरकार और प्रशासन दे कोई स्थाई स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला छावनी:** अम्बाला छावनी का दिल कहे जाने वाले सोम बाजार के फड़ी वालो पर संकट के बादल मंडरा रहे है। पिछले बहुत सालों से कभी सदर बाजार मे छोटे -छोटे रेहड़ी फड़ी वाले अपनी फड़ी लगा कर अपना घर चला रहे थे जहाँ से हर गरीब और अमीर अपनी जरूरत के हिसाब से सामान खरीदता था और अपनी जरूरत पूरी कर लेता था और इस तरह फड़ी वाला भी अपना परिवार पाल रहा था। फिर वहां सदर बाजार के दुकानदारों ने उनसे फड़ी लगाने के पैसे लेने शुरू कर दिये ये सिलसिला काफी



साल चलता रहा। फिर सिंगापुर बनाने के नाम पर इन फड़ी वालो को यहां से उजाड़ दिया गया और इन्हे राय मार्किट के पीछे मोटर मार्किट मे नगर परिषद ने रेहड़ी फड़ी लगाने की अनुमति दे दी और खुद परिषद फड़ी वालो की सरकारी पर्ची काट देते थे मगर अब वो पर्ची काटनी बंद कर दी है '

**मांग**

**फिर वहां सदर बाजार के दुकानदारों ने उनसे फड़ी लगाने के पैसे लेने शुरू कर दिये**

अब दुकानदार अपनी दुकान के आगे सामान लगाने की एवज मे फड़ी वालो से हर सोमवार प्रति मेज लगाने के हिसाब से पैसे वसूलते है। वही फड़ी वालो का कहना है कि सोमवार को तो बाजार बंद होता है ' फिर ये जगह भी नगर परिषद की है तो प्रशासन को चाहिए कि वह इसी बाजार मे ही और इनके साथ लगती (नाले के साथ वाली सड़क जो कि अभी ज्यादा नहीं चलती और आने जाने के लिए दूसरी तरफ रास्ता भी है) पर फड़ी लगाने की अनुमति प्रदान करे और सभी रेहड़ी फड़ी वालो से प्रति रेहड़ी या प्रति टेबल के हिसाब से हर सोमवार या महीने के हिसाब से अस्थाई पर्ची काट दे।

जिससे की आस -पास और कुछ दूर दराज से आए रेहड़ी फड़ी वालो का काम भी चलता रहे और उनके परिवार का पालन पोषण भी होता रहे और साथ ही यहाँ आने वाले लोगों को वह सस्ते मे सामान भी उपलब्ध करवाते रहे।

# एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का सफल आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य मैं नहीं बल्कि आप को सार्थक सिद्ध करते हुए जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल? में स्वयंसेवकों द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्घाटन आदरणीय प्रधानाचार्य महोदया श्रीमती सीमा आर्य जी द्वारा मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित करके किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना गीत कैंप की शुरूआत के समय बजाया गया। श्रीमती सीमा आर्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को हमेशा सेवा करते रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य महोदया ने बताया कि कैसे वह खुद भी एक स्वयंसेवक रही है।

इस कैंप के दौरान विद्यालय के लगभग 85 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सभी स्वयंसेवकों को 15-15 के समूह में विभाजित कर दिया गया और सभी समूहों को अलग-अलग जिम्मेदारी भी सौंप गई।सभी स्वयंसेवकों ने विद्यालय की साफ सफाई व अन्य मुख्य कार्यों में काम किया। कैंप के दौरान सभी स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति के लिए भी जागरूक किया गया और कैंप के पश्चात सभी स्वयंसेवकों के लिए जलपान व भोजन की भी व्यवस्था की गई।

## न्यूज फ्लैश

### केयू में संविधान दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद् गीता सदन (ऑडिटोरियम) में 26 नवम्बर को को संविधान दिवस पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यमंत्री शामिल होंगे तथा सभागार में उपस्थित शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को विशेष उद्बोधन देंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संविधान दिवस पर आधारित क्रश हॉल में लगने वाली प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि केयू में भव्य रूप से आयोजित होने राज्य स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि क्रश हॉल में लगने वाली संविधान प्रदर्शनी में 40 से अधिक पैनल आकर्षण का केन्द्र होंगे। वहीं प्रदर्शनी को चार भागों मे बांटा गया है जिसमें संविधान की प्रस्तावना, अपने संविधान को जानें, संविधान का निर्माण व संविधान की महिमा का उत्सव मनाना शामिल है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि संविधान प्रदर्शनी में सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है तथा संविधान थीम पर विद्यार्थियों द्वारा रंगोली भी बनाई गई है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने श्रीमद्भगवद् गीता सदन (ऑडिटोरियम) में प्रदर्शनी स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 26 नवंबर 1950 को देश ने संविधान को स्वीकार किया था जिसके चलते भारत के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा 19 नवम्बर 2015 को फैसला लेते हुए हर वर्ष 26 नवम्बर को देश में बडे.स्तर पर संविधान दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में संविधान दिवस पर आयेजित होने वाले भव्य कार्यक्रम द्वारा संविधान के महत्वता बारे आमजन के साथ-साथ युवा पीढी को जागरूक करने का काम किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान संविधान दिवस पर प्रवक्ताओं द्वारा संविधान विषय पर प्रकाश भी डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि विधि विभाग एवं ललित कला विभाग के संविधान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 10 से अधिक छात्रों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### ई-श्रम पोर्टल असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में सुधार की सार्थक पहल: डीसी

**पानीपत, (कमाल हुसैन)** डीसी डॉक्टर वीरेद्र कुमार दहिया ने कहा कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणार्थ शुरू की गई नई पहल ई-श्रम पोर्टल को हरियाणा में मजबूती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण शुरू किया गया है। ई-श्रम पोर्टल केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि यह असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की एक पहल है। अभी असंगठित श्रमिकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से जोड़ा जा रहा है ताकि वे सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले सकें। डीसी ने कहा कि हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म असंगठित श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड? के लिए बनाया गया है। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से आह्वान किया कि वे ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। श्रम विभाग द्वारा हरियाणा के सभी जिलों में ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण के लिए एक विशाल अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को 12-अंकीय यूनिवर्सल खाता संख्या (यूएएन) दिया जाएगा जो श्रमिक के पूरे जीवनकाल के लिए वैध होगा। साथ ही श्रमिकों का कौशल मानचित्रण भी किया जाएगा जहां श्रमिक अपने हुनर की पूरी जानकारी रजिस्टर करेंगे, जिसकी मदद से नियोक्ता अपनी आवश्यकता अनुसार श्रमिकों को रोजगार प्रदान कर सकेंगे। डीसी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि कोई भी श्रमिक निकटतम सामान्य सेवा केंद्र या सरल केंद्र पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकता है। पंजीकरण के बाद श्रमिक अपनी जरूरत अनुसार स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं का लाभ आसानी से ले सकते हैं। अब अप्रवासी श्रमिक भी श्रम विभाग में अपना पंजीकरण अवश्य करायें और विभाग द्वारा दी जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठायें।

# युवक की हत्या मामले का एक और आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस ने युवक की हत्या मामले के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है । थाना केयूके की टीम ने युवक की हत्या मामले के आरोपी गोपाल उर्फ गोलू पुत्र नरेश कुमार वासी क्योंकड जिला कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवकत ने बताया कि दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को थाना केयूके पुलिस को दिए अपने बयान में रोहित कुमार पुत्र हरिराम दास वासी सालसी टीगरमारी जिला किशनगज बिहार हाल किराएदार किशनगढ जिला कुरूक्षेत्र ने बताया था कि वह मजदूरी का काम करता है । उसका बडा भाई



दीपक कुमार उम्र 26 वर्ष जो कि आज से 20 दिन पहले कुरूक्षेत्र ब्रह्म सरोवर पर आया था। वह शराब वा सुखा नशा करने का आदि और ब्रह्म सरोवर पर घुमता-फिरता था। वह अक्सर घाट पर घुमकर मांग कर खाता था और यहीं पर सो जाता था । उनको शक है कि कुछ बाबाओं के साथ मिलकर वा एक औरत बाबा के साथ उसने मिलकर शराब पी और उन्होने मेरे उसके भाई दीपक कुमार की हत्या की है। जिसकी शिकायत पर थाना केयूके में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक नरेश कुमार द्वारा की गई। दिनांक 14 अक्टूबर 2023 को के टीम ने युवक की हत्या मामले के आरोपी पप्पू को गिरफ्तार कर लिया था।

आरोपी को अदालत में पेश किया गया था। मामले के सम्बन्ध में अलग से जानकारी देते हुए प्रभारी थाना केयूके निरीक्षक ने बताया कि मृतक दीपक कुमार व आरोपी पप्पू दोनों नशेडी किस्म के व्यक्ति थे।

उस दिन नशे को लेकर दोनों की सडक पर आपस में मामूली सी कहासुनी हो गई थी। जिस पर आरोपी ने सडक पर साईड में पडा सीमेंट से बना ब्लॉक (सडक पर लगने वाले) हाथ में उठाकर दीपक को चोट मारकर उसकी हत्या कर दी थी।

# 14 को किया जाएगा नेशनल लोक अदालत का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इरम हसन ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन मे जिला न्यायालय, करनाल की सभी अदालतों में 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कोई व्यक्ति अदालत मे लम्बित मुकदमें रखकर उनका फैसला करवा सकता है। इसके अलावा प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमो के लिए स्थाई लोक अदालत, करनाल मे 13 दिसम्बर को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमे प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमे रखकर उनका निपटारा किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0184-2266138 व नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सार्थक साहित्य मंच की नवम्बर मास की काव्य गोष्ठी हुई




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** सार्थक साहित्य मंच कुरुक्षेत्र की नवम्बर मास की काव्य गोष्ठी दिन रविवार दिनांक 24/11/2024 को श्रीमती सीमा बिरला जी की मेजबानी में गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई ।इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता हरपाल ने की । इसका कुशल मंच संचालन डॉ.सी.डी.एस. कौशल जी ने किया । इस काव्यगोष्ठी का शुभारंभ हमेशा की तरह ज्योति प्रज्वलित कर माँ शारदे की स्तुति कर हुआ।
यह सफल काव्य गोष्ठी हंसी ठहाकों के बीच बड़ी शानदार रही।

# सरकारी स्कूल में युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**निरीक्षण**

**युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों को पंचायत की कार्यवाही की पूरी जानकारी मिलेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आज राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बाबैन मे युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के 52 बच्चों ने भाग लिया। इस




अवसर पर निरीक्षण के लिए डाइट पलवल से डॉ राजेंद्र कुमार व गुरमेल दहिया जी मौजूद रहे। पंचायत में गांव के मुद्दों को उठाया गया और उनका तत्काल मौके पर सरपंच व अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया। बच्चों द्वारा पंचायत की बहुत शानदार प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार ने कहा कि युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों को पंचायत की कार्यवाही की पूरी जानकारी मिलेगी।

# युवक की मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर ।** जीटी रोड पर कैफे चाप पर खाना खाकर वापस आए युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई चोरी की सूचना मोटरसाइकिल मालिक ने पुलिस को दी सूचना के बाद बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी पुलिस को दी शिकायत में गांव दतौली निवासी सतीश ने बताया कि रविवार को मेरा लड़का मोहित कल सोनीपत से गांव दतौली जा रहा था । मोहित कैफे चाप पर अपनी मोटरसाइकिल को खड़ी करके अंदर खाना खाने के लिए चला गया।

# मूल्य आधारित शिक्षा को शिक्षा प्रणाली में शामिल करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** व्यक्ति और समाज को आकार देने में मूल्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गीता अनुशासन, दृढ़ता, निस्वार्थता और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण जैसे मूल्यों पर जोर देती है।आज आवश्यकता है गीता में विद्यमान मूल्य आधारित शिक्षा को भारतीय शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाय, जिससे छात्रों का नैतिक, मानवीय मूल्यों सहित सवार्गीण विकास हो और छात्र देश के एक जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज में सकारात्मक योगदान दे सके। यह विचार अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवादगीता जयंती - 2024 के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा




मिशन द्वारा आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस निवेदिता पब्लिक स्कूल में आयोजित गीता बाल संवाद कार्यक्रम में डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ निवेदिता पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकश मिश्र ने कहा गीता विद्यर्थियों को पवित्रता, शक्ति, अनुशासन, ईमानदारी, दयालुता और निष्ठा के साथ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस तरह विद्यार्थी अपना उद्देश्य पा सकते हैं और उसे पूरी तरह से जीवन में जी सकते हैं। जिस तरह योगेश्वर श्रीकृष्ण अर्जुन से सभी संदेहों को दूर करने और अपने सर्वोच्च स्व पर भरोसा करने का आग्रह करते हैं, उसी तरह विद्यार्थी भी गीता के ज्ञान का उपयोग करके अपनी कठिनाइयों और निर्णयों का सामना निडरता और ईमानदारी से कर सकते हैं और जीवन को प्रामाणिक और पूर्ण रूप से जीना सीख सकते हैं।
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निवेदिता पब्लिक स्कूल के निदेशक एवं प्राईवेट स्कूल एसोसिशन, कुरुक्षेत्र के प्रधान मेवाराम कश्यप ने कहा मातृभूमि सेवा मिशन युवा एवं बाल पीढ़ी में श्रीमदभगवदगीता के प्रचार प्रसार के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवम् मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती मीनू ने बताया कि माननीय न्यायमूर्ति श्री अरुण पल्ली, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार व सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सेशन डिवीजन पानीपत में 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करने जा रही है। मीनू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-एवं-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत ने आगे बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने लंबित मामलों जिसमें दुर्घटना के दावे, चेक बाउंस, बैंक वसूली, नागरिक विवादों से संबंधित सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं भी शामिल है और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित कंपाउंडेबल अपराधों के अपराधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुलझा सकते हैं।
उन्होंने लोगो से अहवान किया है की वे ज्यादा से ज्यादा अपने मुकदमों को लोक अदालत के माध्यम से निपटारा कर सकते हैं।

# दीवाना तेरा आया बाबा तेरी नगरी में...., साईं नाथ तेरे हजारों हाथ...

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, :** श्री शिरड़ी साईं सेवा संघ द्वारा स्थापित साईं मंदिर का त्रयोदश साईं स्वरूप स्थापना दिवस समारोह रविवार पूरा दिन साईं भक्तों द्वारा धूमधाम से आयोजित किया गया। इससे पूर्व संघ के सदस्यों एवं साईं भक्तों द्वारा 108 लीटर दूध से साईं मूर्ति का मंगल स्नान कराया गया। इसके पश्चात न्यू शांति एनक्लेव स्थित अनिल बजाज के निवास से साईं पालकी रथयात्रा निकाली गई, जोकि शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए साईं मंदिर पहुंची। जगह-जगह इस रथयात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बैंड-बाजों की मधुर धुन के बीच साईं भक्त



झूमते हुए निकले। इसके पश्चात सांईं आरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में आए साईं भक्तों ने भाग लिया। तत्पश्चात साईं जी को 56 भोग प्रसाद लगाए गए। इस दौरान श्री शिरडी साईं सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय शर्मा व अन्य सदस्यों ने समय-समय पर दिए गए सहयोग एवं मंदिर के प्रति विशेष आस्था के लिए कई

**बाबा के दर पर**

**जगह-जगह इस रथयात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बैंड-बाजों की मधुर धुन के बीच साईं भक्त झूमते हुए निकले**

सहयोगियों को सम्मानित किया गया। स्टेज पर भजन गायकों पानीपत से संधू ब्रदर्स और बब्बू चावला ने शिरडी साईं के भजन सुनाकर समां बांधा। दीवाना तेरा आया बाबा तेरी नगरी में...., साईं नाथ तेरे हजारों हाथ..., शिरड़ी वाले साईं बाबा आया है तेरे दर पर सवाली... इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठें। विशाल भंडारा में भक्तों ने सेवा करते हुए प्रसाद ग्रहण किया।
इस अवसर पर अध्यक्ष डा.विजय शर्मा,पुजारी अनमोल शास्त्री,श्याम सुंदर सेठी,राजेश्वर,अरुण गौड़, प्रदीप गोयल, सोमनाथ, चंद्रभान, यश अरोड़ा, धीरज गुलाटी, गगनदीप ढींगरा आशु, अरुण गौड़, हैप्पी बुल्लेशाह,गौरव गर्ग, सुरेश, आरुप दास,रमन बंसल, बलदेव राज,परविंदर मनचंदा, अनिल अरोड़ा,प्रदीप अरोड़ा,सत्य प्रकाश, तरुण ढींगरा, राकेश ठाकुर, प्रदीप डूडेजा,किरण गौड़, करुणा शर्मा,मधु,शंकरी देवी,सीमा अरोड़ा, नीना गुप्ता,रेणु मिगलानी और सीमा कपूर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# कुवि के गुलजारी लाल नंदा केन्द्र का साधु संतों ने किया अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भारत रत्न श्री गुलजारी लाल नन्दा केन्द्र में अक्षरधाम मंदिर के प्रमुख संतों-- साधु ज्ञान मंगल स्वामी जी कुरुक्षेत्र अक्षरधाम मंदिर, साधु आनंद प्रकाश स्वामी कुरुक्षेत्र अक्षरधाम मंदिर, साधु ज्ञान मंगल स्वामी कुरुक्षेत्र अक्षरधाम मंदिर के संत, साधु आनंद प्रकाश स्वामी कुरुक्षेत्र अक्षरधाम मंदिर के संत, दिल्ली अक्षरधाम से आए हुए संत पूज्य मनोविजय स्वामी, दिल्ली अक्षरधाम के संत पूज्य देवेशमुनि



स्वामी जी व लगभग 400 श्रद्धालुओं ने संग्रहालय व पुस्तकालय का अवलोकन व समाधि पर पुष्प अर्पित किये। केन्द्र में दीप प्रज्वलन के साथ अक्षरधाम के सौजन्य से प्राप्त 9 छाया चित्रों का लोकार्पण भी हुआ।
इस अवसर पर केंद्र की निदेशिका प्रो. शुचिस्मिता, 48 कोस तीर्थ मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, केडीबी सदस्य व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नरेलाः महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा की जीत पर बांटी मिठाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में भाजपा की जीत पर नरेला में भाजपाइयों ने जश्न मनाया और मिठाई बांटी।

बाहरी दिल्ली के नरेला में बवाना रोड़ स्थित अपने कार्यालय में भाजपा युवा नेता प्रदीप रामनारायण भारद्वाज ने भाजपा को महाराष्ट्र विधानसभा में प्रचंड बहुमत मिलने पर रविवार को लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया और कहा कि भाजपा ने महाराष्ट्र में प्रचंड बहुमत प्राप्त कर इतिहास रचा है। भाजपा के कार्यों पर जनता ने मुहर लगाकर पार्टी को जिताने का काम किया है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने 36 बिरादरियों के कल्याण के लिए काम किया हैं। भाजपा ने देश व प्रदेश में सभी राज्यों का सामान





विकास कराया है। इससे जनता भाजपा को जीत दिलाकर सत्ता की चाबी सोपने का काम कर रही है। वहीं निवर्तमान चेयरमैन रामनारायण भारद्वाज ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। महाराष्ट्र में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है। जबकि उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में जनता ने अपना विश्वास भाजपा पर जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी की जन कल्याणकारी योजनाओं का सभी वर्गों को फायदा मिल रहा है। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने लड्डू बाटकर जीत के जश्न की एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या मे पार्टी कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# 250 से अधिक झुग्गी क्लस्टरों में भाजपाई करेंगे रात्रि प्रवास

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा के महामंत्री विष्णु मित्तल ने कहा है की भाजपा के झुग्गी विस्तार अभियान के अंतर्गत आज मंगलवार 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता दिल्ली के 250 झुग्गी क्लस्टरों में रात्रि प्रवास करेंगे। इस प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत पार्टी नेता कलस्टर में किसी परिवार के साथ रूकेंगे, वहीं भोजन करेंगे और उनकी समस्याओं पर चर्चा करके उनके समाधान पर उन्ही के सुझाव लेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा पूर्वी दिल्ली विनोद नगर के नेहरु कैम्प में प्रवास करेंगे। राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम झिलमिल कॉलोनी बस्ती में, केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा कलंदर कॉलोनी में, नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता सूरज कॉलोनी में, सांसद मनोज तिवारी नवीन शाहदरा की इंद्रा बस्ती में, रामवीर सिंह बिधूड़ी दक्षिण दिल्ली के गोला कुआं कैम्प में, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया बवाना में, कमलजीत सहरावत गोयला डेयरी बस्ती में, प्रवीन खंडेलवाल लॉरेंस रोड़ बस्ती में, बाँसुरी स्वराज सैक्टर 3 आर.के.पुरम रविदास बस्ती में रात्रि प्रवास करेंगे। उन्होंने कहा कि शाम 4 बजे से शुरू होने वाले प्रवास के अंतर्गत बस्तियों में डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, बस्ती के बच्चों एवं युवाओं से संवाद, झुग्गी प्रधानों से संवाद, घर घर सम्पर्क, सहभोज, रात्रि विश्राम एवं अगले दिन प्रातः जन जागरण का कार्यक्रम रहेगा।

# न्याय यात्रा को सफल बनाने पर किया धन्यवादः आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली न्याय यात्रा को चरम पर पहुंचाने और यात्रा के उद्देश्य को जन जन तक पहुंचाने में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है। करावल नगर जिले की सभी विधानसभाओं से यात्रा गुजर चुकी वहां अपने इन्हीं कार्यकताओं की हौसलाअफजई और धन्यवाद करने के लिए जिलाध्यक्ष द्वारा इन्हें चाय पर आमंत्रित कर अपने कार्यकर्ताओं को आगे के लिए भी तैयार रहने के लिए आगाह किया जा रहा है। इसी तरह की एक धन्यवाद बैठक तिमारपुर विधानसभा में भी की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने की। इस बैठक में सचिव जितेन्द्र सिंह बघेल, जिला आब्जर्वर डॉ पी के मिश्रा उपस्थित रहे। इस धन्यवाद बैठक का



आयोजन जिला महासचिव वीर सिंह और जिला उपाध्यक्ष बलजीत शर्मा ने किया। अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए इन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की बुनियाद उसके कार्यकर्ता होते हैं और अपने इन्हीं कार्यकर्ताओं के बूते आज कांग्रेस देश की बड़ी और मजबूत पार्टी बनी हुई है। इन्हीं कार्यकर्ताओं ने यात्रा के संदेश को लोगो तक पहुंचाया जिसके चलते लोग अपने घरों से निकल रहे है और अपनी समस्याओं को देवेंद्र यादव के सामने रख रहे हैं। लोग आज भी शीला जी की कांग्रेस सरकार के कार्यों की सराहना कर रहे हैं। और लोग चाहते हैं कि फिर से कांग्रेस की सरकार आए और उनको परेशानियों से निजात मिले। क्योंकि झूठ और पाखंड के दम पर सत्ता हथियाने वाले लोगो ने दिल्ली की जनता को धोखे के अलावा कुछ नहीं दिया। ये लोग न ही ढंग की सड़कें दे पा रहे हैं, ना साफ पीने का पानी दे रहे हैं। जो दिल्ली कभी क्लीन दिल्ली ग्रीन दिल्ली की टैग लाइन के साथ चमकती थी उस दिल्ली को आज कूड़े के ढेर में तब्दील कर देश का सबसे प्रदूषित शहर बना दिया है। उन्होंने भाजपा के सातों सांसदों की कार्यशैली की घोर निंदा करते हुए कहा कि भाजपाई सांसद पोस्टरबाजी के अलावा कहीं दिखाई नहीं देते। जिन लोगों को यह लोग घोटाले में शामिल बताते हैं कुछ दिन बाद उन्हीं लोगों को अपनी पार्टी में शामिल कर लेते हैं।

कैलाश गहलोत इसका ताजा उदाहरण है। आरोप प्रत्यारोप लगाने के अलावा इनको जनता के मुद्दे कभी नजर नहीं आते। लेकिन इस बार जनता ऐसे दोगले लोगों को उखाड़ फेंकने का मूड बना चुकी है। और इस बार दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इस धन्यवाद बैठक में जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, रेखा रानी, अंकित प्रधान, वीर सिंह प्रधान, भगत चौहान, रामकिशन चौहान, चुन्नी लाल, एस के अग्रवाल, सुंदर पाल, रवि कुमार, कुशल पाल चौहान, वीरेंद्र सिंह चौहान, सविता चौधरी, साधना शर्मा, जगमोहन चौहान, प्रेम सिंह चौहान, प्रदीप चौहान, युद्धवीर चौहान, शेखर चौहान, नरेंद्र चौहान, श्याम सिंह चौहान, ब्रह्म सिंह चौहान, अशोक चौहान, वरुण, राजेंद्र प्रजापति, दीपक ज्ञान सिंह के अलावा अन्य कार्यकर्ता और ग्राम समाज कल्याण से जुड़े लोगों ने शिरकत की।

# महाराष्ट्र और यूपी के उपचुनाव के बाद दिल्ली में भी खिलेगा कमलः राठौर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से भाजपा के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव के आए परिणाम पर हर्ष जाहिर करते हुए बताया कि महाराष्ट्र में भाजपा की एक बड़ी जीत से यह संदेश मिलता है कि विपक्ष बांटने का काम कर रहा था और प्रधानमंत्री मोदी देश को एक करने का काम करते रहे। देश एक रहना चाहता है और सुरक्षित रहना चाहता है। देश प्रधानमंत्री के विकास मॉडल के साथ जुड़ना चाहता है। महाराष्ट्र की जनता ने वहां कमल खिलाया है और दिल्ली में अब



जनता कमल खिलाने जा रही है। राठौर ने बताया कि हरियाणा में जब कांग्रेस हारी तभी हमने कह दिया था कि अब दिल्ली की बारी है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी को जनता ने अब नकार दिया है, जो अपने झूठे वादों और घोटालों की वजह से लोगों के दिलों से उतर चुकी है। हरियाणा के विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी को दो प्रतिशत से भी कम वोट मिले और पार्टी अपना खाता तक नहीं खोल सकी थी। केजरीवाल के धुआंदार प्रचार के बावजूद हरियाणा में आम आदमी पार्टी को शिकस्त का मुहं देखने को मिला।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी का यही हश्र होने वाला हैं। दिल्ली में कुछ माह पूर्व हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 7 सीटें जीतकर हैट्रिक बनाई थी। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा 50 से अधिक सीट जीतकर इतिहास रचेगी और अपना मुख्यमंत्री बनाएगी।

# भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनें डॉ. विपिन पिव्हाल, लोगों ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) के आदि धर्म गुरू स्वामी चंद्रपाल अनार्य जी की अगुवाई और राष्ट्रीय मुख्य संचालक विरोत्तम शिव कुमार बिडला की अध्यक्षता व राष्ट्रीय महामंत्री राजकुमार साथी की देख-रेख में राष्ट्रीय प्रतिनिधि अधिवेशन का आयोजन किया गया।

जिसमें देशभर में मौजूद संस्था की सभी शाखाओं को भंग करके अगले दो वर्षों के लिए नई केंद्रीय कार्यकारिणी, केंद्रीय पदाधिकारी, प्रांतीय कन्वीनरों व प्रांतीय प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

आदि धर्म गुरू स्वामी चंद्रपाल अनार्य जी ने अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाएं पूरे विश्व को सही दिशा







प्रदान करती हैं। वे किसी एक जाति या समुदाय के भगवान नहीं हैं। बल्कि उन्होंने महारामायण की रचना करके पूरे विश्व को रिश्तों व कर्तव्यों का महत्व समझाया है।

विश्व का पहले काव्य की रचना करने के कारण उन्हें आदि कवि भी कहा जाता है। उनके हाथ में दिखाई दे रही कलम यह संदेश देती है कि दुनिया में ज्ञान से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि आज यहां जो भी नई केंद्रीय कमेटी का गठन किया जाएगा, वह संगठन को मजबूत करने व भावाधस की विचार-धारा को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेगी। विशेष मेहमान के तौर पर पहुंची विधायक राजिंदरपाल कौर छीना ने भावाधस के सभी पदाधिकारियों को प्रतिनिधि अधिवेशन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे संगठन को हर संभव सहयोग देने को हमेशा तैयार हैं। भाजपा के जिला प्रधान रजनीश धीमान ने कहा कि भाजपा सभी महापुरुषों का सम्मान करती है। भगवान वाल्मीकि जी को सम्मान देते हुए ही श्रीराम नगरी अयोध्या के एयरपोर्ट का नाम भगवान वाल्मीकि जी के नाम पर रखा गया है। क्योंकि भगवान वाल्मीकि जी किसी एक समुदाय के नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज के भगवान हैं। उन्होंने ही पूरी दुनिया को भगवान राम के दर्शन करवाए हैं। नए पदाधिकारियों की नियुक्तियां करते हुए सर्वोच्च निर्देशक स्वामी चंद्रपाल अनार्य ने खरड़ (पंजाब) निवासी विरोत्तम शिव कुमार बिडला को लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय मुख्य संचालक नियुक्त करने की घोषणा की। इसके साथ ही लुधियाना निवासी राजकुमार साथी को राष्ट्रीय महामंत्री, नरेश धींगान को राष्ट्रीय निर्देशक के तौर पर राजनीतिक विंग का राष्ट्रीय अध्यक्ष, वीरश्रेष्ठ मुकेश सिरसवाल को भावाधस यूथ विंग का राष्ट्रीय अध्यक्ष लगाया गया है। इसके अलावा मोहाली निवासी बाल चंद बोहत, कैथल (हरियाणा) निवासी राम लाल कल्याण व भिवानी (हरियाणा) निवासी प्रेम लुहेरा को राष्ट्रीय निर्देशक, बरेली (उत्तर प्रदेश) निवासी धीरज मधुकर व हिसार (हरियाणा) निवासी राजकुमार कांगड़ा को राष्ट्रीय संचालक, शामली (उत्तर प्रदेश) निवासी दिनेश गहलोत, हापुड़ (उत्तर प्रदेश) निवासी विमल दानव, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी सतीश ढिलोड़ व ज्वालापुर (उत्तराखंड) निवासी हंसराज कटारिया को राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, यमुना नगर (हरियाणा) निवासी सुनील आदिवंशी को राष्ट्रीय मुख्य प्रचार मंत्री, खैरथल (राजस्थान) निवासी बनवारी लाल चांवरिया, दिल्ली निवासी सुनील दत्त को राष्ट्रीय लेखा निरीक्षक, और डॉ. विपिन पिव्हाल को प्रांतीय कन्वीनर दिल्ली, इंजी. जीवन सिंह प्रांतीय प्रभारी दिल्ली, विनय कुमार प्रांतीय अध्यक्ष यूथ विंग दिल्ली सहित कई को जिम्मेवारी सौंपी गई है।

# बुराड़ीः टूटी सड़कें, बहता पानी, सीवर जाम, लोग परेशानः श्याम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र कें अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी श्याम सिंह ने कहा की पिछ्लें कई वर्षों से बुराड़ी के तमाम लोग विभिन्न प्रकार की बुनियादी सुविधाओं को लेकर त्रस्त है।

**इलाके में नहीं है सामुदायिक भवनः** श्याम सिंह ने कहा कि पिछ्लें दस सालों मे मुकुंदपुर वार्ड में एक भी सामुदायिक भवन का निर्माण नहीं करवाया गया है जिससे कि क्षेत्र की जनता को छोटे-मोटे शादी-ब्याह के कार्यक्रम करने के लिए कुछ हद तक राहत मिल सके व मंहगे बैंक्वट हॉल में लाखों रूपए न फूंकने पड़े।



**लाखों की आबादी, विकास कोसो दूर गायबः** श्याम सिंह ने बताया कि मुकुंदपुर में लगभग सवा लाख से ढेड लाख की आबादी है। बावजूद इसके क्षेत्र का विकास तो क्षेत्र से नदारद है।

उन्होनें कहा कि क्षेत्र में स्थित निगम के स्कूलों का भी बुरा हाल है क्योंकि स्कूल में न तो सफाई की व्यवस्था पूर्ण रूप से है, इसके साथ शिक्षकों की कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई का भी नुकसान हो रहा है क्योंकि जहां एक ओर तो एक कक्षा में 90 से 100 बच्चें बैंठते है।

तो वहीं इतने बच्चों पर केवल एक ही शिक्षक है जिसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

**सफाई व्यवस्था लचरः** श्याम सिंह ने बताया कि उनके इलाके से सफाई व्यवस्था पूरी तरह से लचर पड़ी हुई है। सफाई वाले कर्मचारी क्षेत्र निरंतर रूप से सफाई नही करते है जिसके चलते गली-गली में कूडों के ढेर लगे हुए है।

## राष्ट्रपति से गुहार, संत को पेरौल मिले और मामले की न्यायिक जांच हो

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारत के राष्ट्रपति सचिवालय को दिए एक गुहार में दिल्ली पुलिस पूर्व कर्मचारी एसोसिएशन के संयुक्त सचिव करमचंद ने सोमवार को कहा कि मामला कुछ भी हो। संवैधानिक अधिकार के तहत किसी भी आरोपी को जमानत मिलना चाहिए। और जब मामला 86-87 साल के एक ऐसे संत का हो जिनके लाखों नहीं करोड़ो अनुयायी देश और विदेश में फैला हो तो फिर ऐसे मामलों की न्यायिक जांच जरूर होनी चाहिए। देश के अन्य धर्मवलंबियों की तरह संत आशाराम बापू को भी जमानत, पैरोल मिलनी चाहिए।

# अखिल भारतीय मिथिला राज्य संघर्ष समिति और मिथिला वासी ने दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** अखिल भारतीय मिथिला राज्य संघर्ष समिति और मिथिला वासी के तरफ से जंतर मंतर दिल्ली पर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रोफेसर अमरेंद्र कुमार झा ने किया। जिसमें हजारों मैथिलों ने हिस्सा लिया। धरना की अध्यक्षता पंडित रविन्द्र मिश्र और संचालन कवि विमलजी मिश्र ने की। दूरभाष पर सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने कहा कि सनातनी मिथिला को राज्य की मांग करते हुए 100 बरस से ऊपर हो गया। इस भौगोलिक क्षेत्र में बंगाल से बिहार, उड़ीसा और झारखंड राज्य बन गया। मिथिला क्षेत्र लगातार बिहार से अलग होने की बात कर रहा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी ईंजीनीयर शिशिर



कुमार झा ने कहा कि मैथिलों के लिए बिहारी शब्द मिथिला के नैतिक पहचान, नैतिक मूल्य, सभ्यता-संस्कृति, भाषा एवं विकास में बाधक है। बिहार में मैथिलों की पहचान लुप्त होती जा रही है। सरकारी उपेक्षा के कारण दरभंगा में उच्च न्यायालय की बेंच वर्षो से अधर में लटका हुआ है। प्रो. अमरेंद्र कुमार झा ने धमकी दी है कि यथाशीघ्र मिथिला राज्य का गठन नहीं किया गया तो बिहार से दिल्ली तक जोरदार आंदोलन किया जायेगा। अपने अध्यक्षीय भाषण मे पं० रविन्द्र मिश्र ने कहा कि मैथिली भाषा संवैधानिक होने के बाद भी राज्य और केन्द्र में उपेक्षित है। मिथिला राज्य अभियानी आर एन झा, कौशल पाठक, पं कृष्णानंद झा,पं सदानंद ठाकुर, एडवोकेट प्रदीप झा, सबिता मिश्रा,भोला झा गुरूजी, पं यंत्रनाथ झा, विनोद राज झा ने कहा कि मिथिला सरकारी उपेक्षा के कारण गति एवं दिशाहीन हो गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर में तीव्र पतन हो रहा है। 75 वर्षों में बेरोजगारी और पलायन में बेहताशा वृद्धि हुई है। सभी मिल, उद्योग-धंधे बंद हो गए हैं। प्रमुख मांगों में पृथक मिथिला राज्य, मैथिली भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन, मिथिला के सर्वांगीण विकास के अलावा 35 सूत्री मांग है। जिसमें नेपाल में डैम बनाकर बाढ़ का स्थाई निदान, आईआईटी, आईआईएम, मैथिली में दूरदर्शन, पलायन और बेरोजगारी का रोकथाम, एवं आर्मी में मिथिला रेजिमेंट बनाना प्रमुख है।

प्रमुख वक्ताओं में डा. प्रवीण झा, धीरज झा, हीरालाल प्रधान, दुगार्नंद झा, पत्रकार संतोष झा ,मिहिर झा, साजन झा, ईंद्रमोहन झा, युवा नेता मिहिर कुमार झा, दिलीप कुमार सिंह थे।

# नकारा अरविंद केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली में कूड़े के ढेरों के अम्बार लगा दिए हैः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली न्याय यात्रा के 18वें दिन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व तुगलकाबाद विधानसभा में हरकेश नगर से शुरू हुई। प्रतिदिन की भांति झंडा फहराया गया। 11 वर्षों से अन्याय झेल रहे दिल्ली के 3 करोड़ लोगों को न्याय दिलाने के लिए निकाली जा रही दिल्ली न्याय यात्रा जननायक राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित होकर निकाली जा रही है क्योंकि देश के गरीब, वंचित, दलित, श्रमिक, महिला, युवा, बेरोजगार, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे 95 प्रतिशत जनसंख्या को न्याय, अधिकार दिलाने के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष कर रहे है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव आम आदमी पार्टी और भाजपा के भ्रष्टाचार, कुशासन से पीड़ित, परेशान, दुखी दिल्ली की जनता को न्याय दिलाने उनके अधिकार और हक दिलाने, सुव्यवस्थित जीवन जीने का अधिकार देने के लिए दिल्ली न्याय यात्रा निकाल रहे है।

दिल्ली न्याय यात्रा की शुरूआत तुगलकाबाद विधानसभा के हरकेश नगर, अग्रवाल स्वीट्स, पुलिस पोस्ट, गुर्जर चौक संजय कॉलोनी, सिंगला ढाबा संजय कॉलोनी, सिंह ढाबा ओखला फेस-2, डी ब्लाक ओखला-2 औद्योगिक क्षेत्र, पुलिस बूथ औखला-2, ए ब्लाक, सी लाल चौक, मॉ आनन्दमाई मार्ग, गिरी नगर, गुरुद्वारा गोविंदपुरी, बाबा





फतेह सिंह मार्ग, हंसराज सेठी मार्ग, गुरुद्वारा कालकाजी, गोल चक्कर सीजीएचएस डिस्पेंसरी, नेहरु एन्कलेव मेट्रो स्टेशन, एफ ब्लाक मालवीय नगर, सावित्री नगर फाटक चौक, एजीजे स्कूल शेख सराय, चिराग दिल्ली गेट न-1, हनुमान मंदिर रोड़, बाल्मीकि मंदिर से आगे बढ़कर ग्रेटर कैलाश विधानसभा में भगत सिंह कॉलेज शेख सराय फेस-2 पर यात्रा समापन हुआ।

दिल्ली न्याय यात्रा में देवेन्द्र यादव के साथ पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, पूर्व सांसद रमेश कुमार, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा. योगानन्द शास्त्री, प्रो. किरण वालिया, सचिव प्रभारी सुखविन्दर सिंह डैनी, जिला अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, विरेन्द्र कसाना, जितेन्द्र कुमार कोचर, खविन्द्र सिंह कैप्टन, राकेश इस्सर, नीतू वर्मा मौजूद थे। यात्रा तुगलकाबाद विधानसभा, कालका जी विधानसभा और ग्रेटर कैलाश विधानसभा में निकाली गई। यात्रा के दौरान देवेन्द्र यादव का भव्य स्वागत किया गया और उन्हें मॉ कालका की प्रतिमा भी भेंट की गई। श्री यादव ने आज गोविंदपुरी क्षेत्र में कत्तर कपडे.का काम करने वाली महिलाओं की समस्याओं और पीड़ा के बारे में चर्चा करके उनके दर्द को महसूस करने की कोशिश की। तुगलकाबाद, कालकाजी में गंदगी के ढ़ेरों पर चिंता जताते हुए कहा कि दिल्ली गंदगी व कूड़े के ढ़ेर पर बैठी है जहां लैंडफिलों के धुएं और निकलने वाली गैस के कारण प्रदूषण और बीमारियों को दिल्लीवासी झेल रहे है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि 19 दिन में 500 किलोमीटर दिल्ली की सड़कों पर चलकर लोगों की पीड़ा, परेशानी, समस्याओं, दुख दर्द से लगातार रुबरु होकर जिस तरह मुझे अनुभव है, उससे साबित होता है कि पिछले 11 वर्षों में भाजपा और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सहित दिल्ली वालों को बर्बाद कर दिया है। हम यात्रा के दौरान कर्तव्यनिष्ठा के साथ अधिक से अधिक लोगों से मिल रहे है ताकि हर वर्ग की पीड़ा और परेशानी का समाधान निकालने के लिए 2025 में सरकार में आने से पहले ब्लू प्रिंट तैयार कर सकें। अभूतपूर्व जनता के सहयोग से निश्चित ही कांग्रेस आम आदमी पार्टी के मुखिया के दोहरे चरित्र और बहरुपिया चेहरे को उजागर करके दिल्ली के बाहर करने का रास्ता दिखा देगी। देवेन्द्र यादव से दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान दिल्ली सरकार के आचार्य नरेन्द्र देव कॉलेज के प्रोफेसर और सीनियर स्टाफ ने मिलकर अपनी समस्याओं को बताया।

# पत्नी ने घर के जेवर बेच कर दी पति की सुपारी

## पुलिस ने युवक की हत्या में पत्नी सहित चार को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: थाना हाईवे** क्षेत्रान्तर्गत नगला माना में 22 नवम्बर की रात को युवक की गोली मारकर हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक की पत्नी और तीन अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक की पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिल कर हत्या की योजना बनाई। हत्या के लिए 17 हजार रुपये घर के जेवर बेच कर सुपारी दी और हत्या के बाद आठ लाख रुपये और देने का वायदा किया था। इस संबंध में पुलिस थाना हाईवे पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। अजय पुत्र मंगल सिंह निवासी मेघपुर थाना फरह हाल निवासी तारौली थाना छाता,



पवन कुमार पुत्र भगवान सिंह निवासी तरौली सुमाली थाना छाता, कुनाल पुत्र देशराज सिंह निवासी हाथिया थाना बरसाना हाल निवासी कृष्णा आर्चिड थाना हाईवे जनपद मथुरा को इंडस्ट्रियल एरिया थाना हाईवे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। जबावी पुलिस फायरिंग में अजय पुत्र मंगल सिंह निवासी मेघपुर थाना फरह जनपद मथुरा हाल निवासी तारौली थाना छाता जनपद मथुरा घायल हुआ व दो अन्य अभियुक्ति गिरफ्तार हुए तथा मृतक की पत्नी को नगला माना से गिरफ्तार किया गया है।

**खुलासा**

**17 हजार रुपये घर के जेवर बेच कर सुपारी दी और हत्या के बाद आठ लाख रुपये और देने का वायदा किया था**

**पुलिस ने ये किया खुलासा**

मृतक उमेश की पत्नी के अपने पति से सम्बन्ध खराब होने एवं पत्नी के विवाह के बाद भी अन्यत्र सम्बन्ध होने के कारण दोनों में मारपीट, झगड़ा होता रहता था जिससे क्षुब्ध होकर पत्नी ने अपने प्रेमी पवन से मिलकर अपने पति उमेश की हत्या की योजना बनाई। उमेश की हत्या की सुपारी दी गई तथा हत्या से पूर्व अपने घर से चांदी के जेवरात अजय को दिये। अजय ने चांदी के जेबरात को 17 हजार रुपये में बेच दिया तथा उमेश की मृत्यु के बाद पत्नी द्वारा जायदाद बेचकर सुपारी के आठ लाख रुपये अजय व उसके साथियों को देना बताया। सुपारी के पश्चात 18 नवम्बर को रेकी की और 22 नवम्बर की रात को हत्या की घटना को अंजाम दे दिया। इस बीच मृतक की पत्नी अपने भाई के फोन से पति की लगातार लोकेशन लेती रही।

# संभल की घटना पर कांग्रेसियों का मौन प्रदर्शन, घटना की न्यायिक जांच की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: जिला** कांग्रेस कमेटी मथुरा के द्वारा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर संभल में हुई पुलिस फायरिंग और हिंसा में चार लोगों की मौत के विरोध में सिविल लाइन स्थित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के समक्ष मौन रखकर प्रदर्शन किया।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की मोदी, योगी सरकार सांप्रदायिकता को बढ़ा रही है। अभियान चलाकर लोगों को टारगेट कर रही है। लगातार सांप्रदायिकता को बढ़ावा देकर भाई से भाई, जाति को जाति से लड़ाने का कार्य कर रही है। इसी की परिणति में प्रदेश के संभल जिले में हुई घटना इस बात का जीता जागता प्रमाण है। पुलिस की फायरिंग में मारे गए चार लोगों की घटना का हम विरोध करते हैं।

**विरोध**

**जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की मोदी, योगी सरकार सांप्रदायिकता को बढ़ा रही है**

वक्ताओं ने इस प्रकरण की जल्द से जल्द न्यायिक जांच कराने की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की तो हमेशा से सांप्रदायिकता की नीति रही है, सांप्रदायिक दंगे कराना और बवाल कर राजनीतिक रोटी सेकना ही इनका काम है। धरने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के समक्ष जिला पदाधिकारियों के द्वारा दो मिनट का मौन रख मृत लोगों की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की गई। धरने में जिला उपाध्यक्ष राजकुमार उपाध्याय एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष बृजेश शर्मा एडवोकेट, एनएसयूआई के अध्यक्ष हरीश पचौरी, मनोज शर्मा, अश्विनी शुक्ला, निलेश जादोंन, राजेंद्र वशिष्ठ, महेश चौबे, वीरेंद्र गौड़, कमल शर्मा, श्याम सुंदर प्रजापति, श्याम सुंदर गोस्वामी, अजय उपाध्याय, अखलाक चौधरी, रवि कुमार, कन्हैया तिवारी, अशोक चौधरी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नेस्ले इंडिया ने नेस्ले हेल्दी किड्स प्रोग्राम के 15 साल पूरे होने का जश्न मनाया

**गुरुग्राम।** नेस्ले इंडिया और उसके भागीदारों ने कंपनी की प्रमुख सामाजिक पहल नेस्ले हेल्दी किड्स प्रोग्राम के 15 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया है। यह पहल किशोरों के बीच सेहतमंद जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिये लाई गई है। इसे 2009 में एक पायलट प्रोग्राम के तौर पर लॉन्च किया गया था और इसने अच्छी–खासी तरक्की करते हुए 26 राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों में 600,000 से अधिक किशोरों एवं 56,000 माता–पिता तक पहुँच बनाई है। यह प्रोग्राम किशोरों को स्वास्थ्यकर खान–पान तथा सक्रिय जीवन के बारे में समझदारी से निर्णय लेने के लिये



आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान करता है। यह शारीरिक गतिविधि को सेहतमंद जीवनशैली का अनिवार्य अंग बताता है, प्लास्टिक के कचरे का जिम्मेदारी से प्रबंधन करने को बढ़ावा देता है और माता–पिता को प्रोत्साहित करता है कि वे सेहतमंद आदतों को अपनाने में अपने बच्चों की मदद करें।नेस्ले इंडिया में कॉर्पोरेट अफेयर्स और सस्टेनेबिलिटी के डायरेक्टर श्री संजय खजूरिया ने कहा, नेस्ले हेल्दी किड्स प्रोग्राम के 15 सफल वर्षों का जश्न मनाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। शिक्षा ऐसा साधन है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव कर सकता है। इस प्रोग्राम के माध्यम से हम देशभर के युवाओं से जुड़ने में सफल रहे हैं। हमने उन्हें न्यूट्रीशन, हाईजीन और सक्रिय जीवनशैली के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी है। नेस्ले इंडिया ने इस प्रोग्राम के लिये शैक्षणिक संस्थानों के साथ भागीदारी की है, जिसमें सीएसके हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, गोवा कॉलेज ऑफ होम साइंस, गोविंद बल्लभ पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एण्ड टेक्नोलॉजी, गुजरात यूनिवर्सिटी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी आंत्रप्रेन्योरशिप एण्ड मैनेजमेंट, पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेस और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन शामिल हैं। नेस्ले हेल्दी किड्स प्रोग्राम ने शिक्षा के साथ किशोरों के जुड़ाव को उल्लेखनीय तरीके से प्रभावित किया है। स्कूल में उनकी उपस्थिति में बढ़ोतरी देखने को मिली है और इंटरनेशन ग्रुप के 92% विद्यार्थी इस मध्यस्थता के बाद से हफ्ते में कम से कम पाँच दिन स्कूल जा रहे हैं। मध्यस्थता के पहले तक ऐसे विद्यार्थी लगभग 54% ही थे। इस प्रोग्राम का किशोरों पर पोषण के लिये जागरूकता के मामले में भी सकारात्मक असर हुआ है। उदाहरण के लिये, इंटरवेंशन ग्रुप में विटामिन ए पर जागरूकता काफी बढ़ी है। यह जागरूकता प्रोग्राम की शुरूआत के समय 33% थी और आखिरकार करीब 73% हो गई।

### इंडियन स्ट्रोक एसोसिएशन ने 'मिशन ब्रेन अटैक' का फरीदाबाद चैप्टर लॉन्च किया

**फरीदाबाद।** इंडियन स्ट्रोक एसोसिएशन (आईएसए) ने मिशन ब्रेन अटैक लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य स्ट्रोक की रोकथाम, तत्काल उपचार और पुनर्वास के मामलों में स्वास्थ्य पेशेवरों की जागरूकता, शिक्षा और प्रशिक्षण को पहले से बेहतर बनाना है। अभियान ईच वन टीच वन पूरे भारत में स्ट्रोक के मामलों में खतरनाक वृद्धि की तरफ इशारा करता है और साथ ही, देश भर में स्ट्रोक की




देखभाल में सुधार के लिए विशेष प्रशिक्षण और संसाधनों की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है। स्ट्रोक देशभर में लोगों की मौत और विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है, जो सालाना लगभग 1.8 मिलियन लोगों को प्रभावित करता है। इसके बावजूद, स्ट्रोक के लक्षणों और समय पर इसका उपचार करने के बारे में जागरूकता का स्तर अभी बहुत कम है। मिशन ब्रेन अटैक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को स्ट्रोक के लक्षणों को जल्दी पहचानने और रोगी के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी देखभाल प्रोटोकॉल लागू करने पर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण देकर इस फासले को दूर करने का प्रयास करता है। स्ट्रोक के उपचार के लिए सबसे अच्छा समय 4 घंटे और 30 मिनट है। इस अवधि के दौरान समय पर चिकित्सा उपचार स्ट्रोक के प्रभाव को उलट सकता है। ह्यमिशन ब्रेन अटैकह्व पहल का उद्देश्य चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों को स्ट्रोक के लक्षणों को जल्दी पहचानने, प्रभावी उपचार प्रोटोकॉल लागू करने और स्ट्रोक का अनुभव करने वाले रोगियों के लिए व्यापक देखभाल प्रदान करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

# चौरासी खम्भा मंदिर में भिडे पंडा, चले लाठी डंडा

**मथुरा:** महावन कस्बा में चौरासी खम्भा मंदिर में यात्रियों को लेकर पंडा समाज के लोगों में जमकर लाठी डंडा चले। झगडा यहां आने वाले श्रद्धालुओं से आने वाले चढ़ावे को लेकर हुआ। लगभग ग्यारह बजे चौरासी खम्भा मंदिर पर जगदीश मोहन यात्रियों को दर्शन कराने लाएं थे वहीं अंकित भी अपने यात्रियों को दर्शन कराने पहुंचे दोनों के बीच विवाद हो गया। वहां पंडा समाज के लोगों ने एक दूसरे को अलग कर दिया। मंदिर से बाहर निकल कर दोनों के बीच गाली गलौज होने लगी। इसके बाद एक बार फिर दोनों पक्षों के बीच झगडा हुआ।

# बाल शिक्षा प्रबंधक समिति के बाल मेला का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: बाल** शिक्षा प्रबंधक समिति के बाल मेले का समापन चित्रकूट मसानी पर धूमधाम से हो गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा रहे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के पास नशे के सामान की बिक्री को रोकने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। इसमें हमें सभी विद्यालयों के सहयोग की आवश्यकता है। मथुरा में बाल शिक्षा को सुचारू रूप से संचालन विद्यालय कर रहे हैं। इन विद्यालयों पर जिसके कारण विद्यालय परेशान हो रहे हैं। इस समस्या का निदान के लिए नगर



आयुक्त से मिलकर इसका निस्तारण किया जाएगा। अतिथि के रूप में आए नगर शिक्षा अधिकारी बुद्ध सैया ने कहा बाल शिक्षा प्रबंधन समिति कार्य आयोजन नई ऊर्जा को प्रदान करता है कुछ नया करने का उत्साह उत्पन्न होता है इसलिए अगली क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे डॉक्टर अशोक अग्रवाल ने कहा काफी समय से मैं इस आयोजन में आता रहा हूं। सब विद्यालय वाले अपना सदस्य माने मैं सदैव विद्यालयों के कार्यो के लिए तत्पर रहूंगा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं अध्यक्ष विनीत मौर्य ने अपने उद्बबोदन मे कहा बाल मेले आयोजन करने का हमारा तात्पर्य है कि सभी विद्यालय एक छत के नीचे रहकर आपस में समन्वय स्थापित करें जिससे कि आपस में अच्छे सम्बन्ध स्थापित हो आगे कहा की यू डाइस छात्रों के आधार का होना महत्वपूर्ण है इसलिए विद्यालय अपने बच्चों के आधार बनवाएं इस बाल मेले के समापन में करीब 60 विद्यालयों ने अपनी सहभागिता दिखाइ इस बार मेले में रंगोली प्रतियोगिता, विज्ञान प्रोजेक्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा पुरस्कार वितरण भी किया गया इस आयोजन में उपस्थित अध्यक्ष विनीत मौर्य, अर्पित जादौन, सचिव सुरेश नागर,कोषाध्यक्ष चेतन सिसोदिया,चेतन प्रजापति अमित पांडे,इंजीनियर अलतुमन निजाम, राजेंद्र सैनी अनुपम जोशी, सुनील अग्रवाल,ललित अग्रवाल प्रमोद सारस्वत,उत्तम चौधरी, मुकेश सिंह, अशोक कुमार सैनी,धर्मवीर सिंह मोहन श्याम, चौरसिया, अमित राघव रितु यादव, दिलीप सैनी दीपक भारद्वाज आदि उपस्थित रहे !

# रेफर किये जाने के दो घंटे तक नहीं मिली एम्बुलेंस, तोडा दम

## रेफर करने के दो घंटे बाद तक नहीं आई एंबुलेंस

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: नौहझील** स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ग्रामीणों द्वारा एक बुजुर्ग साधु को बीमारी के चलते उपचार के लिए भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद साधु को मथुरा रेफर कर दिया। रेफर करने के बाद भी दो घंटे तक एंबुलेंस नहीं मिली। इसी बीच साधु ने दम तोड दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय से एम्बुलेंस की सुविधा मिल जाती तो साधु की जान बच सकती थी। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर सूचना परिजनों को दी, परिजन शव को घर ले गये। 75 वर्षीय बुजुर्ग रामदास पुत्र हरीश निवासी पचहरा हाल पता बाजना साधु हैं। वह पिछले चार पांच दिन से नौहझील में घूम रहे थे और रविवार शाम कस्बा के एक शिव मंदिर पर पहुंचे और मंदिर के चबूतरे पर लेट गये। अचानक उनके सांस की समस्या हुई, ग्रामीण साधु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद साधु को मथुरा जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने सूचना 108 नंबर एंबुलेंस को दी,जो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरीर पर तैनात थी। रेफर करने के दो घंटे बाद तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। सीएचसी प्रभारी डॉ. हेमराज सिंह ने बताया कि एंबुलेंस चालक की लापरवाही की शिकायत मिली है। घटना की जांच कराई जाएगी। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि साधु की मौत की सूचना मिली।

# शशिबाला की धुआंधार बल्लेबाजी भी टीम स्काई को नहीं दिला सकी जीत

**लखनऊ : महिला** क्रिकेट लीग मैच में इंक्रेडिबल आईकान ने स्काई को दो विकेट से मात दे दी। इस मैच में स्काई की शशिबाला ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 122 गेंद पर 141 रन बनाई लेकिन हार से अपनी टीम को बचा न सकीं। स्काई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में चार विकेट गवांकर 212 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज तथीर फातिमा ने 12 रन का योगदान दिया। वहीं अप्रिता सिंह शून्य पर ही पवेलियन लौट गयीं। शशि बाला ने 13 चौका और दो छक्का की मदद से 122 बाल पर 141 रन का योगदान दिया।

# प्रगति पर है नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: जिला** निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत तहसील सदर के आचार्य चरण महाप्रभु श्रीमद वल्लभ उच्च माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद तथा न्याय पंचायत स्तरीय प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने बी.एल.ओ से फॉर्म 6, 7 एवं 8 के प्रयोग, उनमें दावे एवं आपत्तियों के लिए दिए जानी वाली समय अवधि आदि की जानकारी ली। उन्होंने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि आज और कल बूथों पर उपस्थित रहकर कार्यो का संपादन करे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अहर्ता दिनांक एक जनवरी 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 28 नवंबर 2024 तक दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी तथा विशेष तिथियों में आज दिनांक 23 व कल दिनांक 24 को सभी बीएलओ अपने अपने बूथों पर उपस्थित रहकर दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित कर रहे है। जिलाधिकार ने जनपद वासियों से अनुरोध किया है कि आप सभी लोग अपने अपने क्षेत्रों में लोगों को मतदाता सूची में नाम बढ़वाने, कटवाने तथा संशोधन करवाने के कार्य हेतु कल बूथों पर मौजूद होकर लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करे।

उन्होंने बताया कि दिनांक 29 नवंबर से 24 दिसंबर 2024 तक निर्वाचन कार्यालय द्वारा आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। दिनांक 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# करोड़ों लोगों के संगम स्नान के लिए बना सुरक्षा चक्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज : महाकुम्भ** को सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में 45 करोड़ लोगों के संगम स्नान का पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके लिए जल पुलिस के लिहाज से त्रिस्तरीय सुरक्षा चक्र बनाया गया है, जिसमें बाकायदा एक-एक श्रद्धालु पर फोकस किया जाएगा।

वीआईपी मूवमेंट वाले किला घाट पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। यहां पर स्पेशल फोर्स की तैनाती की जा रही है, जिससे देश-विदेश से आने वाले एक भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की




दिक्कत न होने पाए। यही नहीं, सरस्वती घाट से लेकर संगम घाट तक कड़ी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे है। यहां डीप बैरिकेडिंग की जा रही है। इसके अलावा घाट पर चौतरफा जाल लगाने का काम अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है।

**श्रद्धालुओं की हिफाजत को तैनात रहेगी स्पेशल फोर्स:** किला थाना की जल पुलिस के प्रभारी जनार्दन प्रसाद साहनी ने बताया कि महाकुम्भ से पहले ही एक-एक बोट की जांच की जा रही है। इसके लिए टेस्टर बोट की व्यवस्था की गई है। सबसे पहले टेस्टर बोट किसी भी बोट की जांच करेगी। पूरी तरह से संतुष्टि मिलने के बाद ही पानी में कोई बोट उतारी जाएगी। संगम नोज से किलाघाट तक सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया जा रहा है। इसके लिए पीएसी, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के जवान मिलकर श्रद्धालुओं की हिफाजत में तैनात रहेंगे।

**लाल पट्टी करेगी श्रद्धालुओं को सतर्क:** जनार्दन प्रसाद साहनी ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं के बाहर निकलने में किसी भी प्रकार की दिक्कत न आने पाए, इसके लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। नाव पर एक विशेष प्रकार की लाल पट्टी लगाई जाएगी, जो पर्यटकों को सतर्क करेगी।

**पुलिस का झंडा लगी नाव 24 घंटे करेगी श्रद्धालुओं की निगहबानी:** महाकुम्भ के दौरान देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोई भी परेशानी न होने पाए, इसके विशेष इंतजाम किए गए हैं। संगम में स्नान करने वाले लोगों की निगहबानी के लिए पुलिस का झंडा लगी नाव 24 घंटे तैनात रहेगी। किसी भी खतरे का अंदाजा होते ही पलक झपकते सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचेंगे।

# पंच परिवर्तन के बड़े लक्ष्य को लेकर समाज के बीच जाएंगे स्वयंसेवक

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ, पश्चिमी उप्र क्षेत्र का पिछले 15 दिनों से फरह स्थित दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, गौ ग्राम परखम में संघ शिक्षा वर्ग विशेष का आयोजन चल रहा था। शनिवार को पश्चिमी उप्र के इस विशेष वर्ग का समापन हो गया। समापन अवसर पर प्रातरू संघ स्थान पर पूर्ण गणेवश प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न योगाभ्यास, दंड, नियुद्ध एवं शारीरिक प्रदर्शन किए। सांय दीक्षांत समारोह में स्वयंसेवक प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह ने कहा कि संघ के



स्वयंसेवक समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए पिछले 99 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहे हैं। अगला वर्ष संघ का शताब्दी वर्ष है और इस शताब्दी वर्ष में संघ के स्वयंसेवक एक बड़े समाज परिवर्तन के लक्ष्य को साथ लेकर समाज के बीच में जाएंगे। समाज में अनुशासन व देशभक्ति के भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से संघ ने समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया है ताकि अनुशासन एवं देशभक्ति से ओतप्रोत युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करे। इस पंच परिवर्तन में स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता एवं कुटुम्ब प्रबोधन हैं। पदम सिंह ने कहा कि स्व के बोध से नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होंगे। नागरिक कर्तव्य बोध अर्थात कानून की पालना से राष्ट्र समृद्ध व उन्नत होगा। सामाजिक समरसता व सद्भाव से ऊंच-नीच जाति भेद समाप्त होंगे। पर्यावरण से सृष्टि का संरक्षण होगा तथा कुटुम्ब प्रबोधन से परिवार बचेंगे और बच्चों में संस्कार बढ़ेंगे। समाज में बढ़ते एकल परिवार के चलन को रोक कर भारत की प्राचीन परिवार परंपरा को बढ़ावा देने की आज महती आवश्यकता है। पंच परिवर्तन उभरते भारत की चुनौतियों का समाधान करने में समर्थ है। पंच परिवर्तन समाज में व्यवहार के रूप में स्थापित हों, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। पंद्रह दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में ब्रज, मेरठ व उत्तराखंड के 198 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षणार्थियों में 41 से 65 आयुवर्ग के अधिवक्ता, चिकित्सक, श्रमिक, कर्मचारी, व्यापारी व अन्य ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। दीक्षांत समारोह में संघ के गौसेवा गतिविधि के अखिल भारतीय संयोजक अजीत महापात्रा, क्षेत्र प्रचारक महेंद्र, प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# परिक्रमा मार्ग में चलाया सफाई अभियान, स्वच्छता अभियान का आठवां रविवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** बाबा कढ़ेरा सिंह विद्या मंदिर नगला अक्खा के तत्वावधान में पिछले माह हर रविवार को चल रहा स्वच्छता अभियान आठवें रविवार को भी जारी रहा। अभियान की शुरूआत विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह, प्रबंधक प्रहलाद सिंह, डॉ अशोक, वीरपाल प्रधान व बिजेंद्र पहलवान ने की।

43 लोगों के साथ 23 झाडू लेकर खंभा नंबर 225 से खंभा नंबर 262 तक परिक्रमा मार्ग में सफाई की गई। विद्यालय परिवार ने संकल्प दोहराया कि विशेष स्वच्छता अभियान निरंतर चलता



रहेगा। सफाई अभियान छह अक्टूबर से प्रारंभ किया गया था। सफाई अभियान के दौरान परिक्रमार्थियों में भी काफी उत्साह दिखाई दिया और सफाई अभियान की प्रशंसा की गई। विद्यालय प्रबंधक प्रहलाद सिंह ने बताया कि गिर्राज की तलहटी गोवर्धन में स्वच्छता की बहुत समस्याएं रहती है।

परिक्रमार्थियों की भीड़ होने से परिक्रमा मार्ग में गन्दगी हो जाती है। जिसे लोग स्वच्छता का संकल्प लेकर दूर कर सकते हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 26 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## देहरादून में बेरोजगारों का प्रदर्शन, पुलिस से हुई तनातनी

**देहरादून:** उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने आज देहरादून में पुलिस कांस्टेबल भर्ती में आयु सीमा बढ़ाने और महिलाओं के लिए अधिक पद आरक्षित करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों बेरोजगार युवा परेड ग्राउंड में एकत्र हुए और सचिवालय की ओर मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कई बार तनातनी हुई। पुलिस ने सचिवालय के पास बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। बेरोजगार संघ के उपाध्यक्ष राम सिंह कंडवाल ने कहा कि सरकार हमें बार-बार आश्वासन दे रही है लेकिन हमारी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। हम तब तक प्रदर्शन जारी रखेंगे जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जातीं।

## रहमान सम्भल में नहीं थे, एफआईआर में है नाम: अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊ: समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सम्भल में हुई पथराव की घटना के वक्त हमारे समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान सम्भल में मौजूद नहीं थे। उसके बावजूद सांसद का नाम एफआईआर में दर्ज कर दिया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि 23 नवम्बर को पुलिस और प्रशासन के लोग सर्वे के लिए जामा मस्जिद पहुंचे, उन्होंने कहा अगली सुबह 24 नवम्बर को दूसरा सर्वे किया जाएगा। इसका विरोध करते हुए लोगों ने पथराव किया और जवाबी फायरिंग में पुलिस प्रशासन ने फायर झोंक दिया। गोलियां चलायीं गयी, पांच लोगों की मौत हो गई। सम्भल का माहौल खराब करने के लिए पुलिस और प्रशासन के लोगों के साथ याचिका दायर करने वाले लोग भी जिम्मेदार हैं। अखिलेश ने कहा कि घटना में लिप्त पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उन्हें निलम्बित किया जाये। उनके विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया जाये।

## युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए तेज होगा अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार भले ही पिछले दस सालों से स्किल इंडिया नाम से देश में एक बड़ा अभियान छेड़े हुए है, जिसमें युवाओं को बड़े पैमाने पर हुनरमंद बनाने के दावे भी है, लेकिन हकीकत यह है कि देश में जिस क्षेत्रों में युवाओं की मांग है, उस क्षेत्र में उन्हें स्किल ही नहीं किया जा रहा है।

# मणिपुर हिंसा: सिर में मारी गोली, आंख निकाली

### पसलियां तोड़ीं, 3 साल के बच्चे से उग्रवादियों ने की हैवानियत, बच्चे की मां को मारी गईं चार गोलियां

दरिंदगी

▸▸ कुकी उग्रवादियों ने तीन साल के बच्चे की आंख भी निकाल ली। दरिंदों ने पसलियां तोड़ दीं



**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफाल:** मणिपुर के जिरिबाम जिले में बच्चे के सिर में गोली मारी गई थी। कुकी उग्रवादियों ने तीन साल के बच्चे की आंख भी निकाल ली। दरिंदों ने पसलियां तोड़ दीं। पिछले हफ्ते मिले छह शवों में तीन की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बर्बरता के साक्ष्य मिले हैं। शवों के विभिन्न हिस्सों पर गोली लगने के कई निशान हैं। 11 नवंबर को उग्रवादी हमले के बाद से मैतेयी समुदाय की तीन महिलाओं और तीन बच्चों का पता नहीं चल पा रहा था। पिछले सप्ताह उनके शव जिरीबाम जिले में जिरी नदी और असम के कछार में पास की बराक नदी में पाए गए थे। शव मिलने के बाद हिंसा भड़क उठी थी।

**बच्चे की दाहिनी आंख गायब**

अधिकारियों ने बताया कि तीन साल के बच्चे चिंगखेनगांबा सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उसकी दाहिनी आंख गायब थी। उसके सिर में गोली के जख्म मिले। छाती में फ्रैक्चर और बांह और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी घाव के निशान मिले। पोस्टमार्टम असम के कछार जिले के सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएमसीएच) में किया गया।

**मां को मारी चार गोलियां**

रिपोर्ट में बताया गया है कि जब बच्चे का शव मिला वह सड़ने की स्थिति में था। गुवाहाटी स्थित फोरेंसिक विज्ञान निदेशालय से विसरा रिपोर्ट मिलने तक मौत के कारण का पता नहीं चल पाएगा। रिपोर्ट के अनुसार बच्चे की मां एल. हेतोनबी देवी को चार गोलियां मारी गईं।

**अभी नहीं आई दो शवों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट**

रिपोर्ट के अनुसार मौत के लगभग सात दिन बाद 18 नवंबर को शव एसएमसीएच लाया गया था। बच्चे की नानी रानी देवी को भी सिर में गोली मारी गई। उन्हें कुल पांच गोलियां लगीं। उनकी मृत्यु के कम से कम तीन से पांच दिन बाद 17 नवंबर को शव एसएमसीएच लाया गया। एक अन्य महिला और दो बच्चों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

### मणिपुर में अशांति के चलते ड्रग तस्करों ने तलाशा नया रास्ता

**मणिपुर** में डेढ़ साल से ज्यादा समय से जारी अशांति के चलते ड्रग तस्करों ने तस्करी का नया रास्ता तलाश लिया है। बंगाल पुलिस को अब राज्य में ड्रग्स की तस्करी के इस नए रूट और इसमें सक्रिय गिरोह का पता चला है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पहले मणिपुर के रास्ते नशीली दवाओं की सबसे ज्यादा आवाजाही होती थी, जो ड्रग्स कारोबार का प्रमुख अड्डा था। मगर वहां अशांति के मद्देनजर अब वहां बड़े पैमाने पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस की मौजूदगी है। तस्कर अपना काम नहीं कर पा रहे हैं, इस वजह से उन्होंने विकल्प के तौर पर नए रास्ते की तलाश की है।

## समय के प्रवाह के साथ युवाओं को तैयार होना होगा: योगी



आह्वान

▸▸ सीएम योगी ने युवाओं से किया आह्वान, भागने से किसी भी समस्या का समाधान नहीं होने वाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं से आह्वान किया कि वे समय के प्रवाह के साथ तैयार हों। भागने से समस्या का समाधान नहीं होने वाला है...हमें भी उसके अनुरूप अपनी तैयारी करनी होगी...। आज टेक्नालाजी कहां से कहां पहुंच गई है। बहुत आगे बढ़ चुकी है। मुख्यमंत्री सोमवार को उदय प्रताप कालेज के 115वें संस्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। समारोह में उन्होंने कहा कि भागने से किसी भी समस्या का समाधान नहीं होने वाला है। उसको समझिए तब जाकर स्थितियों का पता चलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा शक्ति की उपेक्षा करके कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता। हमें उनकी भावनाओं को सम्मान देना होगा, आगे बढ़ने के लिए उचित अवसर देने होंगे। उन्होंने कहा की युवा शक्ति की उपेक्षा करके कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता इतिहास गवाह है कि जिसने युवा की उपेक्षा की है वह आगे नहीं बढ़ा है। भगवान राम और कृष्णा भी युवा ही थे, बुद्ध ने जब ज्ञान प्राप्त किया था तो वह भी युवा ही थे। महाराणा प्रताप ने जब अकबर के खिलाफ युद्ध लड़ा था तब वह महज 27 साल के थे,यह लोग देश के लिए, धर्म के लिए लड़ रहे थे।

## संभल दंगा को लेकर जावेद ने किया फेसबुक पोस्ट



गिरफ्तार

▸▸ भीड़ में शामिल उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर पथराव करते हुए फायरिंग करना शुरू कर दिया था

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** संभल जिले में हुए बवाल को लेकर अटाला बवाल के मास्टरमाइंड मोहम्मद जावेद उर्फ जावेद पंप ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट किया। इस पर पुलिस ने उसे शांति भंग में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने कसान सिद्दीकी को भी आपत्तिजनक पोस्ट करने पर पकड़ा मगर उसे कोर्ट से जमानत मिल गई। जावेद पंप ने फेसबुक पर लिखा, 'संभल में पुलिस के जुल्म और तशद्दुद की सख्त मजम्मत करते हैं। अब पुलिस बेगुनाह मुसलमानों को गिरफ्तार कर के उनको दंगाई करार देगी जो अब जैसे आम बात हो गई है। पुलिस की ज्यादतियों पर कोई जवाबदेही नहीं होगी, लेकिन हम यूपी हुकूमत को जिम्मेदार ठहराते हैं। योगी राज सुन ले- न हमें बुलडोजर डराएगा, न गिरफ्तारियां, न पुलिस की गोली। हम खामोश नहीं रहेंगे।

**एएसआई की टीम के विरोध के बाद हुआ बवाल**

गौरतलब है कि संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद का सर्वे करने के लिए एएसआई की टीम रविवार सुबह पहुंची थी। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की जा रही थी। इसकी जानकारी के बाद जामा मस्जिद के आसपास काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए थे। इस पर अधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने भीड़ में शामिल लोगों को पीछे जाने के लिए कहा था, लेकिन भीड़ में शामिल उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर पथराव करते हुए फायरिंग करना शुरू कर दिया था। बताया गया कि पूरे उपद्रव को साजिश के तहत अंजाम दिया गया है।

इस बवाल में चार युवकों की मौत भी हुई, जिसका आरोप पुलिस पर लगा। हालांकि, पुलिस ने पुलिस फायरिंग में युवकों की मौत के दावे को नकारते हुए स्पष्ट किया कि उनकी मौत तमंचे से चली गोली लगने के कारण हुई।



उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने सोमवार को नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में नवनिर्मित उत्तराखंड राज्य अतिथि गृह उत्तराखंड निवासका भ्रमण कर अधिकारियों से जानकारी ली।

## उत्तराखंड के नए पुलिस महानिदेशक ने संभाला कार्यभार



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड सरकार ने केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे वरिष्ठ आईपीएस दीपम सेठ को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) किया है। इस संबंध में राज्य के गृह विभाग के आदेश के बाद दीपम सेठ ने पुलिस मुख्यालय पहुंच कर औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) में जन्मे दीपम सेठ ने नैनीताल के प्रतिष्ठित शेरवुड कॉलेज से सीनियर सेकेंडरी की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बिट्स पिलानी से इंजीनियरिंग में स्नातक किया। वर्ष 1995 में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में शामिल होने के बाद उन्होंने ओस्मानिया विश्वविद्यालय से पुलिस प्रबंधन में मास्टर्स और वर्ष 2022 में आईआईटी रुड़की से "मेगा इवेंट्स की पुलिसिंग में टीम दक्षता पर रणनीतिक योजना और संचार का प्रभाव" विषय पर पीएचडी की।

## संसदीय समिति करेगी लेटरल एंट्री मुद्दे की पड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सरकारी विभागों में प्रमुख पदों को भरने के लिए 'लेटरल एंट्री' के मुद्दे की संसदीय समिति पड़ताल करेगी। इन पदों के लिए आरक्षण का प्रविधान नहीं किए जाने को लेकर इस साल की शुरूआत में राजनीतिक विवाद हो गया था। लोकसभा सचिवालय द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार, कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय विभाग से संबंधित संसद की स्थायी समिति द्वारा 2024-25 में पड़ताल के लिए चुने गए मुद्दों में सिविल सेवाओं में 'लेटरल एंट्री' भी शामिल है।

**यूपीएससी ने दिया था विज्ञापन**

इस वर्ष अगस्त में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 45 पदों के लिए विज्ञापन दिया था, जिन्हें अनुबंध के आधार पर 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से भरा जाना था। इनमें से 10 संयुक्त सचिव और 35 निदेशक एवं उप सचिव के पद थे। इस विज्ञापन को लेकर विपक्षी दलों के साथ-साथ सरकार में शामिल लोजपा और जदयू जैसी सहयोगी पार्टियों ने भी विरोध जताया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, बसपा प्रमुख मायावती और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित कई नेताओं ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण का प्रविधान नहीं करने पर सरकार की नीति की आलोचना की थी।



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर संभल में हुई घटना के विरोध में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मौन धरना देते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय व कांग्रेस कार्यकर्ता।




योजना — विभाग की राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत बुजुर्गों को हर माह पेंशन दी जाती है

## पांच करोड़ ने उठाया समाज कल्याण की योजनाओं का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** योगी सरकार प्रदेश के गरीब, वंचितों, महिलाओं और बुजुर्ग समेत हर वर्ग की मदद के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं का लाभ प्रदेशभर में बिना भेदभाव के सभी को दिया जा रहा है। बीते छह वर्ष के डेटा पर नजर डालें तो समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं का करीब पांच करोड़ जरूरतमंदों ने लाभ उठाया है। इसके लिए योगी सरकार ने पिछले छह वर्ष में 40 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च की है। राज्य समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी योजनाओं को लाभ देने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के जरिये विभाग की 11 विभिन्न योजनाओं को लाभ दिया जा रहा है।



इसी के तहत पिछले छह वर्षों 2018-19 से 23-24 के बीच 4,86,38,827 जरूरतमंद लाभार्थियों को लाभ दिया गया। इसके लिए योगी सरकार की ओर से 40,667 करोड़ रुपये खर्च किये गये। विभाग की राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत बुजुर्गों को हर माह पेंशन दी जाती है। योजना के तहत पिछले छह वर्षों में 3,62,57,918 लाभार्थियों को 25,09,730 लाख रुपये की धनराशि वितरित की गयी। इसी तरह राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के मुखिया को एक मुश्त 30,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके तहत 6,77,755 परिवार को 2,03,326 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी।